सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:42

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.8 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 6.0 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77378.91 |
| निफ्टी | 23429.50 |
| सोना 79,470 | चांदी 93,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




मुकेश ने की जलशक्ति गौरव पुरस्कार आरंभ करने की घोषणा

पृष्ठ 10 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 11 जनवरी 2025 | 28 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 24, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की तबीयत बिगड़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन की तबीयत बिगड़ने के बाद दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया है। वह जिस वार्ड में एडमिट है, वहां दिल्ली पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फिलहाल, उसकी क्रिमिनल हिस्ट्री को देखते हुए पुलिस ने एम्स के उस वार्ड की सुरक्षा बढ़ा दी है, जिसमें उसे भर्ती कराया गया है।

### स्कूलों को बम की धमकी देने वाला छात्र काबू



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को बम की धमकी देने के आरोप में 12वीं कक्षा के एक छात्र को हिरासत में लिया है। सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए छात्र ने पिछले कुछ सप्ताह में राष्ट्रीय राजधानी के 23 से अधिक स्कूलों को बम की धमकी दी थी, क्योंकि वह अपनी परीक्षा नहीं देना चाहता था। वीरवार को करीब 10 शैक्षणिक संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

### एक फरवरी को पेश होगा आम बजट

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 का आम बजट पेश होने में अब कुछ ही समय बचा है और यह बजट देश की आर्थिक दिशा तय करने के लिहाज से अहम होगा। इस बार बजट एक फरवरी, 2025 को शनिवार को प्रस्तुत किया जाएगा। हर साल की तरह, इस बार भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आम बजट पेश करने की तैयारी कर रही हैं। पिछले कई वर्षों से यह एक फरवरी को ही पेश किया जाता रहा है, और इस बार भी यही संभावना जताई जा रही है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।

### ट्रंप को फिर लगा 'सुप्रीम' झटका



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हश मनी मामले में राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप की ओर दाखिल की गई सजा में देरी करने की अपील को खारिज कर दिया। इस आदेश के बाद न्यायाधीश जुआन एम मर्चन के लिए शुक्रवार को ट्रंप को सजा सुनाने का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि जज मर्चेन ने अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप को मई में 34 मामलों में दोषी ठहराया था।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- स्टंट मारने के शौकीन न उड़ाएं यातायात नियमों की धज्जियां -पेज 3
- भाजपा ने कार्यालय खोले, कांग्रेस ने ताले जड़े -पेज 4
- एक किलो 402 ग्राम चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार -पेज 9
- एमसी की सोलर पैनल से बिजली तैयार करने की योजना अधर में -पेज 12
- प्रतिका-तेजल की जोड़ी ने दिलाई जीत -पेज 14


# प्रयागराज महाकुंभ पर राम मंदिर निर्माण से साढ़े तीन गुना ज्यादा खर्च

**प्रयागराज** महाकुंभ-2025 के आयोजन पर अयोध्या राम मंदिर के निर्माण से करीब साढ़े तीन गुणा अधिक खर्च हो रहा है। दरअसल, पांच शताब्दी के बाद अयोध्या राम मंदिर का निर्माण जन्मभूमि स्थल पर हो रहा है। इस मंदिर के निर्माण पर करीब 1800 करोड़ रुपए खर्च होने हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महाकुंभ का अनुमानित बजट करीब 6382 करोड़ रुपए का है। वर्ष 2013 में कुंभ मेले के आयोजन पर 1300 करोड़ रुपए और वर्ष 2019 में 4236 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे। इस लिहाज से देखा जाए तो 12 सालों में कुंभ के आयोजन पर खर्च लगभग पांच गुना बढ़ा है।

दो दिन शेष




### सीएम योगी ने किया कुंभवाणी एफएम का शुभारंभ

सीएम योगी ने प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के लिए डिजिटल मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने कुंभ को समर्पित आकाशवाणी के विशेष चैनल कुंभवाणी 103.5 मेगाहर्ट्ज का भी शुभारंभ किया। यह चैनल 10 जनवरी से 26 फरवरी तक रोजाना सुबह 5.55 बजे से रात 10.05 बजे तक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रसारण करेगा। महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत 10,000 एकड़ में मेला क्षेत्र विकसित किया गया है, जिसमें 30 पांटून पुल, 500 किलोमीटर चकर्ड प्लेट, डेढ़ लाख टॉयलेट और टेंट की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए 56 अतिरिक्त थाने स्थापित किए गए हैं और भीड़ प्रबंधन के लिए एंटी-ड्रोन तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। परिवहन सुविधाओं के लिए 8,000 बसें, 3,000 से अधिक विशेष ट्रेनें और 14 नई उड़ानें शुरू की गई हैं।

### गरीबों को 9 रुपए में भरपेट भोजन

**मुख्यमंत्री** योगी ने शुक्रवार को स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में एक अनूठी पहल का शुभारंभ किया। नंदी सेवा संस्थान द्वारा संचालित 'मां की रसोई' के माध्यम से अब गरीब लोगों को मात्र 9 रुपए में पौष्टिक और भरपेट भोजन उपलब्ध होगा।

### महाकुंभ में मुस्लिमों का स्वागत

**प्रयागराज** महाकुंभ में मुसलमानों की एंट्री को लेकर सीएम योगी ने कहा कि जिस किसी को भी भारत की सनातन परंपरा में विश्वास है, वह मुसलमान यहां आएं, उनका स्वागत है, लेकिन गलत मानसिकता के साथ जो लोग आएंगे, उनकी डेंटिंग-पेंटिंग की भी व्यवस्था की गई है। महाकुंभ में कोई गड़बड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



फाइल फोटो

# कृषि विभाग के सभी फार्मों में होगी प्राकृतिक खेती : मुख्यमंत्री

## साल में एक लाख और परिवारों को इससे जोड़ने का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभाग के अधिकारियों को प्रदेश में प्राकृतिक खेती से गेहूं व मक्की उगाने वाले क्षेत्रों की मैपिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कृषि विभाग के सभी फार्म को सिर्फ प्राकृतिक खेती पद्धति से ही खेती करने के लिए विकसित किया जाएगा। आगामी वर्ष से इन सभी में प्राकृतिक खेती की जाएगी। यहां प्राकृतिक खेती करने के लिए बीजों का उत्पादन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं व मक्का के भंडारण के लिए हाई एंड तकनीक से भंडारण केंद्र का निर्माण किया जाएगा। आगामी वर्ष में एक लाख परिवारों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जाएगा।



कृषि विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

उन्होंने हमीरपुर के ताल में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की संभावना तलाश करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों का विकास खंड के आधार पर डाटा तैयार किया जाए और इसे हिम परिवार से भी जोड़ा जाए। हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर है। प्राकृतिक खेती के दौरान यदि फसल किसी बीमारी से ग्रसित होती है तो उसका उपचार भी प्राकृतिक पद्धति से ही किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के दृष्टिगत भूमि व बीज की जांच के लिए प्रदेश में हाई-एंड प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी। बैठक में यह अवगत करवाया गया कि प्रदेश मे खरीफ सीजन 2024-25 के दौरान प्राकृतिक खेती से उगाई गई 3989 क्विंटल मक्का की खरीद की गई है। बैठक में कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### बिजली बोर्ड को व्यावसायिक बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड, ऊर्जा विभाग व अन्य उपक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड को ओर अधिक दक्ष व व्यावसायिक बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। बोर्ड की गतिविधियों को सशक्त बनाने के लिए नवोन्वेषी प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में यह अवगत करवाया गया कि राज्य बिजली बोर्ड द्वारा उपभोक्ताओं की केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए अंतिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री ने संपन्न विद्युत उपभोक्ताओं से स्वैच्छिक तौर पर सब्सिडी छोड़ने का भी आग्रह किया। उन्होंने बोर्ड की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विधायक संजय अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, राज्य विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता आदि मौजूद थे।

# इल्मा अफरोज ही रहेंगी बद्दी की एसपी : हाईकोर्ट

**अजंत ज्ञान, शिमला**

दून से कांग्रेस एमएलए राम कुमार चौधरी से टकराने वाली लेडी आईपीएस इल्मा अफरोज ही बद्दी की एसपी रहेंगी। मामले में हिमाचल हाईकोर्ट ने स्टे लगा दिया है। इल्मा को बद्दी में ही एसपी लगाए जाने की याचिका पर हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई थी। इसमें प्रदेश सरकार को नए एसपी के लिए तीन आईपीएस अफसरों का पैनल देना था, मगर सरकार ने कहा कि रूटीन ट्रांसफर की लिस्ट तैयार की जा रही है। इसके बाद हाईकोर्ट ने कहा कि इस मामले को लेकर यथास्थिति बनाए रखी जाए। इससे साफ है कि सरकार को अब इल्मा अफरोज को बद्दी एसपी लगाना होगा, जो छुट्टी से लौटने के बाद ज्वॉइनिंग का इंतजार कर रही हैं।

याचिका दायर करने वाले सुच्चा राम के एडवोकेट आरएल चौधरी का कहना है कि मामले की अगली सुनवाई अब 28 फरवरी को होगी। वहीं, एडवोकेट जनरल अनूप रत्न ने बताया कि शुक्रवार को कोर्ट का आखिरी दिन था, ऐसे में इस मामले पर सुनवाई अब 28 फरवरी को होगी। इससे पहले अदालत ने राज्य सरकार से बद्दी एसपी नियुक्ति के लिए तीन आईपीएस अफसर के नाम का पैनल मांगा था। इसको लेकर सरकार की ओर से आज अदालत में कहा गया कि राज्य में सामान्य तौर पर एसपी के तबादले के जाने हैं, ऐसे में किसी एक जिले के लिए तीन नाम का पैनल देना मुमकिन नहीं है।



**मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को**

अनूप रतन ने कहा कि उन्होंने न्यायालय में बताया कि हिमाचल प्रदेश पुलिस एक्ट की धारा 56 के तहत तबादले किए जाएंगे और तबादलों में नियमों का अक्षरश पालन किया जाएगा।


### अवैध खनन मामले में विधायक की पत्नी के ट्रकों के काटे थे चालान

**एसपी** इल्मा अफरोज और दून विधायक राम कुमार चौधरी में कुछ महीनों से तकरार चल रही थी। विधायक की पत्नी के ट्रकों के चालान भी बद्दी पुलिस ने अवैध खनन मामले में काटे थे। वहीं, विधायक ने एसपी पर जासूसी करवाने के भी आरोप लगाए थे और विधानसभा से प्रिवलेज मोशन दिलवाया था। 7 नवंबर को शिमला में एसपी की आलाधिकारियों से मीटिंग हुई थी और इस दौरान एकाएक ही एसपी अपना सामान समेट कर यूपी अपने घर चली गई थी। इस दौरान उन्होंने 3 बार छुट्टी बढ़ाई। विधायक राम कुमार चौधरी ने भी मीडिया में बयान दिया था कि एसपी के छुट्टी जाने के मामले में उनका कोई हाथ नहीं है।

# अनशन समाप्त करवाना है तो अकाल तख्त के बजाए मोदी से करें बात : डल्लेवाल

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अनशन समाप्त कराने के लिए अकाल तख्त से हस्तक्षेप करने की भाजपा की मांग को लेकर निशाना साधा और कहा कि उसे ऐसा करने के बजाए प्रधानमंत्री मोदी से मिलना चाहिए तथा किसानों की मांगों को मनवाने के लिए दबाव डालना चाहिए।



डल्लेवाल का अनशन शुक्रवार को 46वें दिन में प्रवेश कर गया है। शुक्रवार को जारी तीन मिनट के वीडियो संदेश में 70 वर्षीय किसान नेता ने कहा कि वह अपना अनशन तभी खत्म करेंगे, जब केंद्र किसानों की मांगों को मान लेगा। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने वीरवार को अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह से किसान नेता के अनिश्चितकालीन अनशन को समाप्त कराने के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की थी। भाजपा के इस प्रतिनिधिमंडल में सुखमिंद्रपाल सिंह ग्रेवाल और सरचंद सिंह वाले शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त की।

अपने वीडियो संदेश में डल्लेवाल ने कहा, "हमें सूचना मिली है कि भाजपा की पंजाब इकाई के नेताओं ने डल्लेवाल के आमरण अनशन को समाप्त कराने के लिए अकाल तख्त से हस्तक्षेप करने की अपील की है। उन्होंने कहा, 'लेकिन भाजपा की पंजाब इकाई को प्रधानमंत्री मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क करना चाहिए। उनसे मिलने के बजाए, वे अकाल तख्त जत्थेदार से संपर्क कर रहे हैं।"

# ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर के 1.12 लाख करोड़ के जीएसटी नोटिस पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए 1.12 लाख करोड़ रुपए के गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) शो-कॉज नोटिस पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने आदेश दिया है कि इन नोटिस से जुड़े सभी मामले फिलहाल स्थगित रहेंगे जब तक इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता। सुप्रीम कोर्ट ने इन कंपनियों से जुड़े मामलों को एक साथ जोड़ने का निर्देश दिया है। अब इन मामलों की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी।



यह फैसला ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, क्योंकि इस पर कर अधिकारियों और कंपनियों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।

# बद्दी में दवा कंपनी में लगी आग, करोड़ों का नुकसान

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

हिमाचल प्रदेश के बद्दी शहर में शुक्रवार तड़के इंजेक्शन व टेबलेट बनाने वाली एक कंपनी में आग लग गई। कंपनी का नाम सामर्थ लाइस साइंस है। आग लगने का कारण शॉर्ट-सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने से इंजेक्शन व टेबलेट तैयार करने वाली करोड़ों की मशीनरी खाक हो गई, दवा कंपनी में शुक्रवार सुबह 4 बजे के करीब आग लगी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग ने तेजी से पूरी दवा कंपनी को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं, बिल्डिंग से निकलती आग की लपटों से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

कंपनी मैनेजमेंट की ओर से आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के लिए जुट गई। ताजा जानकारी मिलने तक दमकल विभाग बद्दी की गाड़ियां मौके पर आग को बुझा रही हैं। आग बुझाने के लिए अभी तक मौके पर आठ दमकल की गाड़ियां पहुंच गई हैं। फिलहाल आग लगने से किसी के भी जानी नुकसान की खबर अभी तक सामने नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)



### क्या कहते हैं दमकल विभाग के अधिकारी

**दमकल** विभाग नालागढ़ के फायर ऑफिसर राजीव वर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह 4 बजे के करीब आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल विभाग ने तुरंत प्रभाव से प्रतिक्रिया करते हुए मौके पर दमकल विभाग की गाड़ियों को आग बुझाने के लिए भेजा। फिलहाल 60 प्रतिशत आग पर काबू पा लिया गया।

# बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के ट्रस्ट कर्मचारियों को मिलेगी पेंशन

**एसके ठाकुर, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर स्थित उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में कार्यरत ट्रस्ट कर्मचारियों को अब पेंशन मिलना शुरू हो जाएगी। लंबे अरसे से न्यास के कर्मचारी पेंशन की मांग कर रहे थे, परंतु आज दिन तक किसी भी सरकार ने इन कर्मचारियों को पेंशन के दायरे में लाने की कोशिश नहीं की।

**लंबे समय से कर रहे थे संघर्ष, बोले-कांग्रेस नेता सुभाष के प्रयास हुए सार्थक**

कर्मचारियों की इस मांग को बड़सर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने कई बार मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष पुरजोर से उठाया था। इसी का नतीजा है कि मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट कर्मचारियों की पीड़ा को समझते हुए पेंशन के दायरे में लाने की घोषणा कर दी है। बाबा बालक नाथ द्वारा संचालित बीबीएन महाविद्यालय चकमोह, संस्कृत महाविद्यालय मॉडल स्कूल इत्यादि में अपनी सेवाएं दे रहे लगभग 300 के करीब कर्मचारियों को इस पेंशन का लाभ मिलेगा।

ट्रस्ट में अपनी लंबी सेवाएं देने के बाद हाल ही में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी भी पेंशन का लाभ ले सकते हैं, परंतु ऐसे कर्मचारियों को कुछ धनराशि सरकारी खजाने में जमा करवानी पड़ेगी। ट्रस्ट कर्मचारी को पेंशन के दायरे लाने के फैसले की घोषणा होते ही दियोटसिद्ध मंदिर के ट्रस्टी पवन कालिया व अन्य ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। (अनंत ज्ञान)

# एचएमपीवी के देश में 13 केस, राजस्थान में छह महीने की बच्ची पॉजिटिव




**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 13 मामले हो गए हैं। शुक्रवार को राजस्थान के बारां से एक पॉजिटिव केस मिला है। यहां एक 6 महीने की बच्ची एचएमपीवी से संक्रमित हुई हैं। एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर, गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसों पर निगरानी रखने के आदेश दिए गए हैं।

**लापरवाही** एक माह बाद भी नहीं लग पाए हॉकी ग्राउंड के खोले गए गेट व फेंसिंग

# जश्न के बाद ग्राउंड की सुध लेना भूली कांग्रेस सरकार

**शुभम राही, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार ने अपनी सरकार के दो साल के कार्यकाल का जश्न 11 दिसंबर 2024 को बिलासपुर में मनाया। जश्न मनाने के चलते तैयारियों में कहलूर खेल परिसर के हॉकी ग्राउंड में लगे गेट को हटाया गया और उसके बाद यहां पर लगी फेंसिंग तारों को भी काटा गया।

एक माह बीत जाने के बाद भी अभी तक इस ग्राउंड के हॉकी मैदान से हटाए गए गेट नहीं लगाए गए और न ही काटी गई फेंसिंग को दोबारा लगाया गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि इन मैदान में अब गेट न होने की वजह से पशु मैदान में घुस रहे हैं और हॉकी मैदान को काफी नुकसान भी पहुंच रहा हैं। लेकिन, इसकी अब सुध लेने के लिए कोई भी उचित कदम नहीं उठाया जा रहा हैं।





गौरतलब है कि सरकार के दो साल के जश्न के दौरान बिलासपुर में करोड़ों रुपए खर्च किए गए। कई नई तकनीकें लगाई गईं और कई नए प्लान तैयार हुए। ऐसे में सारी बेहतर व्यवस्थाएं बनाने के लिए काफी चीजों को हटाया भी गया।

इसी में मुख्य हॉकी मैदान को रैली मैदान बनाया गया, जिसके बाद इस मैदान में प्रवेश के लिए यहां पर लगी तारें और गेटों को पूरी तरह से खोल दिया गया, ताकि यहां पर लोगों का आगमन आसानी से हो सके। दोबारा से खेल मैदान को पहले की तरह बनाने के लिए न तो यहां पर गेट लगाए गए और न ही खोली गई तारों को दोबारा लगाया गया, जिसके लिए यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

बता दें कि बिलासपुर का ऐतिहासिक कहलूर खेल परिसर प्रत्येक गतिविधियों के लिए प्रयोग में लाया जाता है, जिसमें राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला, राजनीतिक रैलियों सहित विशाल जनसभाएं शामिल हैं। ऐसे में प्रत्येक कार्यों के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले इस खेल मैदान को दोबारा सही करने में काफी समय लग जाता हैं। बिलासपुर में यह जिला का सबसे बड़ा खेल मैदान है, जिसमें प्रत्येक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इस तरह से खेल मैदानों की दिशा और दशा को सुधारने के लिए न तो प्रशासन कोई दिलचस्पी दिखा रहा है और न ही सरकार। वहीं, एक माह बीत जाने के बाद भी इस मैदान को सही नहीं किया गया है, जिससे कई सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### नेता इस मैदान में करते हैं जनसभाएं

**बिलासपुर** के कहलूर खेल परिसर में प्रदेश सरकार की जनसभाओं से लेकर केंद्र सरकार के नेता तक यहां पर अपनी जनसभाओं को कर चुके हैं। बिलासपुर शहर में जनसभा करने के लिए प्रत्येक पक्ष-विपक्ष को यह खेल मैदान उचित रहता है।

## न्यूज ब्रीफ

### गश्त के दौरान व्यक्ति से चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर के थाना सदर के अधीन पुलिस की एक टीम के द्वारा गश्त के दौरान निखिल शर्मा पुत्र कमलेश कुमार गांव सासन डा. झनियारी तहसील के कब्जे से 2.2 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। थाना प्रभारी बाबू राम ने बताया कि उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में कल बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर ने 12 जनवरी को एलटी लाइन की केबल को बदलने के लिए 11 केवी हाउसिंग बोर्ड फीडर के अंतर्गत 250 केवीए आयुर्वेदिक ट्रांसफार्मर हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्र जैसे वार्ड नंबर 5 तथा इसके साथ लगने वाले इलाकों की बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने उपभोक्ताओं से सहयोग मांगा है।

### राज राजेश्वरी कॉलेज में धूमधाम से मनाई लोहड़ी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय में बीएड, डीएलएड व बीए के छात्रों द्वारा लोहड़ी उत्सव मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर राज राजेश्वरी कॉलेज प्रबन्धन कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह ने सभी छात्रों व स्टॉफ को गज्जक,रेवड़ी व मूंगफली वितिरत कर सभी को लोहड़ी पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ राज कुमार धीमान व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### भगवती स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई लोहड़ी



**अनंत ज्ञान, नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में लोहड़ी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया व विश्व हिंदी दिवस भी मनाया। अध्यापकों ने इंदु ने बच्चों को पूर्ण सहयोग दिया व भाषण के माध्यम से बच्चों को अपनी मातृभाषा के प्रति अवगत कराया। लोहड़ी के त्यौहार पर स्कूल के प्रांगण में आग जलाकर मंत्रोच्चारण से लोहड़ी के त्योहार का शुभारंभ किया गया। सभी बच्चों ने अग्नि में आहुति डाली और पांचवीं कक्षा की गोरिका और अनिका ने भाषण के माध्यम से बच्चों को लोहड़ी के महत्व को बताया। नर्सरी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने नाच-गाकर लोहड़ी का त्योहार मनाया। प्रिंसीपल आरती कटोच ने बच्चों से कहा कि त्योहार खुशी और उल्लास का संदेश देते हैं। अंत में सभी बच्चों को मूंगफली, रेवड़ी व चिड़वें बांटें गए व मिलजुल कर रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस से घबराएं नहीं : सीएमओ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस के कांफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय जगोता, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. राकेश ठाकुर, डॉ. अजय आर्य व डॉ. कमलजीत और सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, लेखाकार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की चर्चा की गई। इस अवसर पर उन्होंने ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस के बारे में बताया की यह एक सामान्य वायरस है, जिससे घबराने की आवश्यकता नहीं है बल्कि एहतियात बरतने की जरूरत है जिसके लिए हम सभी को तैयार रहना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने अन्य भी जानकारी दी।

### विकास खंड बिझड़ी में बीडीओ ने पदभार संभाला



**एसके ठाकुर, बड़सर।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिला के बिझड़ी ब्लॉक में रमेश शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। प्रदेश में हुए राज्यसभा चुनाव के बाद लगभग 10 महीना तक विकास खंड बिझड़ी में किसी भी विकास अधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई थी जो कि लोगों को काफी खटक रहा था। अब जब विकास खंड बिजली को विकास अधिकारी की ज्वॉइनिंग के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है कि अब विकास खंड कार्यालय में पेंडिंग पड़े विकास कार्य में तेजी आएगी। रमेश शर्मा इस से पहले डीआरडीए कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। बताते चलें कि खंड विकास अधिकारी की स्थायी नियुक्ति न होने से अस्थाई तौर पर कभी नादौन तो कभी भोरंज के खंड विकास अधिकारी और बीच में अधीक्षक के माध्यम से विकास खंड बिझड़ी की 52 पंचायतों के विकास कार्यों पर नजर रखी जा रही थी। विकास खंड बिझड़ी की सभी पंचायत प्रधानों और प्रतिनिधियों ने खंड विकास अधिकारी की स्थायी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

## व्यापार मंडल के गठन को लेकर शहर के व्यापारियों ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हाल ही में किए गए चंद लोगों द्वारा व्यापार मंडल के गठन को लेकर शहर के गांधी चौक, मिडल बाजार, लोअर बाजार, भोटा चौक, बस अड्डा सहित तमाम व्यापारी वर्ग ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने बताया की हमीरपुर शहर में छोटे बड़े व्यापारी वर्षों से सफलतापूर्वक अपना कारोबार कर रहे हैं एवं यह संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। उन्होंने मांग की व्यापार मंडल का गठन विधिवत तरीके से किया जाना चाहिए। सर्वप्रथम प्रत्येक छोटे-बड़े व्यापारी से निम्न सदस्यता शुल्क लेकर उसको सदस्य बनाया जाना चाहिए तथा प्रत्येक व्यापारी वर्ग को कम से कम एक माह पूर्व विधिवत चुनाव की तारीख से एक माह पूर्व अवगत करवाया जाना चाहिए।

चुनाव संपूर्ण पारदर्शी एवं समस्त व्यापारियों की सहमति से ही होना चाहिए, भले ही वोट देकर ही कार्यकारिणी का गठन क्यों न करना पड़े। व्यापारी वर्ग ने कहा कि चंद लोगों द्वारा स्वयं को व्यापार मंडल घोषित करना हास्य पद है। हाल ही में व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल सोनी ने भी शीघ्र चुनाव करवाने की तिथि घोषित करने की घोषणा भी की थी। उन्होंने भी मुट्ठी भर लोगों द्वारा गठित व्यापार मंडल का कड़ा विरोध किया है तथा कहा कि चुनाव उनकी अध्यक्षता में ही संपन्न होना चाहिए। इस चुनाव के खिलाफ शहर के व्यापारियों ने चंद लोगों द्वारा किए गए चुनाव का बहिष्कार हस्ताक्षर करो अभियान पिछले तीन दिन से चला रखा था, जिसमें शहर के प्रत्येक व्यापारी वर्ग ने सैकड़ों की संख्या में भारी विरोध दर्ज अपने लिखित रूप में हस्ताक्षर कर दर्ज करवाया है।

**बहिष्कार अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान किया शुरू**

व्यापारियों का कहना है कि वे इस स्वयंभू व्यापार मंडल को मानने वाले नहीं हैं। व्यापारियों ने बताया की व्यापार मंडल का चुनाव एक लोकतांत्रिक पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए तथा लोकमत से ही अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का चुनाव कर प्रत्येक वर्ग को मौका दिया जाना चाहिए। शहर के निम्न हस्ताक्षरित व्यापारियों ने इस चुनाव का कड़ा विरोध दर्ज करवाया है। व्यापारियों का कहना है कि चुनाव सब की सहभागिता से ही करवाएं जाने चाहिएं ताकि प्रत्येक वर्ग को अपनी बात रखने का तथा काम करने का मौका मिल सके।

# सीएम साहब! अचानक कर लीजिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर का दौरा

## बहुत कुछ यहां औंधे मुंह, प्रशासनिक व्यवस्था के हाल-बेहाल, मरीज झेल रहे परेशानी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में ज्यादातर व्यवस्थाएं औंधे मुंह गिरी हुई हैं। प्रशासनिक व्यवस्था का हाल-बेहाल यहां आसानी से देखा जा सकता है। इन अव्यवस्थाओं की वजह से ही मरीज यहां अजीबोगरीब परेशानियों से दो-चार हर दिन हो रहे हैं, लेकिन बड़ी विडंबना यह है कि सुधार को लेकर किसी की भी यहां जरा भर भी दृढ़ इच्छाशक्ति किसी भी कॉर्नर पर नहीं झलकती।

लापरवाही का यह खामियाजा मरीज भुगतते हैं, तो भुगतते रहें, इससे किसी को कुछ भी लेना देना नहीं लगता। इसलिए अब हो चुकी इस इंतिहा पर यही कहा जा रहा है कि सीएम साहब! खुद ही अचानक इस अस्पताल का चुपचाप दौरा कर लीजिए, सब कुछ आपको खुद नजर आ जाएगा। व्यवस्था चलाने वाले कितनी संजीदगी से यहां मरीजों का ख्याल रख रहे हैं, पता लग जाएगा।

**समस्या एक नहीं, अनेक :** अब यदि डॉक्टर ही समय पर अपनी-अपनी ओपीडी में बैठने से गुरेज करेंगे, समय का पालन नहीं करेंगे तो फिर भीड़ तो इकट्ठी होगी ही। सुबह के समय भी यही हाल रहता है और लंच के बाद भी। जब डॉक्टर 2 बजे ओपीडी में लौटने की बजाए अढ़ाई या 2:45 बजे दस्तक दें, तो फिर गलती किसकी है? तब तक मरीजों का जमावड़ा टेस्ट रिपोर्ट्स हाथ में लिए हुए कितना बढ़ चुका होगा, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन इस व्यवस्था पर कोई भी चेक नहीं है। (अनंत ज्ञान)



ओपीडी के बाहर जमा भीड़।

### व्यवस्था में खोट कहां-कहां?

समय पर डॉक्टरों का ओपीडी में नहीं बैठना, हाजिरी लगाकर कई जगह पर डॉक्टर्स कहां गोल हो जाते हैं, कोई भी बायोमेट्रिक मशीनों को चेक नहीं करता। कुछ विभागों में तो हालत ज्यादा खराब है, जहां हाजिरी लगाने के बाद पता ही नहीं होता कौन डॉक्टर कहां है। अल्ट्रासाउंड मशीन की खराबी कब दूर होगी? एक ही मशीन काम कर रही है, दूसरी से काम ठप है। सॉफ्टवेयर में आई तकनीकी खामी कौन ठीक करेगा। प्रशासनिक अमले को कुछ विशेष विभागों पर खास नजर रखने की जरूरत है, जहां डॉक्टर्स तो मुकम्मल हैं, लेकिन मरीजों का बराबर भला नहीं हो रहा। जगह-जगह पड़ा कबाड़ को कौन ठिकाने लगाएगा। छोटी मोटी मरम्मत कर बेकार उपकरणों को कौन सुधारेगा?

### जगह कम होने का हमेशा बनाया जाता है बहाना

हो सकता है इन दिनों जवाब मिल जाए कि आधा डॉक्टर्स का स्टाफ विंटर वेकेशन पर है, इसलिए भीड़ इकट्ठी हो रही है, लेकिन इन दिनों मरीजों की तादाद भी तो अस्पताल में आमतौर पर घट जाती है। जब डॉक्टर मुकम्मल हों, तब भी हालत खराब ही रहती है। हमेशा जवाब यही मिलता है कि यहां जगह कम है, इसलिए व्यवस्था बनाने में दिक्कतें आती हैं, जबकि असलियत यह है कि सिलसिले बार जिन व्यवस्थाओं को यहां सुधारा जा सकता है, वह प्रशासनिक व्यवस्था चलाने वालों की नजरों से मुकम्मल तौर पर ओझल क्यों है, यही यक्ष प्रश्न यहां पूछा जाता है।

> उधर, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती का कहना है कि यहां मौजूद भवन की उपलब्धता के बीच में जितनी व्यवस्था हो सकती है, करने का प्रयास हमेशा रहता है। अल्ट्रासाउंड मशीन की रिपेयर कंपनी इसलिए नहीं कर पाई है, क्योंकि उनका बिल नवंबर माह से ट्रेजरी में लटका हुआ है। ओपीडी में यदि इस तरह की दिक्कत आ रही है तो इसे चेक किया जाएगा।
> **डॉ. रमेश भारती, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज हमीरपुर**

## मुख्यमंत्री ने नादौन में किया अग्निशमन उपकेंद्र का उद्घाटन



विकास कार्य के उद्घाटन पर मुख्यमंत्री व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को जिला के नादौन में अग्निशमन उपकेंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र में दो अग्निशमन वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके माध्यम से अग्निाकांड जैसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए इसे नियंत्रण करने की सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्रवासियों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि इन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए 19.40 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की जाएगी। सीएम ने कहा कि आम लोगों के कल्याण के लिए नीतिगत फैसले लिए गए है तथा जन हितैषी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से इन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की ताकि उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री ने नादौन के खरीड़ी में 65 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स परिसर के निर्माण कार्य का जायजा लिया और कहा कि इस परिसर में खेल जगत से जुड़ी प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय अधोसंरचना मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि युवाओं को मादक पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति हतोत्साहित करने तथा उनमें जीवन के प्रति स्फूर्ती तथा रोमांच भरने के लिए राज्य के विभिन्न स्थानों पर इस तरह के बहुउद्देशीय खेल परिसर विकसित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक संजय अवस्थी, रणजीत सिंह राणा एवं सुरेश कुमार, कांगड़ा सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया और कांग्रेस नेता पुष्पिंदर वर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री का नादौन पहुंचने पर भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन पहुंचने पर स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बेला गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से अवगत करवाया। इस अवसर पर उनके साथ विधायक संजय अवस्थी, सुरेश कुमार, कैप्टन रणजीत सिंह, कांगड़ा बैंक के चेयरमैन कुलदीप पठानिया, चेयरमैन रामचंद्र पठानिया, हमीरपुर से पूर्व कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. पुष्पिंदर वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

# सरकार शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर कर रही कार्य : राजीव

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बगवाड़ा में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा की गुणवता को बढ़ावा देने के लिए कई उचित कदम उठा रही है, वहीं भोरंज विधानसभा क्षेत्र को राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल लगभग 150 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के प्रति बेहद संबेदनशील हैं, तभी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना को चलाया गया, जिसकी सुविधा एकल नारी, विधवा बहनों, के बच्चों, विकलांग बच्चों को प्रति माह 1000 रुपए मिलेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से भी पंजीकृत लाभार्थियों के बच्चों को कक्षा एक से डिग्री तक छात्रवृत्ति दी जा रही है, साथ ही प्रदेश के ऊर्जावान खिलाड़ियों के लिए भी जो खिलाड़ी व्यक्तिगत तौर पर स्वर्ण पदक विजेता को प्रोत्साहन राशि बढ़ा दी है, ताकि प्रदेश की युवा पीढ़ी किसी भी सुविधा से वंचित न रहे।

वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री का मंच के माध्यम से भोरंज के राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के लिए राजीव राणा ने आभार जताया।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में चेयरमैन राजीव राणा के साथ जिला उपाध्यक्ष विनोद रांगड़ा, ब्लॉक सचिव राजेश कतना, अश्वनी गठानिया उपप्रधान समीरपुर पंचायत, संदीप चैहान प्रधान कंज्याण पंचायत, उपप्रधान राजेश राणा, बीडीसी प्यार चंद, उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस जगदेव चंद, एसएमसी प्रधान संतोष कुमारी आदि मौजूद रहे।



कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा बच्चों के साथ।

# बस्सी-भरेड़ी सड़क के विस्तारीकरण का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत बस्सी से तताहर सड़क का विस्तारीकरण का कार्य शुरू हो गया है। यह कार्य दो फेस में किया जाएगा। पहले बस्सी से भरेड़ी, फिर भरेड़ी से तताहर सड़क के विस्तारीकरण व पक्का करने का कार्य किया जाएगा। भरेड़ी से बस्सी सड़क मार्ग का कार्य शुक्रवार को शुरू हो गया है। इसके तहत भरेड़ी से बस्सी सड़क मार्ग को भी 15 जनवरी तक बंद कर दिया गया है।

हालांकि बस्सी से तताहर सड़क का कार्य उच्च गुणवत्ता से किया जा रहा है ताकि लोगों को अच्छी सड़कों की सुविधा मिल सके। नई तकनीक से बनने वाली इस सड़क का शुभारंभ भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने अगस्त 2024 में किया था। भरेड़ी में नई तकनीक एफडीआर से बनने वाली बस्सी को तताहर सड़क वाया चंदरूही सड़क के निर्माण का होना है। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में भी दो सड़कें बस्सी से तताहर वाया चंदरूही और बढ़ाहर से झनिकर सड़क का कार्य शुरू हो गया है। बताते चलें कि तकनीक से बनने वाली सड़कें 15 से 20 साल तक खराब नहीं होती हैं। अकसर देखने में आता कि सड़कें पक्का होने के बाद उखड़ना शुरू हो जाती है।, लेकिन इन सड़कों के निर्माण से लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी। साथ ही बता दें कि इस सड़क पर पुलियों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है और सड़क किनारे सालों पुराने पेड़ भी काट दिए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को शीघ्र ही सड़क सुविधा मिलेगी।

उधर, इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अनुभाग भरेड़ी के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण शर्मा ने बताया कि सड़क का कार्य शुरू हो गया है। 15 जनवरी तक सड़क को बंद कर दिया है। वाहन चालक वाया धमरोल आ-जा सकते हैं। यदि इस अवधी में कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो सड़क बंद करने की समयावधि बढ़ाई भी जा सकती है।



बस्सी-भरेड़ी सड़क के विस्तारीकरण का कार्य करती हुई जेसीबी।

**15 तक बंद रहेगा भरेड़ी से बस्सी सड़क मार्ग, वाहन चालक वाया धमरोल कर सकेंगे सफर**

## आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों को जल्द भरा जाए : डॉ. पॉल



**एसके शर्मा, जाहू।** हिमाचल इंटीग्रेटेड डॉक्टर एसोसिएशन की प्रेस सचिव डॉ. श्वेता शर्मा ने बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीतिश पॉल शर्मा की अध्यक्षता में संघ के सचिव डॉ. आदर्श शर्मा, सह सचिव डॉ. दिनेश धीमान के साथ हिमाचल के आयुष मंत्री यादविंदर गोमा से शिमला में मिले, जहां डॉ. नीतिश पॉल ने संघ के मुद्दों से मंत्री को अवगत करवाया। उन्होंने मांग रखी कि प्रदेश में लगभग 250 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों के पद रिक्त पड़े हैं और वर्तमान सरकार में भी तक कोई भी नई भर्तियँ नहीं की गई, इसलिए जल्द से जल्द इन पदों पर आयुर्वेद चिकित्सकों की भर्ती की जाए। प्रदेश आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों के कुल पद लगभग 1200 हैं जिनको कई दशक से बढ़ाया नहीं गया है और प्रदेश में लगभग 3000 आयुर्वेद चिकित्सक बेरोजगार हैं और हर साल सैकड़ों आयुर्वेद चिकित्सक नए आ रहे हैं। इसमें कुछ एक बीएएमएस करने के बाद 18-20 साल से नौकरी का इंतजार कर रहे हैं तो इस हिसाब से आयुर्वेद चिकित्सकों के कुल पदों की संख्या को बढ़ाने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए ताकि सभी आयुर्वेद चिकित्सकों को नौकरी का लाभ मिल सके। इसी तरह प्रदेश में एम.डी. और एमएस की पदों की संख्या भी बहुत कम है जिसे भी बढ़ाया जाए। आयुष मंत्री ने संघ के को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पर विचार किया जाएगा। आयुर्वेद चिकित्सकों और आयुर्वेद के विकास लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## अतिशीघ्र ई-केवाईसी करवाएं धनेटा के बिजली उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा के सहायक अभियंता सुशील कुमार ने अभी तक अपने बिजली के मीटर की ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अतिशीघ्र ई-केवाईसी करवा लें। उन्होंने कहा कि अगर कोई उपभोक्ता बिजली के मीटर की ई-केवाईसी नहीं करवाया है तो भविष्य में वह बिजली के बिलों में मिलने वाली कुछ सुविधाओं से वंचित रह सकता है। इसके लिए वह उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।

## मोदी सरकार की है पहचान सशक्त और समृद्ध किसान : राकेश ठाकुर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार इस बात का जिक्र करते हैं कि उनके लिए जातियां सिर्फ चार हैं गरीब, किसान, महिला और युवा, जिनके सशक्तिकरण के लिए वह हमेशा प्रयास करते हैं। इनमें से किसान पीएम मोदी के विकास के संकल्प में शीर्ष पर हैं। इसका ताजा उदाहरण बीती पहली जनवरी को हुई कैबिनेट की पहली बैठक में किसानों के लिए महत्वपूर्ण फैसला लिया, जिसमें सरकार ने फसल बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए 4 करोड़ किसानों को इसमें शामिल करने का फैसला लिया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के इस फैसले से किसानों को फसल नुकसान के समय अधिक सहायता मिल सके, इसके लिए सरकार ने किसानों के लिए कुल 69515 करोड़ रुपए का आवंटन किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत छोटे और सीमांत किसानों को सालाना 6000 रुपए की मदद की जाती है, जिससे 11 करोड़ किसान परिवारों को अब तक इसका लाभ मिला है। भाजपा शासित राज्यों में केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा किसानों के लिए भाव भावांतर योजनाओं के फैसला लिए जा रहे हैं, जिससे किसानों की आय को दुगना किया जाए। वहीं नवनियुक्त जिला भाजपा अध्यक्ष ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा चुनावों के समय कांग्रेस ने जो किसानों और बागबानों के लिए जो झूठे वादे किए थे, उनको पूरा करने के लिए असफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से किसान और बागबान सभी नाराज हैं।

## जाहू पंचायत में 250 उपभोक्ताओं को बिजली बिल न भरने पर नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, जाहू।** बिजली बोर्ड भरेड़ी द्वारा जिन बिजली उपभोक्ताओं ने पिछले दो महीने से बिजली के बिल नहीं दिए हैं, उन्हें विभाग ने नोटिस जारी कर दिए हैं। नोटिस में साफ लिखा गया है कि दो दिन के अंदर उपभोक्ताओं के द्वारा पुराने बिल जमा नहीं करवाए तो बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। जाहू में इस समय लगभग 250 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने दो महीने या फिर एक महीने का बिल जमा नहीं करवाया गया है। बिजली बोर्ड के कर्मचारी के द्वारा इन सभी उपभोक्ताओं को नोटिस दे दिया है। बिजली बोर्ड भरेड़ी के सहायक अभियंता संजय कुमार ने बताया कि अगर इन उपभोक्ताओं के द्वारा एक दो दिन में बिजली बिल जमा नहीं किए तो कर्मचारियों के उनके बिजली के कनेक्शन काटने के आदेश जारी कर देंगे।

**राहत** पति को खो चुकी सुषमा देवी के लिए बेटी के हाथ पीले करना नहीं था आसान

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत मिली मदद से की शादी

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

बेटी के जवान होते ही गरीब मां-बाप को उसके विवाह की चिंता स्वाभाविक रूप से शुरू हो जाती है। शादी के लिए पैसे का इंतजाम कैसे होगा? कैसे वे अपनी बेटी को खुशी-खुशी विदा कर सकेंगे, इस तरह के सवाल अकसर गरीब मां-बाप के मन में उठने लगते हैं और अगर लड़की के बाप की मौत हो जाए तो फिर बेटी की शादी की पूरी जिम्मेदारी मां पर ही आ जाती है। इस तरह की परिस्थितियों में लड़की की शादी के लिए सभी प्रबंध करना और भी मुश्किल हो जाता है।

ऐसे गरीब परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एक बड़ा सहारा साबित हो रही है। गरीब विधवा महिलाओं की बेटियों की शादी पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 51 हजार रुपए की राशि दी जाती है। अगर बेटी का बाप गंभीर बीमारी के कारण असहाय है और बिस्तर तक ही सीमित है तो उस परिवार को भी इस योजना का लाभ मिल सकता है। प्रदेश सरकार की इस सराहनीय योजना के बारे में हमीरपुर जिले के विकास खंड भोरंज के गांव कधरियाण की सुषमा देवी से बेहतर और कौन बता सकता है?

सुषमा देवी भी इसी योजना की मदद से अपनी बेटी की शादी धूमधाम से कर पाई है। अपने पति को खो चुकी सुषमा देवी के लिए अपनी बेटी के हाथ पीले करना आसान नहीं था। उसे अपनी बेटी की शादी के लिए पैसे की काफी चिंता हो रही थी। रिश्तेदारों की मदद पर ही उसकी उम्मीदें टिकी हुई थीं, लेकिन, इसी बीच सुषमा देवी को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की जानकारी मिली तो मानो उसकी तो चिंता ही दूर हो गई, उसने तुरंत अपनी बेटी की शादी तय कर दी और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन भी कर दिया।

गत साल उसने धूमधाम से अपनी बेटी की शादी कर दी और उसे मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 51 हजार रुपए की राशि भी मिल गई। इस प्रकार, सुषमा देवी के लिए यह योजना बहुत बड़ा सहारा साबित हुई है। (अनंत ज्ञान)



मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ प्राप्त करने वाली महिला, बेटी की शादी की एल्मब देखते हुए।

## सेना भर्ती के ग्राउंड टेस्ट में प्रदर्शनवर्धक ड्रग्स के प्रयोग पर कड़ी नजर, होंगे टेस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि 17 से 24 जनवरी तक यहां अणू के मैदान में होने वाले तीन जिलों के युवाओं के फिजिकल टेस्ट के दौरान किसी भी तरह के प्रदर्शनवर्धक ड्रग्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं। इस संबंध में हमीरपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उनकी टीम के साथ विशेष बैठक की गई है। कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली लगभग 20 चिह्नित दवाइयों के दुरुपयोग की जांच के लिए अभ्यर्थियों के डोप टेस्ट किए जाएंगे और दोषी पाए जाने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने तीनों जिलों हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर में कैमिस्टों एवं दवा विक्रेताओं को भी इस बारे में अलर्ट किया है। कर्नल बीएस भंडारी ने अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से अपील की है कि वे भर्ती के संबंध में किसी भी तरह के प्रलोभन या प्रभाव में न आएं। उन्होंने कहा कि सेना भर्ती कार्यालय पूरी भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज़ ब्रीफ

### डिंपल कुमारी को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के राज्य उपाध्यक्ष की कमान



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** मानवाधिकार परिषद की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा इकाई द्वारा डिंपल कुमारी को राज्य उपाध्यक्ष मनोनित किया गया है। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हरि सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के तहसील सुंदरनगर के अणु बैहेली से संबंध रखने वाली डिंपल कुमारी को भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की महिला विंग की राज्य उपाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि मोर्चे द्वारा महिला विंग की इस ताजपोशी से संस्था तथा समाज हित के कार्यों को गति प्रदान होगी।

### मुख्यमंत्री ने विधायक चंद्रशेखर के पिता के निधन पर किया शोक व्यक्त



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर के पिता काहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके पैतृक गांव बहरी पहुंचे। काहन सिंह का लंबी बीमारी के उपरांत गत दिनों जिला मंडी के धर्मपुर में उनके पैतृक स्थान बहरी में 82 वर्ष की आयु में देहांत हो गया था। मुख्यमंत्री ने विधायक चंद्रशेखर, उनकी माता जयवंती देवी तथा शोकाकुल परिवारजनों को ढाढस बंधाया और इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व सीपीएस संजय अवस्थी, विधायक सुरेश कुमार, एपीएमसी मंडी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, सरकाघाट से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर, जोगिंदरनगर से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी जीवन ठाकुर, राज्य सहकारी सभाएं के निदेशक मंडल सदस्य लाल सिंह कौशल, एपीएमसी के निदेशक मंडल सदस्य जोगिंदर गुलेरिया, शशी शर्मा व चंद्रशेखर, उपायुक्त अपूर्व देवगन और पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिमला में पुलिस ने 9 माह बाद दर्ज किया हत्या का मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला शहर में 10 माह पहले नाले में मिले एक युवक की संदिग्ध मौत मामले नया मोड़ आ गया है। मृतक गोविंद के पिता भूप राम की शिकायत पर नौ माह बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और 379 (चोरी) के तहत यह मामला पंजीकृत किया गया है। मामला ये है कि मृतक गोविंद शिमला जिले के सुन्नी क्षेत्र के दुर्गापुर गांव का निवासी था। वह 21 मार्च 2024 को शिमला के लिए घर से निकला था, लेकिन कभी वापस नहीं लौटा। कुछ दिनों बाद परिवार को सूचना मिली कि गोविंद का शव शिमला शहर में शांकली नाला के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। पिता भूप राम का आरोप है कि उनके बेटे की हत्या की गई है। भूप राम ने बताया कि गोविंद के साथ अंतिम बार पवन नाम के व्यक्ति को देखा गया था। भूप राम का कहना है कि पवन ने पहले गोविंद को शराब पिलाई और फिर उसे जान से मारने की साजिश रची। उनका आरोप है कि पवन ने गोविंद पर हमला भी किया और उसे नाले में फेंक दिया। पुलिस की शुरुआती जांच से असंतुष्ट पिता भूप राम ने अपने स्तर पर मामले की तहकीकात शुरू की। उन्होंने पाया कि उनके बेटे के पास से उसका मोबाइल फोन और नकदी गायब थी। परिवार के निरंतर दबाव और सबूतों के आधार पर आखिरकार नौ माह बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया। शिमला पुलिस के मुताबिक जिन तथ्यों के आधार पर एफआईआर की गई है, उनकी गहनता से जांच की जाएगी।




### जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी के पद का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा शुक्रवार को जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी पोस्ट कोड 1000 का परिणाम घोषित कर दिया है। राज्य चयन आयोग के सचिव विक्रम महाजन ने बताया कि जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी के एक पद के लिए प्रदेश भर से 22, 243 आवेदन आए थे इनमें से 10, 386 आवेदन स्वीकृत किए थे। इन 10, 386 अभ्यर्थियों का स्क्रीनिंग टेस्ट में 3883 उम्मीदवार उपस्थित हुए जबकि 6,503 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि लिखित परीक्षा और कागजातों की जांच के बाद 4 उम्मीदवारों को चयनित किया गया। इन 4 उम्मीदवारों से एक अभ्यर्थी का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि रोल नंबर 1000002495 अजय कंवर का चयन किया गया है।

### मकड़ोग में लोगों को बताई राज्य सहकारी बैंक की योजनाएं



**अनंत ज्ञान, चौपाल,नेरवा।** उपमंडल चौपाल की ग्राम पंचायत मकड़ोग में राज्य सहकारी बैंक की मड़ावग शाखा द्वारा शाखा प्रबंधक इंद्र जस्टा की अध्यक्षता में डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंक की टीम द्वारा बैंक की योजनाओं हिमपैसा, यूपीआई, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सशक्ति महिला ऋण योजना, सपनों का संचय तथा अन्य सहकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं लोगों को बैंक की डिजिटल सेवाओं के बारे जागरूक किया गया, ताकि लोग घर बैठे इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। इसके अलावा बैंक द्वारा चलाई जाने वाली अन्य योजनाओं तथा बैंकों में आए दिन होने वाली साइबर ठगी की जानकारी देने के साथ इस ठगी से बचने के लिए भी लोगों को प्रशिक्षित किया गया।

# स्टंट मारने के शौकीन न उड़ाएं यातायात नियमों की धज्जियां

## शिमला में सड़क सुरक्षा माह के तहत बाइक रैली का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सड़क सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से सांकेतिक बाइक रैली का आयोजन एमसी पार्किंग टूटीकंडी में किया। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने बाइक रैली को हरी झंडी देकर रवाना किया।

टूटीकंडी पार्किंग से चक्कर, तवी मोड़ बालूगंज होते हुए रैली पार्किंग में संपन्न हुई। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश भर में सालाना हजारों सड़क दुर्घटनाएं होती है।

इनमें से मानवीय भूल से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को आंकड़ा भी काफी अधिक है। हिमाचल प्रदेश में 11 लाख से अधिक दोपहिया वाहन है। दोपहिया वाहनों पर जान का खतरा सबसे अधिक रहता है। ओवरटेक, ओवरस्पीड बड़े हादसे को खुला निमंत्रण देते है। उन्होंने कहा कि अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए हमेशा समय पर निकले। क्योंकि देरी से निकलोगे तो वाहन की स्पीड बढ़ाओगे और अपनी जान खतरे में डालोगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश युवा शक्ति सबसे अधिक हादसों का शिकार हो रही है। स्टंट मारने के शौकीन, यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने में, नशे में वाहन चलाने से अप्रिय घटनाएं घट रही है।

इस अवसर हिम आधार लोक कला मंच नालदेहरा के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी शिमला अनिल शर्मा ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक को शॉल टॉपी पहनाकर सम्मानित किया।



### घायलों का वीडियो न बनाएं : संजीव गांधी

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। आज मोबाइल के दौर में हम हर चीज कैमरे में कैद करने लगते है। अगर कोई दुर्घटना से घायल हो गया हो तो हम से अधिकांश वीडियो बनाने पर जोर देते है। जबकि हमारा परम कर्तव्य सबसे पहले घायल की मदद करना चाहिए। वीडियो बनाने से परहेज करना चाहिए। तुरंत आपातकालीन सेवाओं के लिए सूचना देनी चाहिए। दुर्घटना के तुरंत बाद की जाने वाली मदद घायलों के लिए मददगार साबित होती है। घायलों को प्राथमिक उपचार देने में अपनी भूमिका निभाएं। नियमों के मुताबिक दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए इनाम भी दिया जाता है।

### सीएम से उपमुख्य सचेतक ने की भेंट



शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के नेतृत्व में शाहपुर क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की विभिन्न मांगों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

## ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट के पदों का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग द्वारा शुक्रवार को ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट पोस्ट कोड 1073 के 162 पदों का परिणाम घोषित कर दिया है। राज्य चयन आयोग के सचिव विक्रम महाजन ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट के 162 पदों के लिए प्रदेश भर से 1848 आवेदन आए थे, इनमें से 451 आवेदन स्वीकृत किए थे। इन 451 अभ्यर्थियों का कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट में 112 उम्मीदवारों ने पास किया। उसके बाद कागजातों की जांच की गई।

इस दौरान 10 उम्मीदवार अनुपस्थित पाए गए और 40 उम्मीदवारों को आवश्यक शैक्षणिक योग्यता पूरी नहीं करते हैं। उन्होंने बताया कि 162 पदों में से 62 पदों पर उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है।

## शोशा छोड़ कर हीरो बनने की कोशिश करते हैं मुख्यमंत्री : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस की आपसी खींचतान और लड़ाई से हिमाचल प्रदेश की जनता को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। अब तो नौबत ऐसी आ गई है कि कांग्रेस के मंचों के ऊपर बड़े बड़े नेताओं के अंदर खुले आम तू-तू मैं-मैं की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हर्षवर्धन और राम कुमार के बीच आरोप-प्रत्यारोप के क्रम ने सरकार की पोल खोल दी है और इस मामले पर मुख्यमंत्री चुपी साधे हुए है।

इसी प्रकार प्रेम कौशल और संजय रतन के बयान भी खुल कर सामने आए है अर्थात प्रदेश सरकार की दाल में कुछ काला नहीं है, पूरी दाल ही काली है। हमें कांग्रेस में कुछ आपस में खटपट हो, उसकी कोई चिंता नहीं, पर सरकार, प्रदेश की जनता इसके कारण त्रस्त है और कोई इसका संग्यान लेने वाला नहीं





कांग्रेस में न संगठन बचा है, जो इसका संग्यान लेगा पूर्णरूप से यह एक गंभीर समस्या है। सभी कांग्रेस के नेता केवल अपनी छवी सुधारने के कार्यक्रम चला रहे है, इस सरकार ने कोई सलाहकार नियुक्त किए होंगे जो छवी सुधार अभियान चला रहा है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री हर तीन महीने बाद एक शोशा छोड़ते हैं और उसको छोड़ करके वो हीरो बनने की कोशिश करते हैं, सीएम बोले बिजली की सबसीडी छोड़ दो। सीएम खुद छोड़ते है और अगर इसका मूल्य देखो तो वह केवल 100 रुपए है और इससे आप प्रदेश की क्या चिंता करना चाहते है।

## शांता कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय किया का समर्थन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक मूल्यवान निर्णय में हिमाचल सरकार को बहुत आवश्यक सुझाव दिया है।

न्यायालय ने कहा है कि 75 वर्ष से अनुसूचितजाति और जनजाति के जो परिवार आरक्षण का लाभ उठा कर संपन्न हो गए अब उनको भविष्य में आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरक्षित जातियों में कुछ प्रभावशाली परिवारों ने कई बार इसका लाभ उठाया परंतु कुछ अति गरीब परिवार एक बार भी लाभ नहीं उठा सके। इसलिए यह सुझाव अति आवश्यक है।

शांता कुमार ने कहा कि ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के अनुसार भारत में 19 करोड़ लोग रात को भुखे पेट सोते है। इनमें 75 प्रतिशत आरक्षित जातियों के है। यदि आरक्षण सबको बराबर मिला होता तो आरक्षित जातियों में इतने वर्षों के बाद भी गरीब न होते। उन्होंने हिमाचल सरकार से विशेष आग्रह किया है कि सुप्रीम कोर्ट के इस महत्वपूर्ण सुझाव को अति शीघ्र लागू किया जाए।

### प्रदेश में आज और कल बर्फबारी-बारिश के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में आज और कल बर्फबारी-बारिश के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में 12 जनवरी को राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बारिश-बर्फबारी व निचले पर्वतीय-मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 13 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। वहीं अगले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है।

इसके बाद अगले दो दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में तापमान में 3-4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

## प्रदेश सरकार एवं एएफडी के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार ने आज यहां फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी के साथ हिमाचल प्रदेश-आपदा जोखिम न्यूनीकरण और तैयारी परियोजना (एचपी-डीआरआरपी) पर समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया। यह समझौता ज्ञापन मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किया गया।



हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त सचिव और परियोजना निदेशक, पीएमयू निशांत ठाकुर जबकि एएफडी की ओर से ईडिया कैमिले सीवरेक के उप-निदेशक ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजना एएफडी से 100 मिलियन यूरो के द्विपक्षीय वित्तीय समझौते के साथ सरकार और समुदायों की आपदा जोखिम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन अनुकूल क्षमता को मजबूत करने पर केंद्रित है।

## तत्तापानी में मकर संक्रांति मेले के लिए प्लॉट अस्थायी दुकानदारों को आवंटित

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

प्राकृतिक सल्फर युक्त प्राकृतिक ग्रीष्म जल स्त्रोतों के लिए प्रदेश भर में प्रसिद्ध महर्षि जमदग्नि की तपोस्थली तत्तापानी में जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेले को लेकर तैयारियां जोरो-शोरों से चल रही है। शुक्रवार को मेला स्थल पर प्लॉट आवंटित किए गए।

गुरवार को आरंभ हुई प्लॉट आवंटन प्रक्रिया शुक्रवार को समाप्त कर दी गई और मेला स्थल के सभी प्लॉट अस्थायी दुकानदारों को आवंटित कर दिए गए। वहीं थाना प्रभारी करसोग विपिन चौधरी और थाना प्रभारी सुन्नी दिलु राम शर्मा ने भी मेला स्थल का जायजा लिया। बता दें कि मेला तत्तापानी में जिला स्तरीय



मकर संक्रांति मेले का उद्घाटन कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक अर्की संजय अवस्थी करेंगे।

कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष भगत राम व्यास ने बताया कि मकर संक्रांति मेले के दूसरे दिन 14 जनवरी को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को निमंत्रण दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## अजय महाजन ने बिजली सब्सिडी छोड़ी

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

नूरपुर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस विधायक अजय महाजन ने बिजली सब्सिडी छोड़ दी है। इस मौके पर उन्होंने बिजली बोर्ड के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता विकास ठाकुर को अपना बिजली सब्सिडी छोड़ने का फॉर्म भर कर सौंप दिया।



पूर्व विधायक अजय महाजन ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रदेश को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के प्रयासों से प्रेरणा लेकर अपनी बिजली सब्सिडी स्वेच्छा से छोड़ी है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास की राह में आगे बढ़ रहा है और आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रहे है, जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे है। अजय महाजन ने कहा कि सुक्खू सरकार की व्यवस्था परिवर्तन से प्रदेश नई दिशा की ओर बढ़ रहा है तथा आने वाले कुछ वर्षों में हिमाचल जैसे पहाड़ी प्रदेश आत्मनिर्भर होता नजर आएगा।

## जिलास्तरीय इंटर स्कूल टेबल टेनिस प्रतियोगिता मई में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि नशे के खिलाफ एक मुहिम के तहत और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए टेबल टेनिस की जिलास्तरीय इंटर स्कूल प्रतियोगिता मई 2025 में आयोजित करवाई जाएगी, जिसमें जिला के सभी स्कूलों से छात्रों को शामिल किया जाएगा।



उपायुक्त आज यहां टेबल टेनिस एसोसिएशन के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 टेबल टेनिस खेल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित होगा। इसके लिए सभी स्कूलों से पत्राचार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसमें भाग ले सकें। उपायुक्त ने कहा कि टेबल टेनिस सजगता पर आधारित खेल है, जिसको खिलाड़ी पूरी चुस्ती के साथ खेलते है। उन्होंने कहा कि जिला शिमला के ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत प्रतिभा छुपी है, जिसे ढूंढ कर प्रशिक्षित किया जाए तो वह प्रदेश का नाम देश और विदेशों में रोशन कर सकते है। उन्होंने एसोसिएशन को असली प्रतिभाओं को तलाशने और उनको प्रशिक्षण देने का आग्रह किया।

बैठक में सहायक आयुक्त गोपाल चंद शर्मा, जिला युवा सेवाएं व खेल अधिकारी राकेश धौटा, टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव अभय लखन पाल सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## राथल जातर को जिलास्तरीय करने पर मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुब्बल**

उपमंडल रोहड़ू की ग्राम पंचायत भौलाड़ में मनाई जाने वाली ऐतिहासिक राथल जातर को जिला स्तरीय मेला घोषित होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस जातर में क्षेत्र के आराध्य देवता पवासी महासू, देवता बनाड़, देवता देशमोलिया व देवता गुडारु (छुपाड़ी) सदियों से भाग लेते आ रहे हैं। हाल ही में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राथल जातर में शिरकत की थी और जातर को जिलास्तरीय करने की घोषणा की थी, जिसे प्रदेश सरकार ने गत दिवस हुई कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति प्रदान कर दी है।



राथल जातर कमेटी के अध्यक्ष नरेंदर राणा, देवता पवासी महासू के वजीर यश ठाकुर, उपप्रधान ग्राम पंचायत भौलाड़ किशोरी चौहान, पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत भौलाड़ गोपी चंद राक्टा व क्षेत्र की समस्त जनता ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री एवं शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

## कुपवी में तहसीलदार, नायब तहसीलदार के बाद बीडीओ का पद भी हुआ खाली

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**

जिला शिमला के दूरदराज और पिछड़े उपमंडल कुपवी में तहसीलदार और नायब तहसीलदार के बाद बीडीओ का पद भी खाली हो गया है। सरकार द्वारा गुरवार को खंड विकास अधिकारी का भी तबादला कर दिया गया है।

बीडीओ का तबादला पिछड़े ब्लॉक की 15 पंचायतों के लिए बड़ी समस्याओं का कारण बन गया है। जमीन संबंधित सभी कार्य जिसमें केसीसी लोन, रजिस्ट्री इत्यादि कार्य करवाने के लिए कुपवी से चौपाल का रुख करना पड़ रहा है और छोटा से कार्य करवाने में तीन दिन के साथ-साथ हजारों रुपए भी खर्च करने पड़ रहे है। एक दिन चौपाल पहुंचने और एक दिन चौपाल में काम करवाने में तथा तीसरा दिन अपने घर वापस कुपवी पहुंचने में लगता है।

खंड विकास अधिकारी का पद स्थानीय प्रशासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने, विकास कार्यों को सही तरीके से संचालित करने और जनता के मुद्दों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाता है, लेकिन इन पदों के खाली रहने से क्षेत्र के लोग कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

पद खाली रहने से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ सही तरीके से नहीं मिल पाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति आवश्यक होती है, ताकि योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो सके।

विशेष रूप से, सरकार द्वारा शुरू की गई ग्रामीण विकास योजनाओं, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि संबंधित योजनाएं आदि को जमीन पर उतारने में कठिनाई होगी। इसके अलावा, इन क्षेत्रों के नागरिकों को जन शिकायतों के समाधान के लिए भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

**समस्या** दस सालों से एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक की नियुक्ति नहीं की गई सरकार

## कई सालों से बिना कर्मचारी चल रहा मनेवटी पशु औषधालय

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

उपमंडल चौपाल की दूरदराज, दुर्गम और हिमाचल प्रदेश के अंतिम छोर उत्तराखंड की सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत किरण में तीन दशक पूर्व टेलर और किरण के डेढ़ दर्जन गांव के पशुपालकों के लिए एक पशु औषधालय खोला गया था। औषधालय में सुविधाओं की बात की जाए तो तीन दशक बीत जाने के बाद भी इस औषधालय के लिए भवन बनना तो दूर की बात है, इसके लिए अभी तक भूमि का चयन भी नहीं हो पाया है।

इस औषधालय के लिए गुम्मा में तैनात फार्मासिस्ट को प्रतिनियुक्त किया गया है। यह फार्मासिस्ट गुम्मा के साथ साथ मनेवटी पशु औषधालय का कार्यभार भी संभाल रहा है, परन्तु दो-दो जगह का कार्यभार संभालने में



निजी मकान के बाहर बरामदे में चल रहा पशु औषधालय

इस फार्मासिस्ट को कई किलोमीटर का सफर करना पड़ता है। पंचायत निवासी संत राम पांडेय, विजय जुरंटा, शूरवीर, देबन सिंह, सोहन सिंह, राजा चौहान आदि ने आरोप लगाया है कि दुर्गम पंचायत किरण में करीब तीन दशक पहले एक निजी घर के बरामदे में यह पशु औषधालय खोला गया था, परन्तु इसमें पिछले दस सालों से एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तक की नियुक्ति नहीं की गई है।

आज आलम यह है कि लोगों को अपने पशुओं की वेक्सिनेशन और टीकाकरण करवाने तथा छोटे-छोटे उपचार के लिए भी उत्तराखंड के त्यूणी से निजी फार्मासिस्ट बुलवाना पड़ता है, जोकि वेक्सिनेशन करने के एक दिन के डेढ़ हजार रुपए तक ले लेता है। इस चिकत्सालय के लिए जिस कर्मचारी की गुम्मा से प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) की गई है उसे पहले 24 किलोमीटर गुम्मा से उत्तराखंड के रिषाणु पहुंचना पड़ता है, इसके बाद यह कर्मचारी किरण रोड में कोई लिफ्ट लेकर मनेवटी पहुंचता है। ऐसे में यदि कोई पशु गंभीर रूप से बीमार हो जाए अथवा कोई भी आपात स्थिति होने पर ग्रामीणों के समक्ष भगवान के एकमात्र आसरे के सिवा कुछ भी विकल्प नहीं है। (अनंत ज्ञान)

> समय-समय पर खाली पदों और निजी भवन में पशु औषधालयों के चलने की रिपोर्ट सरकार को भेजी जाती रही है।
> -डॉ. मनीष कुमार सहोटा, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, कुपवी

## न्यूज ब्रीफ

### भरोली जदीद में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** तहसील रक्कड़ के अंतर्गत पड़ती पंचायत भरोली जदीद में शुक्रवार को भाजयुमो जिला अध्यक्ष रमन शर्मा व मंडल उपाध्यक्ष अनीश ठाकुर ने बाबा बालक नाथ यूथ क्लब भरोली जदीद द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। पहला मुकाबला परागपुर और चपलाह के बीच हुआ। इसमें परागपुर ने 57 रनों से चपलाह को हराया। इस अवसर पर मुख्यातिथि रमन शर्मा ने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट से गांव की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंस के होनहार सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंसेज छतरी के विद्यार्थियों ने विवेकानंद केंद्र कांगड़ा द्वारा आयोजित सामान्य जागरूकता परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में लगभग 3000 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इसमें पूरे राज्य में न्यू ईरा स्कूल ऑफ साइंसेज छतरी की 12वीं की छात्रा निर्दोष ने प्रथम, राहत ने द्वितीय व खुशबू मन्हास ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 11वीं कक्षा के रितेश राणा व दसवीं कक्षा की इशिता तीसरे पायदान पर रही। ज्ञात रहे इशिता ने पिछले वर्ष भी नवमी कक्षा में इसी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। विवेकानंद केंद्र कांगड़ा द्वारा 10 जनवरी को राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज टांडा के ऑडिटोरियम में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर इन बच्चों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

### नरनुह के पास टेम्पो और कार में हुई टक्कर

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** शुक्रवार दोपहर को जसूर-तलवाड़ा मार्ग पर नरनुह के समीप एक छोटा हाथी व एक कार की टक्कर हो गई। हादसे में छोटा हाथी चालक को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो टेम्पो (छोटा हाथी) फतेहपुर से रैहन की तरफ जा रहा था, जबकि कार रैहन से फतेहपुर की तरफ आ रही थी कि अचानक नरनुह के समीप दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस टक्कर में कार का काफी नुकसान हुआ, जबकि टेंपो चालक को चोटें आई हैं।



### कबीरपंथी समाज सुधार सभा की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, डरोह।** कबीरपंथी समाज सुधार सभा पालमपुर इकाई की बैठक 11 जनवरी को सुबह 11 बजे सद्गुरु कबीर आश्रम भेडू नागनी में रखी गई है। जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान विजय सिंह करेंगे। यह बैठक सद्गुरु कबीर साहेब का आशीर्वाद लेकर साल 2025 के साथ शुरू होगी। इस बैठक में कबीरपंथी समाज सुधार सभा के सभी पदाधिकारी सभा के कैशियर ओमप्रकाश के परलोक गमन पर 2 मिनट का मौन रखेंगे और कबीर साहेब से प्रार्थना करेंगे कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। इस बैठक में सभी पदाधिकारियों का आना अनिवार्य है। इस बीच दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

### जवाली में आजाद प्रेस क्लब की बैठक आज

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** आजाद प्रेस क्लब की मासिक बैठक इस बार रेस्ट हाउस जवाली में 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे रखी गई है। क्लब प्रधान रमन राणा ने बताया कि बैठक दौरान क्लब के विस्तार बारे चर्चा करने के साथ ही मीडिया कर्मियों से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।उन्होंने उपमंडल जवाली लोगों से भी अपील की है कि अगर वे भी अपने क्षेत्र से संबंधित कोई समस्या मीडिया के माध्यम से शासन या प्रशासन के समक्ष रखना चाहते हैं, तो वे भी बैठक में अपनी बात रख सकते हैं। अपनी बात रखने से पूर्व मोबाइल नंबर 8629094592 पर जानकारी देना अनिवार्य रहेगा।

### नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 18 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा शनिवार 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के कार्यकारी प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने बताया कि छठी कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी को सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक जिला कांगड़ा में स्थापित 29 केंद्रों में किया जाएगा। उन्होंने आवेदन करने वाले विद्यार्थी और उनके अभिभावकों से इसके लिए समय से सभी तैयारियां पूरी करने की अपील की है।

### नोरा मैदान में 26 को होगा वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** गणतंत्र दिवस के अवसर ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में सेवानिवृत्त एचएएस अधिकारी प्रभात शर्मा भी शिरकत करेंगे। यह जानकारी अवाम संस्था के संस्थापक व संचालक अध्यक्ष जग्गू नौरिया ने दी।

# महालपट्ट के वार्ड 1 व 4 में 5 लाख से बनेगा एंबुलेंस रोड: किशोरी लाल

## योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गंभीरता से प्रयास करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत धानग़ और महालपट्ट में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने यहां लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत कहा कि वर्तमान सरकार ने आम जनमानस को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न योजनाएं तथा कार्यक्रम आरंभ किए हैं। इन योजनाओं का लाभ ग्रामीण स्तर तक पात्र लोगों तक पहुंचे इस के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों में बेहतर सड़क, स्वास्थ्य तथा शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बैजनाथ विस क्षेत्र में पंचायतों में विकास कार्यों के लिए किसी भी स्तर पर धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। हर घर नल से बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि लोगों को पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सके।

**बोले, विकास में आड़े नहीं आएगी धन की कमी**

विधायक ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का समान विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है । उन्होंने धानग में लोक सेवा केंद्र का प्राक्कलन तैयार करने, धानग में स्कूल के दो कमरों का प्राक्कलन और धानग कूहल को सुचारु रूप से चलाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए, ताकि किसानों को समय पर सिंचाई की सुविधा मिल सके। विधायक निधि व अन्य से दोनों पंचायतों के विकासात्मक कार्यों पर लगभग़ 25 लाख खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं और जल्दी ही जनता को समर्पित किए जाएंगे। उन्होंने ग्राम पंचायत महालपट्ट के वार्ड नंबर 1 और वार्ड नंबर 4 में एंबुलेंस रोड बनाने के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

इस अवसर पर बीडीओ बैजनाथ राकेश पटियाल, प्रधान ग्राम पंचायत धानग़ रोहित कपूर, प्रधान महालपट्ट आशा देवी, उपप्रधान धानग सुरेंद, उपप्रधान महालपट्ट बनबीर, प्रदीप, शशिपाल, जोफी राम, कर्मचंद, सुरेंद्र कुमार, हरबंश, पूनम, काका शर्मा, घनश्याम शर्मा, कनिष्ठ अभियंता जल शक्ति राजेश शर्मा, अश्वनी शर्मा, पवन ठाकुर, अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और क्षेत्र के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# युवक को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले दो आरोपी काबू



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगड़ा की तहसील फतेहपुर की पंचायत मच्छोट के युवक मुनीष राणा ने दिसंबर 2023 में आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस चौकी रे प्रभारी विकास दीप शर्मा के नेतृत्व में टीम ने तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए आत्महत्या को मजबूर करने वाले दो युवकों को राजस्थान के मेबात से दबोच लिया है।

शुक्रवार को जानकारी देते हुए मृतक के चाचा एवं संबंधित पंचायत प्रधान हरपाला ने कहा कि मुनीष वर्ष 2023 के दिसंबर महीने में काफी परेशान रहने लगा था। उसने बताया कि एक औरत की आवाज में उसे फोन आता है व पैसे की मांग की जाती है। मुनीष ने बताया कि उसने एक-दो बार पैसे भी भेजे थे, लेकिन फिर पैसे मांगे जा रहे थे। पैसे न भेजने की सूरत में उसे ब्लैकमेल किया जाता था। इससे परेशान होकर एकाएक मुनीष राणा लापता हो गया था, जिसकी रिपोर्ट पुलिस चौकी रे में दी गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस के सहयोग से उसकी काफी तलाश की, लेकिन 3-4 दिन तक उसका कोई भी पता न लगा। आखिरकार पहली जनवरी, 2024 को उसका शव घर से थोड़ी ही दूरी पर जंगल में मिला। मामले में पुलिस ने तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दो युवकों सचिन व पंकज निवासी जिला अलबर राजस्थान को मेबात से दबोच लिया है। उन्हें पुलिस चौकी रे के बाद पुलिस थाना फतेहपुर लाया गया है, जहां पर आगे की जांच जारी है।

# एसडीएम ने की गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ में 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर आज एसडीएम बैजनाथ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस एसडीएम कार्यलय के प्रांगण मे मनाया जाएगा। इसमें ध्वजारोहण, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति गीत का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण होंगे।एसडीएम ने बताया प्रात: 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरा जाएगा। इस दौरान पुलिस, एनसीसी कैडेट्स द्वारा मार्च पास्ट निकाला जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व को गरिमापूर्ण और उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा।

उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अपने-अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के निर्देश दिए।इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे, जबकि स्वतंत्रता सेनानियों तथा उनके परिजनों को कार्यक्रम में विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया। (अनंत ज्ञान)

## जन आक्रोश रैली में त्रिलोक कपूर ने पालमपुर के विधायक और सरकार पर बोला हमला

# भाजपा ने कार्यालय खोले, कांग्रेस ने ताले जड़े

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के महामंत्री त्रिलोक कपूर ने पालमपुर के चचियां में जन अक्रोश रैली के माध्यम से स्थानीय कांग्रेस विधायक अशीष बुटेल व सुक्खू सरकार पर जमकर हमला किया। त्रिलोक कपूर ने कहा कि अब चचिंया से शुरुआत हो चुकी है। कांग्रेस सरकार ने जहां-जहां कार्यालय को बंद किया है, वहां भाजपा जनता के साथ अंदोलन करेगी। ताले अपने आन खुलने शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने कार्यालय खोले और कांग्रेस ने उस पर ताले जड़ दिए। उन्होंने कहा कि मैने हमेशा सच का समर्थन किया है, कांग्रेस नेताओं की तरह झूठ बोलना हमारी आदत नही है। पूर्व सरकार ने चचिंया की 15 पंचायतों की मांग पर लोक निर्माण विभाग का उप कार्यालय खोला।




उन्होंने कांग्रेस विधायक अशीष बुटेल पर हमला बोलते हुए कहा कि जो परिवार 40 वर्षों से पालमपुर की जनता से छल की राजनीति कर रहे हैं उनको इस क्षेत्र की याद क्यों नही आई। यहां के किसानों की एक ही मांग थी कि बेसहारा पशुओं ने उनके खेतों को बर्बाद कर दिया है, पशु ने फसलों को नष्ट कर दिया है। एक किसान का बेटा होने के नाते मैने जनता के दर्द को समझा। भाजपा ने 14 अक्तूबर, 2022 को यहां गौ सेंचुअरी का लोकापर्ण किया गया, जिस पर 2 करोड 40 लाख खर्च किया गया है और 42 लाख वहां के लिए स्थायी रूप से पानी की व्यवस्था और गौशाला को प्रारंभ चलान के लिए बजट भी सुरक्षित किया गया। परंतु पशुओं में आई एक लैंपी बिमारी के कारण गो सेंच्यूरी में पशुओं को रखा नही जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के लिए जनता को धोखा दिया, उनके साथ विश्वासघात किया। कांग्रेस ने 1500 रुपए के नाम पर महिलाओं को भी ठगा है।

### सफेद झूठ बोल रहे विधायक अशीष बुटेल

त्रिलोक कपूर ने कहा कि जो विधायक अशीष बुटेल ने जनता से यह सफेद झूठ बोला कि हम पालमपुर में डीसी का कार्यालय खोलेंगे। उन्होंने कहा जो परिवार एक पटवारखाना न खोल पाया हो, वह डीसी कार्यालय क्या खोलेगा। पूर्व भाजपा सरकार ने यहां की जनता की मांग पर उप-तहसील खोली तथा अस्थाई रूप से कानूनगो कार्यालय चेचियां में नायब तहसील भवन की व्यवस्था की गई। उस समय स्थायी नायब तहसीलदार द्वारा 8 अक्तूबर से 2022 से दिसंबर 2022 से एक रिकार्ड समय में क्षेत्र की जनता के 1600 प्रमाण पत्र जारी किए गए। कांग्रेस ने इस पर भी ताला लगा दिया। अब जबतक यह ताला खुल नहीं जाता हम चुप बैठने वाले नहीं। उन्होंने कहा कि आज दो वर्ष बीत जाने पर भी कांग्रेस विधायक को यह सब नजर नहीं आ रहा है।

## स्टूडेंट्स ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश




डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीहड़ी के रोड सेफ्टी क्लब ने गलोटी बाजार तक सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली। इसका मूल उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति युवाओं एवं आम नागरिकों को जागरूक करवाना था। रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने किया। रोड सेफ्टी क्लब के कार्यक्रम अधिकारी नवदीप राणा प्रवक्ता राजनीति शास्त्र ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के बारे में जानकारी दी। इस रैली में विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। (अनंत ज्ञान)

# खुंडियां बाजार के पास लगे गंदगी के ढेर

## प्राकृतिक जलस्रोत का पानी हो रहा दूषित, बीमारी फैलने का खतरा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

खुंडियां बाजार के पास लगे गंदगी के ढेर से महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है। जिस स्थान पर बाजार के कूड़े के ढेर लगाए जा रहे हैं, वहां पर पीने के पानी की सदियों पुरानी बावड़ी भी है। इस बावड़ी के पानी को लोग पीने के लिए प्रयोग करते हैं। इस गंदगी की वजह से पीने का पानी भी प्रदूषित हो रहा है। इसके कारण यहां पर किसी भयानक महामारी के फैलने से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। इतना ही नहीं बावड़ी के साथ शिव मंदिर भी है। यहां फैली गंदगी की वजह से लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं। लोगों ने इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन से कई बार आग्रह किया,लेकिन आज तक उक्त समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। पूर्व सैनिक एवं समाज सेवी सूबेदार हरभजन राणा ने बताया कि व्यापार मंडल खुंडियां द्वारा बाजार से कूड़ा उठाने के लिए मासिक तनख्वाह पर एक सफाई कर्मचारी भी रखा हुआ है, लेकिन कूड़े के निस्तारण के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। लोगों ने प्रशासन से समस्या के दिनान के लिए आग्रह किया है। वहीं, खुंडियां पंचायत प्रधान प्रताप सिंह राणा ने कहा कि कूड़े के निस्तारण के लिए जगह उपलब्ध करवाने के लिए पंचायत जल्द ही एसडीएम ज्वालामुखी से मिलेगी।



# धर्मशाला में होगा रेहड़ी-फड़ी वालों का सर्वे

## 16 से 30 जनवरी तक सर्वेक्षण करेगा स्मार्ट सिटी प्रशासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला नगर निगम में 16 से 30 जनवरी तक रेहड़ी-फड़ी और अन्य पथ विक्रेताओं के सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। यह कार्य नगर निगम के सभी 17 वार्डों में होगा, जिसका जिम्मा धर्मशाला स्मार्ट सिटी लिमिटेड को सौंपा गया है। सर्वेक्षण पूर्ण होने के बाद योग्य पात्र पथ विक्रेताओं को चयनित स्थानों का आबंटन तथा पहचान पत्र प्रदान किया जाएगा।

नगर निगम के संयुक्त आयुक्त सुरेंद्र कुमार कटोच ने बताया कि 12 दिसंबर, 2024 को उनकी अध्यक्षता में हुई स्ट्रीट वेंडर्स सर्वेक्षण कमेटी सदस्यों की बैठक में पुन: सर्वेक्षण कराने को लेकर चर्चा की गई थी। हिमाचल प्रदेश स्ट्रीट वेंडिंग स्कीम 2016 के तहत हर पांच वर्ष में यह सर्वेक्षण करवाना अनिवार्य है। नगर निगम संयुक्त आयुक्त ने बताया कि सर्वेक्षण का कार्य दिन में तीन शिफ्ट में सुबह 7 से 10 बजे तक, दोपहर बाद 2 से 5 बजे और सायं 6 से 9 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई रेहड़ी-फड़ी अथवा पथ विक्रेता सर्वेक्षण के दौरान छूट जाता है तो वह 27 व 28 जनवरी को नगर निगम कार्यालय में आवेदन कर सकता है। इसके अतिरिक्त 29 व 30 जनवरी को पुन: सभी वार्डों में छूट गए पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण किया जाएगा। उसके उपरांत कोई भी आवेदन मान्य नहीं होगा।

### रेहड़ी-फड़ी वाले ये दस्तावेज रखें अपने पास

सुरेंद्र कटोच ने रेहड़ी-फड़ी तथा पथ विक्रेताओं से आग्रह किया कि वे सर्वेक्षण के दौरान राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाते की फोटो कॉपी, संबंधित वार्ड पार्षद अथवा नगर निगम से प्रमाणित परिवार सूची, हल्का पटवारी अथवा पार्षद या तहसीलदार से आय स्रोत रिपोर्ट और एससी, ओबीसी, विधवा, विकलांग, एकल नारी श्रेणी से संबंधित प्रमाण पत्र पास रखें।

### विधायक संजय रत्न ने मंजूर करवाई करोड़ों रुपए की योजनाएं : सपन सूद

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता सपन सूद ने कहा कि 2017 से लेकर 2022 तक प्रदेश में रही पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में विकास पर लगे काले ग्रहण का अंधेरा छाए जाने के उपरांत क्षेत्र के मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी संजय रत्न को अपना विधायक चुना। विधायक संजय रत्न के कार्यकाल के दौरान ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में हुए अथाह विकास ने उनके राजनीतिक विरोधियों को चारों खाने चित कर रखा है। सूद ने कहा कि संजय रत्न 2012 में पहली बार विधायक बने थे। संजय रत्न के प्रथम कार्यकाल में सबसे अधिक राशि जनहित में व्यय होने का रिकॉर्ड ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र की जनता के नाम लिखा हुआ है। 2022 में दूसरी बार चुने गए विधायक संजय रत्न वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ अपनी घनिष्ठ मित्रता निभाते हुए पिछले दो वर्ष में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की योजनाओं को स्वीकृत करवा चुके हैं।



# डाडासीबा में चार रुपए बिक रही गोभी, 20 रुपए टमाटर

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



डाडासीबा में इन दिनों गोभी 4 रुपए प्रति किलो बिक रही है तो अन्य सब्जियों के दामों में भारी गिरावट होने पर लोग सुबह से ही लाइनों में लगकर सब्जी खरीद रहे हैं। यहां सब्जियां लेने के लिए उपमंडल भर के लोग पहुंच रहे हैं। देखने में यह भी आ रहा है बाहर से आने वाली बसों के चालक भी डाडासीबा से सब्जियां खरीद कर लोगों को पहुंचा रहे हैं। यहां गोभी 4 से 5 रुपए, टमाटर 20, प्याज 25, आलू 20 रुपए किलो, मटर 30 से 35 रुपए बिक रहा है। यहां बाकी सब्जियां भी सस्ते दामों पर बिक रही हैं। लोग बोरियों में भरकर सब्जी खरीदकर ले जा रहे हैं। लोग सुबह 8:30 बजे के करीब ही सब्जी की दुकानों के बाहर पहुंच रहे हैं। जैसे ही सब्जियों की गाड़ी पहुंचती हैं तो लोग गाड़ी से सब्जियां उतारने भी नहीं देते और सब्जियां खरीदना शुरू कर देते हैं।

### तिब्बती राष्ट्रपति ने माइक को अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मैक्लोडगंज।** निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति पेनपा त्सेरिंग ने माइक जॉनसन को पत्र लिखकर उन्हें अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष के रूप में उनके पुन: निर्वाचन पर बधाई दी। सिक्योंग ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की कांग्रेस तिब्बती मुद्दे की अडिग समर्थक रही है, जिसने दशकों से महत्वपूर्ण द्विदलीय समर्थन प्रदान किया है। दोनों पक्षों की ओर से यह दृढ़ प्रतिबद्धता तिब्बती मुद्दे के लिए दीर्घकालिक अमेरिकी नीति और समर्थन को मजबूत करने में सहायक रही है। आपके अध्यक्षत्व के तहत, हम बातचीत के माध्यम से मध्य मार्ग दृष्टिकोण के आधार पर चीन-तिब्बत संघर्ष को हल करने की दिशा में अपने महत्वपूर्ण कार्य को जारी रखने की आशा करते हैं। उन्होंने अपना आभार व्यक्त किया और तिब्बती लोगों के लिए अमेरिकी कांग्रेस के स्थायी समर्थन के महत्व पर प्रकाश डाला।



# मंत्री गोमा को बताईं कृषि सहकारी सभाओं के कर्मियों की समस्याएं

**अजय पाल, पालमपुर**



कृषि सेवा सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ की बैठक शुक्रवार को पंचरुखी में जिला अध्यक्ष रणवीर जम्वाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक मे कर्मचारियों को आ रही समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। बैठक के उपरांत कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कटोच की अध्यक्षता में आयुष, खेल, युवा सेवाएं एवं कानून मंत्री यादविंद्र गोमा से मिला व कृषि सेवा सहकारी सभाओं के कर्मचारियों को आ रही समस्याओं के बारे में अवगत करवाया।

जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कटोच ने बताया कि मंत्री गोमा ने हमारी समस्याओं को बड़ी गौर से सुना व हरसंभव इन समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रशांत कटोच, संजय मन्हास, कुलदीप भट्ट, राजिंदर सिंह व राजिंदर कुमार मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**वर्कशॉप**

## केंद्रीय यूनिवर्सिटी में आयोजित अनुसंधान कार्यशाला में समाज विज्ञान शोध क्षमता वृद्धि पर दिया जोर

# शोधार्थियों को दी शोध गंगा, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग 10 दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला में पूरे भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 30 शोधार्थियों का चयन हुआ था। इस कार्यशाला का उद्देश्य समाज विज्ञान के शोधार्थियों की शोध क्षमता को बढ़ाना है। इस 10 दिवसीय अनुसंधान कार्यशाला के पांचवें दिन डॉ. एचएल शर्मा को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. एचएल शर्मा राजकीय महाविद्यालय नेर्वा में प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं तथा वह उच्चतर शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश के अर्थशास्त्र विभाग में सह-प्राध्यापक रह चुके हैं। कार्यशाला के पहले सत्र में डॉ. एचएल शर्मा ने शोधार्थियों को एक्सेल सॉफ्टवेयर के बारे में संक्षिप्त रूप से सिखाया, जिससे शोधार्थियों को भविष्य में डाटा विश्लेषण करने में सहयता मिलेगी। एक्सेल में इनपुट मेसेज, कंडीशनल फॉर्मेटिंग, हाइड सेल, डुप्लीकेट डाटा हटाना, ड्रॉपडाउन लिस्ट, फ्रीज पेनल, वॉटरमार्क लगाना, मीन, मीडियन, मोड से डाटा एनालिसिस करना इत्यादि सिखाया गया। सत्र के अंत में शोधार्थियों की शंकाओं का समाधान किया गया। सत्र के अंत में प्रो. संजीत सिंह ने डॉ. एचएल शर्मा को टोपी-शॉल पहना कर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सीमा शर्मा भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जिन्हें डॉ. शशि पूनम ने टोपी-शॉल पहना कर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



दूसरे सत्र में डॉ. विक्रम शर्मा को विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया, जो कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में पुस्तकालयाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. विक्रम शर्मा ने शोधार्थियों को अनुसंधान अखंडता, डायरी लिखना, शोध संसाधन, ई-पुस्तक, ई-पत्रिका, अनुसंधान नैतिकता, ई-पुस्तकालय, शोध गंगा, नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी, टर्नटिन इत्यादि के बारे में बताया गया। सत्र के अंत में शोधार्थीयों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। कार्यशाला के अंत में प्रो. संजीत सिंह और शोधार्थियों ने डॉ. विक्रम शर्मा जी को टोपी-शॉल पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### वॉलीबाल प्रतियोगिता और भंडारा 20 को



**अनंत ज्ञान, डरोह।** ढाटी सांबा छिंज मेला समिति की बैठक समिति प्रधान कुलवीर सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 जनवरी को बाबा लखदाता जी के प्रकटोत्सव मनाने के तहत मंदिर में जग (भडांरा) का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निणय लिया गया कि उस दिन यानी 20 जनवरी को ही वॉलीबाल प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। इसके लिए प्रति टीम से 500 रुपए की एंट्री फीस ली जाएगी। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सांबा, रोड़ा और सपडुल की महिला मंडलों की रस्सा-कस्सी, चेयर रेस आदि प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी, जिनसे एंट्री फीस नहीं ली जाएगी। महिला मंडल की प्रतियोगिताएं निशुल्क होंगी। इस बैठक में कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### नेरी के निखिल शर्मा सेना में बने लेफ्टिनेंट




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत जौड़े अंब के गांव नेरी निवासी निखिल शर्मा पुत्र चंद्रकांत शर्मा का सीडीएस के माध्यम से भारतीय सेवा में लेफ्टिनेंट के लिए चयन हुआ। प्रशिक्षण के लिए निखिल शर्मा अप्रैल महीने में ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई में ज्वाइन करेंगे। निखिल शर्मा की इस शानदार उपलब्धि से समस्त इलाका निवासी खुश है। निखिल शर्मा की इस उपलब्धि के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जौड़े अम्ब के प्रधानाचार्य पीआर शर्मा विद्यालय स्टाफ व स्कूल विद्यार्थियों ने प्रातः कालीन सभा के दौरान स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान निखिल शर्मा की माता बीना देवी व अन्य परिजन भी उपस्थित थे। निखिल शर्मा ने प्रातः कालीन सभा के दौरान अपनी सफलता व सीडीएस के माध्यम से चयन के संदर्भ में विस्तार से स्कूल विद्यार्थियों को जानकारी दी। निखिल शर्मा ने बताया कि वह 2017 से एनडीए के माध्यम से फिर 2021 से सीडीएस के माध्यम से लगातार भारतीय सेना, वायु सेना में अधिकारी के रूप में सेवाएं देने के लिए कठिन परिश्रम कर रहे थे। अंत में वर्ष 2024 में अपने लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब रहे।

### महावीर दंगल कमेटी की बैठक 13 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन में 7 फरवरी को होने वाली पच्चियां दी छिंज मेले की तैयारियों को लेकर 13 जनवरी को महावीर दंगल कमेटी के प्रधान सुदर्शन जरियाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। 9 फवरी को भंडारा भी स्थानीय पंचायत बड़ा, फस्टे, चैडू एवं सपड़ोह के सहयोग से करवाया जाएगा। मेले के सफल आयोजन हेतु कमेटी के सभी सदस्य भी इस बैठक में भाग लेंगे। कमेटी के सचिव परमजीत डोगरा ने बताया कि इस बैठक में छिंज मेले में आने वाले मुख्य अतिथियों के बारे में चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस छिंज मेले में नामी गिरामी पहलवानों को बुलाया जाएगा उसके बारे में भी चर्चा की जाएगी।

# मैक्लोडगंज में सैलानियों की तादाद हुई कम, पसरा सन्नाटा

## वीकेंड पर ऑक्यूपेंसी घटकर 20 प्रतिशत तक पहुंची, बर्फबारी का इंतजार

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में पर्यटकों के न आने से सन्नाटा पसर गया है। होटल संचालकों को मंदी के दौर से गुजरना पड़ गया है। वीकेंड पर ऑक्यूपेंसी 20 से 25 प्रतिशत तक रह गई है। एक सप्ताह पहले यह आक्यूपेंसी करीब 90 फीसदी तक थी। मौसम की मार मैक्लोडगंज सहित भागसूनाग, धर्मकोट, नड्डी, खनियारा व धर्मशाला में साफ देखी जा रही है। इससे गुलजार शहर के बाजार व नजदीकी पर्यटन स्थलों पर अब वीरानी छा गई है। ऐसे में अब शहर के होटल व मंझले कारोबारी चिंतित नजर आने लगे हैं। जनवरी के 10 दिन गुजर जाने के बाद भी मैक्लोडगंज में बर्फबारी नहीं हुई है। आम तौर में मैक्लोडगंज में नवंबर से मार्च के बीच बर्फबारी होती है। होटल व्यवसायियों का कहना है कि पर्यटकों के न होने से यहां सनाटा छाया हुआ है। नए साल के जश्न के बाद उन्हें मंदी के दौर से गुजरना पड़ रहा है। उनके अनुसार विंटर सीजन का कारोबार बर्फबारी पर निर्भर रहता है, लेकिन बर्फबारी नहीं होने के चलते पर्यटक मैक्लोडगंज का रुख नहीं कर रहे हैं। यहां मात्र 20 फीसदी कमरे ही बुक हैं। टैक्सी ऑपरेटर भी आजकल बेकार बैठे हैं। अन्य पर्यटन स्थलों पर आजकल कम ही सैलानी नजर आ रहे हैं। बाहरी राज्यों से आए पर्यटकों द्वारा अपने परिवार व दोस्तों के साथ नए साल की शुरुआल हिमाचल की हसीन वादियों और ठंडी ताजा हवा में की गई। हालांकि कारोबारियों की जिस बात की उम्मीद थी वैसा नहीं पाया क्योंकि बर्फबारी न होने के चलते पर्यटक कम संख्या में धर्मशाला पहुंचे। इससे पर्यटन कारोबारियों को हल्की निराशा हाथ लगी है। (अनंत ज्ञान)

### हिमपात न होने के कारण नहीं आ रहे सैलानी

**होटल** एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन धर्मशाला अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने बताया कि मैक्लोडगंज में बर्फबारी न होने के कारण यहां पर्यटन नहीं आ रहे हैं। अब तो आने वाले पर्यटक सीजन और धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मैचों के दौरान कुछ आस है कि पर्यटक मकलोडगंज का रुख करेंगे। मौजूदा समय में तो होटल संचालकों के साथ पर्यटन उद्योग से जुड़े कारोबारी मायूस हैं।

### शिक्षण की आधुनिक तकनीकें सीखीं

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में शुक्रवार को पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। कार्यशाला का आयोजन एनसीईआरटी, परख और परख की सीईओ इंद्राणी भादुरी के सहयोग से किया गया। शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि कार्यशाला के प्रतिभागी टीचर्स ने अपनी फीडबैक में कार्यशाला की सराहना करते हुए भविष्य में इस तरह के आयोजन करने की मांग रखी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य रहेगा कि भविष्य में भी इस तरह की कार्यशालाएं तब तक होती रहें, जबकि प्रदेश हर टीचर कम्पीटेंसी बेस्ड लर्निंग और होलीस्टिक प्रोग्रस कार्ड में ट्रेंड नहीं हो जाते। कार्यशाला में टीचर्स ने शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को सीखा है, जो कि अपने स्कूलों में इसका प्रचार करेंगे, जिससे प्रदेश में शिक्षा का स्तर बढ़ेगा, जिसका सीधा लाभ बच्चों को होगा।

## हैप्पी बर्थडे



मंडी की कीर्ति ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



कांगड़ा के कृष दमीर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



ठारू (नगरोटा बगवां) के आकर्ष को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम से विद्यार्थियों ने मोहा सबका मन

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर में प्रिंसिपल रेणु परमार व एमडी डॉ. रिचा महाजन की अध्यक्षता में प्री नर्सरी से यूकेजी और चौथी कक्षा से छठी कक्षा के बच्चों द्वारा शुक्रवार को एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नववर्ष का जश्न मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन, डायरेक्ट विशाल महाजन, एमडी डॉ. रिचा महाजन, प्रिंसिपल रेणु परमार व चीफ गेस्ट कर्नल बीआर शेखावत, गेस्ट ऑफ ऑनर एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर द्वारा दीप ज्योति प्रज्वलन से हुई। इसके बाद बच्चों ने नृत्य, संगीत, नाटक और रंगीन प्रस्तुतियों के द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रिंसिपल रेणु परमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और सभी को उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों ने भी भाग लिया और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस रंगारंग आयोजन ने विद्यालय के समर्पण और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को फिर से उजागर किया।

यह कार्यक्रम छात्रों के लिए न केवल एक मनोरंजन का अवसर था, बल्कि उन्हें एक नई ऊर्जा और प्रेरणा भी मिली। चीफ गेस्ट कर्नल बीआर शेखावत ने बताया कि आज हम सभी यहां विद्यालय के नव आरंभ समारोह में एकत्रित हुए हैं और मुझे गर्व है कि मैं इस कार्यक्रम का हिस्सा बन पा रहा हूं। उन्होंने स्कूल की सराहना करते हुए बताया कि स्कूल शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में बच्चों का चहुंमुखी विकास करने में सक्षम हैं। वहीं, एमडी रिचा महाजन ने उत्सव में आए हुए मेहमानों का धन्यावाद करते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्कूल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यालय की संस्कृति और व्यक्तित्व के समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है। (अनंत ज्ञान)

## बैजनाथ मंडल में भाजपा को अभी तक नहीं मिला सरदार

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

जहां सारे प्रदेश में भाजपा के संगठनात्मक चुनाव आम सहमति से लगभग पूरे हो चुके हैं, परंतु बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा की नई पार्टी नीति के अनुसार इस बार पूरे प्रदेश की तर्ज पर यहां भी दो मंडलाध्यक्ष बनाए जाने वाले हैं। एक अध्यक्ष ऊपरी क्षेत्र से तथा एक अध्यक्ष बैजनाथ से निचले क्षेत्र से बनाए जाने का प्रावधान है। परंतु अभी तक संगठनात्मक तरीके से पालमपुर जिले से संबंध रखने वाला बैजनाथ ही एक ऐसा विधानसभा क्षेत्र है ,जहां से अभी एक अध्यक्ष भी नहीं बनाया जा सका है। अध्यक्ष बनने के मामले को पेचीदा होते देख ऊना जिले के गगरेट विधानसभा से संबंध रखने वाले पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, पालमपुर जिले के प्रभारी एवं प्रदेश सचिव सुमित शर्मा पालमपुर जिले की नवनियुक्त अध्यक्ष रागिनी कार्यकर्ताओं की रग टटोलते बैजनाथ पहुंचे थे। यहां पर अधिकतर कार्यकर्ताओं ने समर्पित कार्यकर्ता को अध्यक्ष बनाने की बात कही। ऊपरी क्षेत्र से भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता सुरेंद्र कपूर तेज तर्रार नेता चमन कपूर तथा पार्टी महासचिव अजय जमवाल जिला प्रवक्ता संजय सोनी के नाम प्रमुखता से आगे आए हैं। जहां तक निचले क्षेत्र का सवाल है, वहां पर चौबिन से जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र कुमार बबलू, वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष डॉ. अनिल मिन्हास, सीमा चौधरी तथा मौजूदा समय में युवा मोर्चा के अध्यक्ष अनूप राणा के नाम प्रमुखता से उठाएंगे। जहां तक बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का सवाल है तो स्थानीय तौर पर यहां पर पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ही अभी तक सर्वोपरि नेता है, परंतु पार्टी महासचिव व कांगड़ा चंबा के प्रभारी तथा बैजनाथ विधानसभा से ही संबंध रखने वाले त्रिलोक कपूर की सहमति के बिना यहां पर मंडल अध्यक्ष का चुनाव होना नामुमकिन ही लग रहा है क्योंकि इस समय पार्टी में त्रिलोक कपूर का कद काफी बड़ा माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

### मकर संक्रांति पर होगा विशाल उद्यापन कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गरली।** प्राचीन धर्मराज शिव मंदिर जोह रोड पिरथीपुर फकुटी में गत वर्ष की तरह इस बार भी मकर संक्रांति पर विशाल उद्यापन कार्यक्रम आयोजित होगा। जानकारी देते हुए मंदिर आयोजक पंडित राम गोपाल डोगरा व पुजारी अशीष डोगरा ने बताया कि मकर संक्रांति को यहां धर्मराज पूजन का महत्व विशेष माना जाता है। इसमें जिला कांगड़ा भर के ही नहीं बल्कि ऊना, हमीरपुर, मंडी आदि जिलों के भारी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच कर अपने जीवन की सुख समृद्धि के लिए विधिवत धर्मराज का हवन यज्ञ पूजन करते हैं।

### पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

## अन्वेषण अधिकारियों को बताए महिला सुरक्षा कानून

**राकेश डोगरा, डरोह**



पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में महिला सुरक्षा पर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 8 से 10 जनवरी तक किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों के 16 अन्वेषण अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान यशवंत सिंह डीएसपी (कोर्स डायरेक्टर), कुलदीप कुमार डीएसपी, कर्ण गुलेरिया डीएसपी, कपिल देव (जिला न्यायवादी), इंस्पेक्टर विनोद कुमार शर्मा, इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, उनि टेक चंद, सउनि दलवीर सिंह, सउनि अंजना देवी तथा सउनि सरवण कुमार प्रभारी कंप्यूटर शाखा द्वारा महिलाओं से संबंधित अपराधों/लैंगिक अपराधों के अन्वेषण, गुमशुदा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित मानक संचालन प्रक्रिया तथा अन्वेषण में फॉरेंसिक साइंस की भूमिका, डीएनए का महत्व एवं महिलाओं विरुद्ध लैंगिक अपराधों में भौतिक एवं जैविक साक्ष्यों के सही प्रकार से संग्रहण आनॅलाइन क्राइम एवं अब्यूज ऑफ सोशल नेटवर्क साइट तथा महिलाओं का घरेलू हिंसा में संरक्षण एवं मानवीय न्यायालयों के निर्णयों तथा नवीनतम कानूनी प्रावधानों आदि पर जानकारी दी गई।

उपरोक्त मामलों में एसएईसीके किट प्रयोग करने बारे भी व्यावहारिक एवं प्रेक्टिकल ज्ञान तथा संवेदनशीलता से कार्य करने बारे जानकारी दी गई। यशवंत सिंह डीएसपी कोर्स डायरेक्टर, भवानी शंकर उनि, दलवीर सिंह सउनि, व महिला आरक्षी तनूजा सहायक कोर्स डायरेक्टर ने कोर्स को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान यशवंत सिंह डीएसपी ने प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षुओं को कोर्स सर्टिफिकेट प्रदान किए। (अनंत ज्ञान)

### महल और भ्याड़ के मेधावी नवाजे

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय माध्यमिक विद्यालय भ्याड़ व राजकीय प्राथमिक पाठशाला महल ने संयुक्त रूप से वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में स्वंयसेवी कैप्टन लेख राम शर्मा ने शिरकत की साथ में चमन लाल शर्मा कांग्रेस पार्टी सचिव हमीरपुर) ग्राम पंचायत उप प्रधान राव जी सेवानिवृत प्रधानाचार्य प्रभात शर्मा एसएमसी प्रधान मेहर चंद परिमाल और ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्या सीमा डोगरा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और विद्यालय की 2023-24 की शैक्षणिक और खेलकूद का ब्यौरा प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि लेख राम शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के निमार्ण की आधार शिला है। ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या और शिक्षकों ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूलों के मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी बांटे गए।

## पुलिस ने युवक की हत्या के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**



पीपीएस वरिष्ठ पुलिस कप्तान पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लो ने जिला पुलिस को बुरे तत्वों से सख्ती से निपटने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। इन्हीं निर्देशों की अनुपालना करते हुए जिला पुलिस ने एक युवक की हत्या करने के आरोप में तीन युवकों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार गत 6 जनवरी को मुख्तियार सिंह पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम बरई निचलीली थाना शाहपुरकंडी ने अपने पुत्र बलजीत सिंह की गुमशुदगी की सूचना थाना शाहपुरकंडी में दी कि उसके पुत्र बलजीत सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष 4 जनवरी को कीर्तन करने गए थे जो वापस घर नहीं आए। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उन्हें शक हुआ कि उनके बेटे का अज्ञात लोगों ने हत्या की नियत से अपहरण कर लिया है। इस पर उन्होंने पुलिस स्टेशन शाहपुरकंडी में मामला दर्ज करवाया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि 4 जनवरी को ओम राज एवं दलबीर कुमार उर्फ मुन्ना निवासी छानी थाना सुजानपुर मृतक बलजीत सिंह को उसके मोटरसाइकिल पर कहीं ले गए थे। इस पर ओम राज एवं दलबीर कुमार उर्फ मुन्ना से कड़ाई से पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया कि वे बलजीत सिंह को शिव स्टोन क्रशर पर ले जा रहे थे तो रास्ते में उन्हें गांव शहर छन्नी निवासी जसवंत कुमार पुत्र तरसेम लाल मिला। चारों ने शिव स्टोन क्रशर बेहड़ीड़ी में शराब पी और मृतक बलजीत कुमार के दोनों पैर और हाथ रस्सी से बांध दिए और बलजीत कुमार के मुंह में रस्सी डालकर गला घोंटकर हत्या कर दी। उन्होंने रावी नदी की झाड़ियों में बलजीत सिंह के शव को फेंक दिया। उक्त मामले के अलावा इस मामले में ओम राज, दलबीर कुमार उर्फ मुन्ना और जसवन्त कुमार उत्तन को भी नामजद किया गया है और उन्हें धारा 103 बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उक्त आरोपी और मृतक बलजीत सिंह के शव की पहचान की गई है। विडंबना यह है कि ओम राज का एक महिला के साथ अफेयर था और मृतक बलजीत सिंह ओम राज का दोस्त था। महिला ने पिछले 2 माह से आरोपी ओम राज से बातचीत बंद कर दी थी, जिस पर ओम राज को शक हुआ कि उसकी महिला मित्र और मृतक बलजीत सिंह के बीच अफेयर है, जिसके चलते आरोपियों ने बलजीत सिंह की हत्या कर दी थी। पठानकोट पुलिस ने सूझबूझ और तकनीकी सहायता से उक्त ब्लाइंड मर्डर के आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

### गोशाला संचालकों के साथ गोसेवा समिति की कल होगी अहम बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल गोसेवा समिति पंजी जिला हमीरपुर की सभी पंजीकृत गोशाला के संचालकों के साथ एक आवश्यक बैठक 12 जनवरी को गोशाला जमली धाम परिसर में प्रात: 10.30 बजे आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा गोवंश के लिए किए जा रहे प्रयास, नए साल के स्वदेशी कलेंडर बनाने संबंधी चर्चा, गोशालाओं के सदस्यता पर विचार+विमर्श तथा वर्ष 2025-26 में समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की जाएगी। जिला के सभी गोशाला संचालकों से अनुरोध है कि मीटिंग में समय पर पहुंचें। यह जानकारी हिमाचल गोसेवा समिति जिला हमीरपुर के अध्यक्ष केशव शर्मा ने दी।

## पीएम श्री स्कूलों की स्पर्धाओं में छाए हमीरपुर के छात्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय पीएम श्री स्कूल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। दो श्रेणियां में प्रथम और दो श्रेणियां में द्वितीय स्थान हासिल किया। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में 8 और 9 जनवरी को आयोजित इन प्रतियोगिताओं में हमीरपुर जिला के विद्यार्थियों ने डिजिटल क्रेस्ट (सेकेंडरी) और क्विज (प्राइमरी) में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि क्रिएटिव आर्ट (प्राइमरी) और डिजिटल क्रेस्ट (प्राइमरी) में द्वितीय स्थान पर रहे। जिला उपनिदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार, डाइट के प्रधानाचार्य मदनलाल बन्याल और जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई दी। यह बात जिला हमीरपुर के लिए गर्व की बात है कि हमारे विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इतना अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत और उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। जिला समन्वयक पुनीत कुमार ने कहा कि इस प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोटा ने डिजिटल क्रेस्ट (सेकेंडरी) और पीएम श्री राजकीय प्राथमिक पाठशाला चंबोह ने क्विज (प्राइमरी) में प्रथम स्थान हासिल किया। पीएम श्री राजकीय प्राथमिक पाठशाला मटहानी ने डिजिटल क्रेस्ट (प्राइमरी) में द्वितीय स्थान हासिल किया और पीएम श्री राजकीय प्राथमिक पाठशाला गलोड़ और पीएम श्री राजकीय प्राथमिक पाठशाला भोटा ने संयुक्त रूप से क्रिएटिव आर्ट (प्राइमरी) में द्वितीय स्थान हासिल किया।

## 10 दिन में नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के 17 लोगों की टांडा अस्पताल में हुई मृत्यु

### पूर्व विधायक अरुण कुमार ने सुक्खू सरकार पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक अरुण कुमार ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल बेहद निराशाजनक रहा। सरकार ने इन दो सालों में लोगों को निरंतर ठगने का काम किया है। सरकार ने केवल झूठ के सहारे ये दो साल निकाले। सुक्खू सरकार यह राग अलापी रहती है कि प्रदेश पर भारी भरकम कर्जा हो गया है और वह निरंतर कर्ज पर कर्ज ले रही है। सरकार ने कभी भी अपने संसाधन बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया। सरकार ने कोई गारंटी आज तक पूरी नहीं की। लोगों को यह प्रलोभन दिया गया था कि सरकार गारंटियां पूरी करेगी। नगरोटा बगवां में कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री प्रियंका गांधी ने रैली में यहां की महिलाओं और बेटियों से वादा किया था कि जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी उनको हर माह 1500 रुपए दिए जाएंगे, लेकिन वो गारंटी आज तक पूरी नहीं हो पाई है। महिलाओं से बकायदा फार्म भरवाए गए, लेकिन 1500 रुपए फिर भी नहीं मिली। यहां से बेरोजगार यात्राएं निकाली गई। उनसे रोजगार का वादा किया गया, लेकिन आज उनको कोई नौकरी नहीं है। युवा और बेरोजगारों की लगातार बढ़ रही संख्या चिंताजनक है। सरकार से पूछा जाता है तो सरकार के पास कोई जवाब नहीं होता। टांडा अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का बुरा हाल है। पिछले दस दिनों में नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के 17 लोगों की मृत्यु टांडा में हो चुकी है। प्रदेश में अनुबंध, वेतनभोगी, आउटसोर्स तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को भी सरकार की तरफ से कोई सहायता नहीं मिल रही। सरकार इनको कोई लाभ नहीं देना चाहती है। अगर इन सबको कोई लाभ नहीं देना है तो पंचायतों को बीच में फंसाने की कोई जरूरत नहीं है।

**लॉन्चिंग** वनप्लस 13 सीरीज में स्मार्टफोन तकनीक को नया आयाम देने वाले नए फीचर्स : विशाल सोनी

## वनप्लस स्टोर कांगड़ा में वनप्लस 13 सीरीज लॉन्च

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



वनप्लस स्टोर कांगड़ा में वनप्लस 13 सीरीज को लॉन्च किया गया। वनप्लस स्टोर के मार्केटिंग हेड विशाल सोनी द्वारा यह फोन लॉन्च किया गया। जानकारी देते हुए विशाल सोनी ने कहा, 'वनप्लस 13 सीरीज में हमने स्मार्टफोन तकनीक को नया आयाम देने के लिए कई नए फीचर्स पेश किए हैं। हमें उम्मीद है कि ग्राहकों को यह सीरीज बहुत पसंद आएगी।' उन्होंने कहा कि वनप्लस कांगड़ा स्टोर ने ग्राहकों को हैंड्स-ऑन डेमो, विशेषज्ञ परामर्श और विशेष ऑफर्स प्रदान किए। साथ ही कहा कि इस फोन को ग्राहक ईएमआई द्वारा भी खरीद सकते हैं व जो ग्राहक आइसीआइसीआइ कार्ड पर फोन लेता है, उसको 5000 का कशबैक भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि कांगड़ा का यह वनप्लस स्टोर हिमाचल का एकमात्र वनप्लस एक्सक्लूसिव और भरोसेमंद स्टोर है, जो मुख्य बाजार कांगड़ा में टीवीएस शोरूम के सामने स्थित है। इस इवेंट में वनप्लस 13 और वनप्लस 13, जैसे नए मॉडल्स को पेश किया गया। ग्राहकों को नए वनप्लस 13 सीरीज का प्रत्यक्ष अनुभव मिला और उन्होंने इसके नवाचार को समझा।

वनप्लस 13 सीरीज में कई नए फीचर्स पेश किए गए हैं, जो स्मार्टफोन तकनीक को नया आयाम देंगे। इनमें फ्लैगशिप स्नैपड्रैगन 8 एलीट और स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 पावरफुल प्रोसेसर, 5वीं पीढ़ी के हैसलब्लैड के साथ 120× जूम, 4के डॉल्बी विजन सिनेमैटिक वीडियो कैप्चर, एआई पावर्ड स्नैपशॉट फोटोग्राफी के साथ क्लियर बर्स्ट, ऑक्सीजन ओएस 15, गूगल जेमिनी और सर्कल टू सर्च शामिल हैं। स्टोर ने ग्राहकों को हैंड्स-ऑन डेमो, विशेषज्ञ परामर्श और ऑफर्स प्रदान किए। कांगड़ा का यह स्टोर हिमाचल का एकमात्र वनप्लस एक्सक्लूसिव और भरोसेमंद स्टोर है, जो मुख्य बाजार कांगड़ा में टीवीएस शोरूम के सामने स्थित है। (अनंत ज्ञान)

### फीचर्स

**शानदार स्पीड और परफॉर्मेंस के लिए।फ्लैगशिप स्नैपड्रैगन 8 एलीट और स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 पावरफुल प्रोसेसर**
**कैमरा सहयोग : 5वीं पीढ़ी के हैसलब्लैड के साथ 120× जूम**
**4के डॉल्बी विजन सिनेमैटिक वीडियो कैप्चर**
**एआई पावर्ड स्नैपशॉट फोटोग्राफी के साथ क्लियर बर्स्ट।**
**ऑक्सीजन ओएस 15 गूगल जेमिनी और सर्कल टू सर्च।**
**डिस्प्ले: 2के 120एचजेड क्वाड-कर्व प्रोएक्सडीआर से सुसज्जित।**
**सिरेमिक गार्ड द्वारा संरक्षित।**
**आईपी69 और आईपी68 सुरक्षा के साथ एक्वा टच 2.0 और ग्लव मोड।**
**लंबी बैटरी लाइफ :6000 एमएच।**

## न्यूज ब्रीफ

### झंडूता स्कूल की छात्राओं को मिलेगी छात्रवृत्ति



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** एससीईआरटी सोलन द्वारा आयोजित स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता की दो छात्राओं आराध्या शर्मा व शानवी नड्डा का चयन हुआ है, यह दोनों छात्राएं इस समय छठी कक्षा में पढ़ रही है। इन दोनों छात्राओं ने पांचवीं की परीक्षा राजकीय प्राथमिक पाठशाला छुम्हाण से उत्तीर्ण की थी । इन दोनों छात्राओं को छठी में 4000 रुपए प्रति महीना सातवीं में 5000 रुपए प्रति महीना व आठवीं में 6000 रुपए प्रति महीना छात्रवृत्ति मिलेगी। इस समाचार से दोनों पाठशालाओं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य पवन सख्यान व समस्त विद्यालय परिवार ने इन दोनों छात्राओं को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन संख्यान ने बताया कि हमारे विद्यालय की दो छात्राओं ने स्वर्ण जयंती मेडल मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में जिले में स्थान हासिल किए है। जिसके लिए इन्हें छठी, सातवीं और आठवीं में यह स्कॉलरशिप इन छात्राओं को मिलेगा।

### 11 व 12 को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल -।। रविंद्र चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऋषिकेश अनुभाग के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में 11 जनवरी को टेलीफोन एक्सचेंज व दून में तथा 12 जनवरी को धरारसानी, धनेटा व छत में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपुर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की है। शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा।

### बिलासपुर में डीसी ने घोषित किया स्थानीय अवकाश

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने वर्ष 2025 के दौरान जिला बिलासपुर में दो स्थानीय अवकाश की सूची जारी कर दी है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिला बिलासपुर के चारों उपमंडल जिसमें सदर बिलासपुर, झंडुत्ता, श्री नयना देवी जी और घुमारवीं में इस वर्ष सोमवार 13 जनवरी को लोहड़ी के उपलक्ष में स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को सायर मेला जुखाला के बजाय सदर बिलासपुर, श्रीनयना देवी जी, झण्डुत्ता उपमंडलों में 22 अक्तूबर गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है, जबकि घुमारवीं उपमंडल में 9 अप्रैल को ग्रीष्मोत्सव के उपलक्ष पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

### डंगार स्कूल में बच्चों को बांटीं रेवड़ियां व मूंगफली



**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में 10 जनवरी को लोहड़ी पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पाठशाला प्रधानाचार्य रेखा शर्मा द्वारा बच्चों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी गई और उन्हें लोहड़ी का इतिहास व इसके महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह कि लोहड़ी सर्दियों के अंत का प्रतीक है और लंबे दिनों तथा उत्तरी गोलार्ध में सूर्य की यात्रा का पारंपरिक स्वागत है। यह हमारी पारंपरिक धरोहर है तथा इसे सहेजना व आगे ले जाना हम सभी का कर्तव्य है। इसके अतिरिक्त उन्होंने 6 दिवसीय शीतकालीन अवकाश के लिए भी बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा कि लोहड़ी तो अच्छे से मनाएं ही लेकिन अपनी पढ़ाई को ना भूलें, क्योंकि वार्षिक परीक्षाएं बहुत निकट है। इसी अवसर पर पाठशाला में मेगा अपार आईडी दिवस भी मनाया गया। विभागीय आदेशों के अनुसार यह दिवस 9 और 10 जनवरी को पाठशाला में मनाया जाना था। इसके अंतर्गत बच्चों को अपार आईडी जनरेट करने वह उसके उससे संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। इस अवसर पर पाठशाला का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### औहर में लगा रोजगार मेला, 650 युवाओं को मिला रोजगार



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मेधावी स्किल यूनिवर्सिटी द्वारा बिलासपुर के औहर में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। वहीं इस रोजगार मेले में करीब 15 से ज्यादा प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों में भर्तियां की। इन कंपनियों में फार्मा फोर्स लैब्स, मेडिफोर्स हेल्थकेयर, श्री ओम ऑर्गेनिक्स, मंजुश्री, जुपिटर्स, जेप्टो, ओम लॉजिस्टिक्स, न्यू स्वर्ण टेक्नोलॉजीज, हॉलीडे इन, सर्नोक्स, सारा टेक्सटाइल्स, न्यूमैक्स स्किल्स, अकाल एंटरप्राइजेज और एरियल टेलीकॉम जैसी नामी कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों द्वारा एफएमसीजी, फार्मा, निर्माण, सुरक्षा सेवाएं, लॉजिस्टिक्स, आईटीईएस, और स्टाफिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भर्तियां की गई। गौरतलब है कि रोजगार मेले में 1000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्तियां की जानी थी, जिसमें 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर शैक्षिक योग्यता रखने वाले युवाओं द्वारा इस रोजगार मेले में आवेदन किए गए थे। वहीं चयन प्रक्रिया पूरी तरह कौशल आधारित रही जिससे योग्य उम्मीदवारों को उनके कौशल के अनुसार ही रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिला। वहीं हिमाचल प्रदेश के नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी इस रोजगार मेले में विशेष रूप से उपस्थित रहे और चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र वितरित किए। वहीं मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इस रोजगार मेले के आयोजन का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं के करियर को नई दिशा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है और प्रदेश सरकार युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार देकर उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भानुपल्ली बिलासपुर बैरी रेललाइन का 5वां चरण एफसीए स्वीकृति को भेजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी-बरमाणा ब्रॉडगेज रेलवे लाइन के पांचवें चरण की एफसीए क्लीयरेंस फाइल तैयार हो गई है। वन विभाग बिलासपुर पांचवें चरण के एफसीए केस को स्वीकृति के लिए चंडीगढ़ भेज रहा हैं। स्वीकृति मिलने के बाद इस रेललाइन का कार्य पांचवें चरण में प्रवेश कर जाएगा।

पांचवें फेस में 6.99 हेक्टेयर भूमि का चयन किया गया है। जिसमें 4.01 ओपन व 2.98 एरिया टन्नल के लिए रखा गया है। इस ओपन एरिया में कुछ अप्रोच रोड को शामिल किया गया है और कुछ डंपिग साइट भी बनाई जाएगी। पांचवें चरण में खैरियां, थापना, देलग व श्री नयना देवी जी विस एरिया को लिया गया है। वन विभाग बिलासपुर का कहना है कि इसके लिए विभाग ने उक्त क्षेत्र में पेड़ों की गणना व सारा औपचारिकताएं पूरी कर ली है और अब यह फाइनल अंतिम स्वीकृति के लिए भेजी जा रही हैं।

> 5वें चरण में 6.99 हेक्टेयर भूमि चिन्हित जिसमें 4.01 ओपन व 2.98 टनल एरिया
>
> स्वीकृति के बाद 5वां चरण होगा शुरू



आपको बता दें कि इस प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि रेल पटरी की चौड़ाई 1676 मिलीमीटर यानी 1.676 मीटर होगी। ऐसे में पूरे हिमाचल में 1676 मिलीमीटर चौड़ाई की पटरी वाली यह पहली ब्रॉडगेज रेलवे लाइन है। पंजाब से सटी बिलासपुर जिले की सीमा धरोट से लेकर बैरी बरमाणा तक रेलवे लाइन चार चरणों में कंपलीट होने जा रही है। अभी तक स्वीकृत चार चरणों में इस प्रोजेक्ट की राह में लगभग 15 हजार छोटे बड़े पेड़ पौधे हैं। यदि चौथे चरण की बात करें तो बध्यात से लेकर बरमाणा तक 10.885 किलोमीटर यानी कुल 11 किलोमीटर का एरिया है जिसमें 12 हेक्टेयर जमीन वन विभाग के अधीन है। इसके अलावा 45.31 हेक्टेयर निजी जमीन है जिसे अक्वायर करने के लिए प्रक्रिया जारी है।

चौथे चरण की बात करें तो बध्यात से लेकर बरमाणा तक कुल 2143 छोटे-बड़े पेड़ पौधे काटे गए हैं। जिसमें से 1021 बड़े पेड़ हैं, जबकि 1082 छोटे पेड़ पौधे तथा 40 बांस हैं।

### धरोट से लेकर बैरी बरमाणा तक चार चरणों में कंपलीट होगा कार्य

जानकारी के अनुसार रेल पटरी की चौड़ाई 1676 मिलीमीटर यानी 1.676 मीटर है, जबकि कालका-शिमला की पटरी की चौड़ाई एक मीटर है। प्रदेश में 1676 मिलीमीटर चौड़ाई की पटरी वाली यह पहली ब्रॉडगेज रेलवे लाइन है। धरोट से लेकर बैरी बरमाणा तक रेलवे लाइन चार चरणों में कंपलीट की जाएगी।

> भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी-बरमाणा ब्रॉडगेज रेलवे लाइन के पांचवें चरण की फाइन तैयार हो गई है। इस फाइल को एफसीए स्वीकृति के लिए भेजा जा रहा है। पांचवें चरण में कुल 6.99 हेक्टेयर एरिया को जोड़ा गया है। इस एरिया में कुछ अप्रोच रोड भी शामिल किए गए हैं।
>
> -मृत्युंजय माधव, वन अरण्यपाल बिलासपुर।

# झंडूता बाजार में स्पीड ब्रेकर न होने से हो रहे हादसे





**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के तहत आने वाले झंडूता बाजार में पिछले कुछ दिनों से सड़क पर अनेक दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्थानीय दुकानदारों और व्यापार मंडल के प्रधान प्रशांत शर्मा का कहना है कि इसकी मुख्य वजह यातायात संकेतक एवं स्पीड ब्रेकर का न होना है। बाजार से गुजरने वाले वाहन तेज गति से निकलते हैं। इससे दुर्घटनाएं होती हैं।

प्रशांत शर्मा का कहना है कि वाहनों की गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो दुर्घटनाओं का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, तहसील कार्यालय, कोर्ट और गांव की सड़कों से सटे होने से इस मार्ग में बड़े-छोटे वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ती जा रही है। झंडूता बाजार में प्राथमिक विद्यालय एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सड़क से सटा होने से स्कूली बच्चों को स्कूल जाते समय और आते समय भी तेज गति से आने वाले वाहन चालकों का खतरा रहता है। दुकानदारों व लोगों ने प्रशासन से हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए इन जगहों पर स्पीड ब्रेकर एवं संकेतक चिन्ह और बोर्ड लगाने की मांग की है।

प्रशांत शर्मा ने कहा कि प्रशासन ने नोटिफिकेशन जारी की थी वैसे बाजार में गाड़ियां खड़ी नहीं हो रही है। कल आरटीओ से भी बात हुई थी। झंडूता बाजार में बरोहा से उपमंडलीय अधिकारी कार्यालय तक स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं।

# ठाकुरद्वारा मंदिर झंडूता में मनाया विश्व हिंदी दिवस

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

झंडूता उपमंडल के ठाकुरद्वारा मंदिर झंडूता में विश्व हिंदी दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में झंडूता के कांग्रेस नेता विवेक कुमार बतौर मुख्यातिथि पधारे। इस कार्यक्रम में झंडूता उपमंडल के विभिन्न इलाकों से लोग झंडूता पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके व ध्वजारोहण के साथ की गई। इस कार्यक्रम में झंडूता उपमंडल के विभिन्न महिला मंडलों ने भाग लिया। और बहुत ही अच्छे अच्छे भाषण दिए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने भी भाग लिया।

मुख्यतिथि विवेक कुमार ने बताया कि आज झंडूता में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर जल संभल समिति ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसके लिए मुझे यहां आने का मौका मिला। समिति के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने संस्था को 5100 रुपए की राशि भी भेंट की।

### दो आरोपियों से 6.61 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, घुमारवी।** पुलिस ने दो युवकों से 6.61 ग्राम चिट्टा बरामद कर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार बरमाना पुलिस ने आलसु के पास नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान एचपी 24ए 3789 नंबर की कार को रोका गया। चेकिंग के दौरान पुलिस को कार के डैशबोर्ड से 6.61 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों में पवन कुमार (39) पुत्र सदा राम, निवासी बोहट कसोल, जिला बिलासपुर परमजीत (40) पुत्र सुख राम, निवासी खतेड़, बरमाना, जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने कार को जब्त कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उनके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# एसपी ने थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी बदले

**अनंत ज्ञान, बिलासुपर**

पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने जिला के कई थाना व चौकी प्रभारियों के तबादलें किए हैं। बरमाणा, भराड़ी व महिला थाना बिलासपुर के प्रभारियों को बदल दिया गया है, जिसके बदले में अन्य पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरमाणा थाना प्रभारी को बदला गया है, अब बरमाणा थाना में एक महिला पुलिस अधिकारी पूजा को कार्यभार सौंपा गया है। वहीं, सब इंस्पेक्टर अनुप को भराड़ी थाना प्रभारी व इंस्पेक्टर अश्वनी को महिला थाना प्रभारी बिलासपुर लगाया गया है।

पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि नियमानुसार कई चौकी और थानों के प्रभारियों को बदला गया है। कुछ स्थानों पर एसएचओ का समय पूरा हो रहा था तो कई पुलिस कर्मचारियों को प्रमोशन के चलते नई नियुक्तियां दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला के सभी पुलिस कर्मचारी व अधिकारी बेहतर कार्य कर रहे हैं। लेकिन अब पुलिस कर्मचारियों को अगले पढ़ाव के लिए तैयार करने के लिए यह जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

**बरमाणा, भराड़ी व महिला थाना के एसएचओ बदले**

एसएचओ भराड़ी को कमांड एंड कंट्रोल इंचार्ज एसपी ऑफिस लगाया गया है। वहीं, सबइंस्पेक्टर राजपाल पहले स्वारघाट थाना में थे, उनको खारसी चौकी प्रभारी लगाया गया है। वहीं, सज्जू राम को बरमाणा में आईयू लगाया गया है। साथ ही सब इंस्पेक्टर प्रशांत को सदर थाना से हटाकर नम्होल चौकी प्रभारी लगाया गया है। वहीं, पहले वाले नम्होल चौकी प्रभारी को सदर थाना में अटैच किया गया है। आपको बता दें कि बिलासपुर पुलिस अधीक्षक संदीप धवल द्वारा एक समय में तीन एसएचओ को बदला गया है।

हालांकि इस संदर्भ में एसपी ने यह साफ किया है कि इन प्रभारियों को उनकी परफॉरमेंस के हिसाब से नहीं बल्कि अन्य पुलिस अधिकारियों को कार्यभार सौंपने की एवज में यह निर्णय लिया गया है। एसपी ने कहा है कि इन सभी पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को तुरंत अपने स्टेशन पर ज्वाइंनिग करने के आदेश जारी किए गए हैं।

उधर, बिलासपुर एसपी संदीप धवल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ थानों और चौकियों के प्रभारियों को बदला गया है।

# बिलासपुर में बड़ी घटना को अंजाम देने के चक्कर में थे पकड़े गए युवक

## गत दिन पुलिस ने दो युवकों को 11 कारतूसों सहित किया था काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

घुमारवीं क्षेत्र के जंगल में अवैध रूप से फायरिंग का अभ्यास कर रहे युवक जिला में एक बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। पकड़े गए यह दो आरोपी युवकों के पास एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस व नौ खोखे भी बरामद हुए हैं। ऐसे में पुलिस इन पकड़े गए युवकों से पूछताछ कर रही है और पुलिस का यह भी कहना है कि इस मामले में कई और भी खुलासे हो सकते हैं। पुलिस का कहना है कि अभी शुरूआती जांच में यह पूछताछ की जा रही थी कि वह जंगल में क्यों फायरिंग का अभ्यास किया करते थे। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि उन्होंने यह कट्टा कहां से खरीदा था।

पुलिस का कहना है कि इस मामले में अभी और जांच होना बाकी है, फिलहाल पुलिस ने एक बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले युवकों को पकड़ लिया है। आरोपियों की पहचान सौरभ पटियाल निवासी घुमारवीं व अंकुश पटियाल निवासी मुहाणा घुमारवीं के रूप में हुई है।

गत दिनों इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हुआ था। इस वीडियो में अंकुश पटियाल में जंगल में फायरिंग कर रहा था। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सबसे पहले अंकुश को हिरासत में लिया और पूछताछ की। पूछताछ में उसने सौरभ पटियाल का नाम लिया। जब पुलिस ने शिनाख्त के आधार पर कार्रवाई की तो सौरभ के पास और घटनास्थल पर एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस व नौ खोखे भी बरामद हुआ हैं।

यहां बता दें कि एक तो इन लोगों ने अवैध रूप से देसी कट्टा रखा हुआ था। इसके साथ ही किसी भी क्षेत्र में फायरिंग करना अवैध होता है। यह लोग पुलिस और प्रशासन से छूपकर इस वारदात को अंजाम दे रहे थे। बड़ी बात यह है कि सौरभ उर्फ फांदी वह व्यक्ति है जो पिछले साल बिलासपुर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए हमले का आरोपी है। इसके अलावा न्यायालय परिसर बिलासपुर के पास हुए गोलीकांड का पीड़ित भी है। ऐसे में पुलिस किसी साजिश की दृष्टि से भी इस मामले को देख रही है, क्योंकि यह आरोपी पहले ही अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने हरियाणा से देसी कट्टा खरीदा था।

उधर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संदीप धवल ने बताया कि फायरिंग करने वाले दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और पता लगाया जा रहा है कि इन लोगों ने हथियार और कारतूस कहां से खरीदे थे। पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच कर रही हैं।

### भाजपा ने सोशल मीडिया से गिराया राजनीति का स्तर : संदीप

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रधानमंत्री मोदी की लांचिंग जब प्रधानमंत्री के तौर पर हो रही थी तो भाजपा का सोशिल मीडिया खेल उसी समय से शुरू हो गया था, स्मरण होना चाहिए कि थ्री-डी रैलियों में जनता को जिस प्रकार बेवकूफ बनाया गया, वह सिलसिला आज दिन तक बदस्तूर जारी है। भाजपा का यह निजी स्वार्थ था, जिसमें जनता को भ्रमित करने में वे कामयाब हो गए, लेकिन अब सोशिल मीडिया का यह लालच देश के लिए घातक साबित हो रहा है। देश में फैल रहे नफरती माहौल में भाजपा के सोशिल मीडिया विंग पर यदि समय रहते अंकुश न लगाया गया तो देश को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

यह बात प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कही। भाजपा और आरएसएस सोशल मीडिया विभागों, विंगों व सेल आदि ने देश व प्रदेश की राजनीति के स्तर को रसातल तक पहुंचा दिया है। जिसे किसी भी तरह की स्वस्थ राजनीति के लिए सही नहीं ठहराया जा सकता है।

# समारोह में शैक्षणिक और खेल क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दसगांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान और प्रमुख समाजसेवी बंत सिंह चंदेल ने की। समारोह में विद्यालय के प्रिंसिपल राकेश शर्मा, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओपी चड्डा और स्टाफ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में सीएम सुक्खू की अनूठी पहल है। यही नहीं अनाथ बच्चों के लिए अभूतपूर्व कदम, शिक्षा और सहायता में नया इतिहास भी रचा है। शैक्षणिक क्षेत्र में अव्वल रहे विद्यार्थियों में छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही खेलकूद के क्षेत्र में भी विद्यार्थियों ने अपना जलवा दिखाया।

समारोह में शैक्षणिक और खेल क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित किया गया।

**नाफरमानी** सरकारी स्कूलों में फाइनल परीक्षाएं नजदीक और आयोजन जारी

# रोक के बावजूद स्कूलों में हो रहे वार्षिक समारोह

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

अनंत ज्ञान खास खबर

उच्च शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश के निदेशक द्वारा 31 दिसंबर 2024 के बाद प्रदेश के सरकारी स्कूलों में वार्षिक समारोह आयोजित करवाए जाने पर रोक के बावजूद भी स्कूलों में सामरोह का आयोजन किया जा रहा है।

गौरतलब है कि उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक द्वारा 8 जनवरी 2025 को अधिसूचना जारी कर प्रदेश के ग्रीष्मकालीन सरकारी स्कूलों में फाइनल परीक्षा नजदीक देखते हुए छात्रों की पढ़ाई पर किसी तरह का कोई असर न हो इसके लिए वार्षिक समारोह पर रोक लगाई गई थी, बावजूद इसके बिलासपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औहर में 10 जनवरी को क्लस्टर लेवल वार्षिक समारोह आयोजित करवाया गया है जिसमें प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे जबकि उच्च शिक्षा विभाग बिलासपुर के उप निदेशक जोगिंद्र सिंह राव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बता दें पहले 20 दिसंबर 2024 तक ग्रीष्मकालीन स्कूलों में वार्षिक समारोह आयोजित करवाने की अंतिम तिथि तय की गई थी जिसे बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दिया गया था, बावजूद इसके कुछ सरकारी स्कूलों में वार्षिक समारोह आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें से एक बिलासपुर जिला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय औहर भी जहां क्लस्टर लेवल वार्षिक सामरोह का आयोजन किया गया है। तकरीबन 5 सरकारी स्कूलों के छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया है। (अनंत ज्ञान)

### छात्रों की छिपी प्रतिभा आगे लाना उद्देश्य

**इस** संबंध में जब उच्च शिक्षा विभाग के उप निदेशक जोगिंद्र सिंह राव से पूछा गया तो उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि बिलासपुर जिला के सरकारी स्कूलों में पहली से बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं 20 दिसंबर तक आयोजित करवाई गई थी जिसके चलते वार्षिक सामरोह आयोजित नहीं हो पाए थे और उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के चलते एक सप्ताह तक राजकीय शोक घोषित होने के चलते सामरोह आयोजित नहीं हो पाया, इसके पश्चात मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा कार्यक्रम को लेकर जो तारीख दी गई थी उसी तारीखों पर समारोह आयोजित करवाए जा रहे है। धर्माणी ने कहा कि क्लस्टर लेवल पर आयोजित वार्षिक समारोह का उद्देश्य विभिन्न स्कूलों के छात्रों में छिपी प्रतिभा को आगे लाना है ताकि वह शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ सकें।

### छात्र परीक्षा की तैयारी के बजाए समारोह की तैयारियों में जुटे

**उच्च** शिक्षा निदेशालय के निदेशक द्वारा 31 दिसंबर 2024 के बाद ग्रीष्मकालीन सरकारी स्कूलों में वार्षिक सामरोह आयोजित पर रोक के आदेशों के बावजूद भी सामरोह का आयोजन होना और उसमें कैबिनेट मंत्री का शामिल होने पर निशाना साधते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि छात्रों की फाइनल परीक्षाएं सिर पर हैं और छात्र परीक्षाओं की तैयारी के बजाए वार्षिक समारोह की तैयारियों में जुटे हुए हैं इससे उनकी पढ़ाई पर बुरा असर देखने को मिलेगा जो छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है जिस ओर सरकार को और उनके मंत्रियों व विधायकों को देखना चाहिए। साथ ही राजेंद्र गर्ग ने कहा कि एक ओर प्रदेश सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने की बात करती है तो दूसरी तरफ अधिसूचना जारी होने के बावजूद भी सरकारी स्कूलों में वार्षिक सामरोह रुक नहीं रहे हैं।

# क्लस्टर स्तरीय कार्यक्रम शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



कार्यक्रम के दौरान राजेश धर्माणी व साथ हैं अन्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर में क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर नियोजन, आवास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। क्लस्टर स्तरीय कार्यक्रम में 10 स्कूलों के लगभग विद्यार्थियों ने भाग लिया। मंत्री धर्माणी ने कहा कि क्लस्टर स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करना विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि पियर लर्निंग के माध्यम से विद्यार्थी एक-दूसरे से ज्ञान साझा करते हैं और अपनी कमजोरियों को पहचानकर उनमें सुधार करते हैं। उन्होंने कहां कि ऐसे कार्यक्रमों से अच्छे स्कूलों की परफॉर्मेंस को देखकर अन्य स्कूलों के विद्यार्थी और अध्यापक भी प्रेरित होते हैं। उन्होंने स्कूलों में घटती छात्र संख्या पर चिंता व्यक्त कर इसे दूर करने के लिए क्लस्टर स्तर पर गतिविधियों के आयोजन को एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास और शिक्षा में अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कहा कि विद्यार्थियों को हर विषय पढ़ने और सीखने का अवसर मिलना चाहिए। लेकिन, कई बार स्कूलों में किसी विषय के अध्यापक की कमी होती है। इस समस्या को हल करने के लिए अध्यापकों को सुझाव दिया गया है।

शिक्षा उपनिदेशक जोगिंद्र राव ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी बच्चों के लिए बेहद जरूरी हैं। इस अवसर पर औहर स्कूल की प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा, अन्य विद्यालयों के प्रधानाचार्य, एसएमसी के सदस्य, पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा, पंचायत प्रधान प्रताप ठाकुर, कैप्टन विजय और अन्य उपस्थित रहे।

# उपनिदेशकों से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल



मुलाकात के दौरान शिक्षक संघ के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला बिलासपुर का एक प्रतिनिधिमंडल नवनियुक्त उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा नरेश चंदेल और उपनिदेशक क्वालिटी कंट्रोल जिला बिलासपुर निशा गुप्ता से उनके कार्यालय बिलासपुर में मिला।

जिला कार्यकारिणी ने नरेश चंदेल और निशा गुप्ता को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान रमेश शर्मा ने दोनों अधिकारियों को प्राथमिक शिक्षा के उत्थान और विकास के लिए पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया। उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा नरेश चंदेल ने प्राथमिक शिक्षा तथा प्राथमिक शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए मिलजुल कर कार्य करने की अपील की। उपनिदेशक क्वालिटी कंट्रोल निशा गुप्ता ने प्राथमिक शिक्षकों के सकारात्मक सहयोग के साथ प्रशिक्षण से देकर स्कूलों में आधारभूत ढांचा निर्माण करने और गुणात्मक शिक्षा लाने के लिए एक कड़ी बनकर कार्य करने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### वॉयस ऑफ शिमला में सेकेंड रनरअप रहे सुभाष प्रिंस का घर पहुंचने पर भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, चंबा।** विंटर कार्निवाल वायस ऑफ शिमला के नाम से शिमला में एक रियेल्टी शो करवाया गया, जिसमें हिमाचल के अलावा मुंबई, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व जम्मू के करीब 70 कलाकारों ने भाग लिया। इसमें साल घाटी से संबंध रखने वाले सुभाष प्रिंस ने अपनी आवाज का जादू विखेरते हुए सभी राउंड पार करते हुए तीसरा स्थान हासिल कर चंबा का नाम रोशन किया। शुक्रवार को चंबा के परोथा पहुंचने पर गांववासियों ने उसका भव्य स्वागत किया। सुभाष प्रिंस के पिता मेध राज मोहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, वहीं माता आसो देवी गृहिणी हैं। जैसे ही सुभाष घर पहुंचा माता-पिता की आंखें छलकने लगीं। उनकी इस कामयाबी से क्षेत्र के लोग गदगद हैं।

### शिविर में टीबी मुक्त भारत की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला चंबा द्वारा शुक्रवार को सौ दिवसीय टीबी जांच एवं पहचान अभियान के अंतर्गत पंचायत सचिव, पंचायत सहायकों और पीआई के लिए खंड विकास अधिकारी कार्यालय मैहला चंबा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला चंबा डॉक्टर विपिन ठाकुर ने बताया कि सौ दिवसीय टीबी जांच एवं पहचान अभियान के अंतर्गत आज खंड विकास अधिकारी कार्यालय मैहला में पंचायत में कार्य कर रहे पंचायत कर्मचारियों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी मैहला ने स्वयं ही निक्षय मित्र बनकर क्षय रोगी की मदद करने की पहल की और उम्मीद जताई कि पंचायतीराज से और भी लोग निक्षय मित्र बनने के लिए प्रेरित होंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को टीबी उन्मूलन की शपथ भी दिलाई गई।

### चंबा के चार ब्लॉकों में खुलेंगी उचित मूल्य की दुकानें

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले के चार विकास खंडों के तहत आती पंचायतों में अब चार नई उचित मूल्य ही सहकारी दुकानें खुलेंगी। विभाग की ओर से इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। 29 जनवरी तक आवेदकों को अपने आवेदन विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। इसके बाद विभाग की ओर से आवेदनों की जांच की जाएगी। इसके बाद छंटनी कर सूची जारी की जाएगी। जिले में उचित मूल्य की दुकानें विकास खंड मैहला के तहत आती ग्राम पंचायत फागडी के सिरैणा, सलूणी के तहत कन्धवारा के हियाण, तीसा के तहत खुशनगरी के वार्ड जुकयाणी और विकास खंड भटियात के तहत जतरून के जंगला के वार्ड नंबर दो में खुलेंगी। कार्यवाहक जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि जिले के चार विकास खंडों में अलग-अलग जगह चार उचित मूल्य की सहकारी दुकानें खोली जाएंगी। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा शुक्रवार को जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने की। उन्होंने खंड चिकित्सा अधिकारीयों द्वारा भेजी गई मासिक रिपोर्ट का आकलन किया और महत्वाकांक्षी जिले के अंतर्गत चल रही स्वास्थ्य संबधी योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा की तथा इसकी प्रोग्रेस बढ़ाने के लिए कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी नें खंड चिकित्सा अधिकारियों को स्वास्थ्य संस्थान में सफाई व्यवस्था, पेशेंट केयर और जैव-चिकित्सा अपशिष्ट पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# 400 मीटर गहरी खाई में गिरी कार, चालक की मौके पर मौत

## भरमौर के सुनारा-कुंडी रोड पर वीरवार देर रात पेश आया हादसा

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के सुनारा-कुंडी रोड पर वीरवार देर रात एक ऑल्टो कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। चालक की पहचान अनुज पुत्र सोरमा निवासी गांव अंदरोंद, पंचायत ब्रेही के रूप में हुई है। शुक्रवार सुबह जब खच्चर वाले रोजाना कार्य के लिए घर से बाहर निकले तो उन्होंने मौके पर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को देखकर इसकी जानकारी पुलिस को दी।



घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शुक्रवार सुबह घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा ले जाया गया। जहां पर शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने मामला दर्ज करके दुर्घटना के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक उक्त कार चालक वीरवार देर रात अपने भाई की बेटी को मेडिकल कॉलेज चंबा में एडमिट करवाने के बाद अपने घर अंदरोंद की तरफ जा रहा था कि अचानक अंदरोंद के समीप कार अनियंत्रित होकर 400 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भयानक थी कि इस हादसे में कार के परखच्चे तक उड़ गए। सारी रात मृतक चालक खाई में पड़ा रहा और इसकी आसपास के लोगों को भनक तक नहीं लगी।

मृतक 24 वर्षीय अनुज कुमार के घर में अभी 10 दिन पहले बच्चे का जन्म हुआ था और उसकी मृत्यु भी घर से मात्र 100 मीटर दूरी पर हुई है। उसकी पत्नी को क्या पता था कि बच्चे की आंख खुलने से पहले ही उसके सिर से पिता का साया उठ जाएगा। बहरहाल हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है।

# चिरचिंड पावर प्रोजेक्ट में बाहरी लोगों को रोजगार देने पर जताया ऐतराज



**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के ग्राम पंचायत दुर्गेठी में हुई ग्राम सभा में 5 मेगावाट के चिरचिंड हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट में हो रही है बाहरी लोगों की नियुक्ति पर पंचायत के लोगों ने कड़ा ऐतराज जताया है। इसके लिए ग्राम पंचायत में बाकायदा 16 जनवरी को कंपनी प्रबंधन को पंचायत में हाजिर होने के लिए नोटिस जारी किया है। ग्राम पंचायत व युवा मंडल ने इस दिन कंपनी प्रबंधन द्वारा हाजिर न होने पर कंपनी के खिलाफ धरना देने का ऐलान भी किया है। ग्राम पंचायत आयुक्त मंडल का कहना है कि पंचायत में भारी बेरोजगारी होने के बावजूद भी यहां पर कार्यरत परियोजना में बाहरी लोगों को तवज्जो देकर रोजगार दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत में लोगों ने कहा है कि परियोजना द्वारा रास्ते में बिजली के पोल खड़े कर दिए हैं, जिसके कारण लोगों को चलने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। युवक मंडल व ग्राम पंचायत ने परियोजना प्रबंधन पर मनमानी करने की भी आरोप लगाए हैं और चहेतों को नौकरी पर रखने पर कड़ा ऐतराज जताया है। इसके साथ ही ग्राम सभा में लोगों ने कंडी गुरैठ सड़क के बंद पड़े काम को भी जल्द से जल्द शुरू करने की मांग उठाई है। लोगों ने कहा है कि इस सड़क के काम बंद करने के कारण लोगों को काफी परेशानियां आ रही है।

**लोगों ने परियोजना प्रबंधन पर लगाए मनमानी के आरोप**

# राजेंद्र की आत्मा की शांति व न्याय दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी क्षेत्र के बनीखेत गांव के एक निजी होटल में राजेंद्र मल्होत्रा हत्या मामले में मृतक को इंसाफ दिलाने व उसकी आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को एक कैंडल मार्च निकाला गया, जो शाम ठीक साढ़े चार बजे बनीखेत बस अड्डा से मुख्य बाजार होता हुआ पद्दर के भुरु नाग देवता मंदिर परिसर में समाप्त हुआ।

इसमें जहां व्यापार मंडल बनीखेत के व्यापारी शामिल हुए, तो वहीं निजी होटल व्यवसायी एवं कर्मचारी भी शामिल रहे। क्षेत्र की विभिन्न पंचायत के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने भी इस कैंडल मार्च में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर दिवंगत की आत्मा की शांति एवं उचित न्याय के लिए प्रार्थना की। जिला परिषद सदस्य पवन टंडन ने राजेंद्र मल्होत्रा की आत्मा को शांति तथा उचित न्याय हेतु प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

वहीं, घायल हुए सचिन ठाकुर के पिता तथा अन्य ग्रामीणों ने भी इस कैंडल मार्च में पहुंचकर दिवंगत की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। कैंडल मार्च में व्यापार मंडल के प्रधान संजीव, पूर्व प्रधान शैलेंद्र शर्मा, पंचायत प्रधान अरुण राणा, व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी, पंचायत बनीखेत तथा आसपास के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कर राजेंद्र मल्होत्रा की आत्मा की शांति तथा न्याय के लिए भगवान से प्रार्थना की तथा दोनों परिवारों को आश्वस्त करते हुए भविष्य में सहयोग हेतु अपनी प्रतिबद्धता भी जताई। कैंडल मार्च शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया और 1 मिनट का मौन रखकर भगवान से राजेंद्र मल्होत्रा की आत्मा के लिए शांति की प्रार्थना की गई। (अनंत ज्ञान)

# साल में चार बार होगी किसान कांग्रेस की बैठक

## जिला चंबा की त्रैमासिक बैठक में पारित किया गया प्रस्ताव, सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



हिमाचल किसान कांग्रेस जिला चंबा इकाई की त्रैमासिक बैठक जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की याद में दो मिनट का मौन रखने के उपरांत मीटिंग में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक में सभी पदाधिकारी की उपस्थिति आवश्यक होगी और बैठक जनवरी, अप्रैल, जुलाई व अक्तूबर माह में आयोजित होगी।

इसकी सूचना 15 दिन पूर्व सभी पदाधिकारियों को जिला सचिव सुरेश कुमार द्वारा दे दी जाएगी और अनुपस्थित पदाधिकारी स्वतः ही पदभार मुक्त समझे जाएंगे। इसकी सूचना प्रदेश किसान कांग्रेस के अतिरिक्त संबंधित जिला अधिकारियों को भी दे दी जाएगी। पदाधिकारी रत्न चंद सचिव व अमर सिंह संगठन सचिव ने कृषि विभाग द्वारा किसानों को उनकी मांग के अनुरूप विशेष कर सलूणी क्षेत्र में आलू और मटर के बीज की उपलब्धता न कर पाने पर रोष व्यक्त किया है। इस पर कृषि विभाग को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। चंद्र मोहन ने प्रस्ताव रखा कि उद्यान विभाग से आग्रह किया जाए कि अच्छी किस्म के सेब के पौधे किसानों को उपलब्ध करवाए, ताकि बागवानी की तरफ किसानों का रुझान बढ़े। इसके अतिरिक्त मीटिंग में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जलाने की लकड़ी के कटान पर लगाए प्रतिबंध को तुरंत हटाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। जिला सचिव सुरेश कुमार ने प्रस्ताव रखा कि भरमौर विधानसभा के अंतर्गत दुर्गठी के गांव घुड़ैठ में बिजली का 33केवी सब-स्टेशन स्थापित किया जाए। सामान्य बिजली की आपूर्ति होने से पंचायत रूहणूकोठी, जगत,सल्ली, औरा, दुर्गठी, कूंर के स्थानीय कृषकों को लाभ मिलेगा। हिमाचल किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉक्टर दिनेश कुमार ने प्रस्ताव पारित किया कि चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नकरोड़ में भी उपतहसील खोली जाए, ताकि मिड चुराह क्षेत्रवासी राजस्व संबंधित कार्य सुगमतापूर्वक कर सकें। इसके अतिरिक्त जनजातीय क्षेत्र के अतिरिक्त पिछड़ा क्षेत्र और आकांक्षी जिला चंबा में सरकार द्वारा किसानों के लिए नौ तोड़ भूमि व्यवस्था कार्य क्रम की मंजूरी दी जाए, ताकि किसान संबल हो सके। कैबिनेट में बीपीएल के लिए आय सीमा बढ़ाकर डेढ़ लाख करने, कैंसर पीड़ित और महिला मुखिया वाले परिवार को शामिल करने के फैसले का गरीब परिवार के लिए सरकार के गहन संवेदनशील कदम का स्वागत किया है।

# पतझड़ के मौसम का पशु पालक उठा रहे फायदा

**अनंत ज्ञान, महादेव**



पहाड़ी इलाकों में जहां बर्फबारी होने से पहले मानवीय जीवन जीने से संबंधित जरूरी सामान जमा करने के साथ-साथ पशुचारा, घास, पशुओं के लिए देवदार इत्यादि के पेड़ों की सूखी पत्तियों को इकट्ठा कर लेते हैं, इसके साथ ही क्षेत्र भर के निचले इलाकों में पतझड़ के मौसम के चलते पशु पालक आदि खासा फायदा उठा रहे हैं।

पेड़ों के पत्ते जमीन पर लगातार गिरने से लोग इन्हें इकट्ठा करते जा रहे हैं और जहां सूखे हुए पतों को जलाकर पानी गर्म कर रहे हैं पतों आदि की इस धूनी की राख कोहरे की मार से क्यारियों की उपज हरी साग सब्जियों इत्यादि के लिए बचाव का रामबाण कार्य कर रही है। यही नहीं पतझड़ से लग रहे पतों के ढेर पशुओं के लिए चारे का काम करने सहित उनके बिछौने के लिए भी उतम साबित हो रहे हैं यहां यह चर्चा खूब है कि जब से घरेलू गैस का प्रयोग आमतौर पर हो रहा है तब से ईंधन के लिए पेड़ों के काटने-छांटने का काम अब न के बराबर हो गया है और अब तो सरकार ने पेड़ों के काटने पर पाबंदी लगा दी है।

### बिशन दास के निधन पर क्षत्रिय संघ ने जताया शोक

**भीम बसेडू, महादेव।** व्यापार मंडल महादेव के अंतर्गत आते कपड़े के प्रसिद्ध व्यापारी एवं समाजसेवी बिशन दास जो बिशनी लाला के नाम से मशहूर थे (90)का लंबी बीमारी के बाद अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया।

उनके निधन से क्षेत्र भर में शोक की लहर दौड़ गई है व अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उधर क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के संस्थापक सदस्य कृष्ण चंद्र महादेविया सहित अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। इसके साथ उनके निधन पर स्थानिय दुकानदारों ने भी शोक व्यक्त किया है।

# वन परिक्षेत्र कमलाह व धर्मपुर में वन मित्रों का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

वन परिक्षेत्र कमलाह व धर्मपुर में वन विभाग द्वारा वन मित्रों का परिणाम घोषित कर दिया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मपुर पवन शर्मा ने बताया कि सिद्धपुर बिट में अजय कुमार पुत्र जय सिंह बहरी, धर्मपुर बीट में शवनम ठाकुर पुत्र जगदीश चंद बनाल, मोहित ठाकुर पुत्र संजय कुमार जोदन वही बीट, कमलेश पुत्र रोशन लाल कलेहड़ी लाग धार महान बिट, आशीष कुमार पुत्र राजकुमार कुम्हारडा बीट, लुधियाना बीट साहिल भारद्वाज पुत्र जगदीश गांव व डॉ. गयुन बरोटी बीट, पारस गुमरा पुत्र प्रेम सिंह कथैली ब्रांग बीट, बलदेव सिंह पुत्र रण सिंह टौरजाजर मंडप बीट, वहीं कमलाह वन परिक्षेत्र में राहुल कुमार पुत्र बहादुर सिंह बिंगा डोडर बीट, अरमान ठाकुर पुत्र नरेश कुमार गांव कमलाह बीट, प्रियंका ठाकुर पुत्री जगदीश चंद छुईघाट शेरपुर बिट, सविता ठाकुर पुत्री संजय कुमार गांव गोरत मसोत बीट।

वहीं अभय कुमार पुत्र विनोद कुमार कालतरी टांडु बीट,अविनाश कुमार पुत्र मुंशी राम गांव कून संधोल बीट, शालिनी पुत्री प्रकाश चंद गांव गरली घरवासडा बीट, रेभव पुत्र हाकम चंद तनिहार टीहरा बीट, आंचल पुत्री संजीव कुमार बाग गरौड़ गद्दीधार बीट में चयनित हुए हैं वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मपुर पवन शर्मा ने बताया कि सोमवार तक इनके ज्वाइनिंग ले ली जाएगी।

# जीवन को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुर तहसील धर्मपुर में पर्यावरण संरक्षण के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर सतत विकास और हरित भविष्य के लिए विभिन्न ऊर्जा प्रबंधन रणनीतियों पर व्यापक चर्चा हुई। केंद्रीय विश्वविद्यालय जम्मू में प्रोफेसर व हिम साइंस कांग्रेस एसोसिएशन (एचएसएसीए) के अध्यक्ष डॉ. दीपक पठानिया ने सतत विकास पर विशेषज्ञ वार्ता दी और बताया कि केवल इस प्रकार का विकास ही पृथ्वी पर मानव अस्तित्व को सुनिश्चित करने में मदद कर सकता है। उन्होंने प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सतत विकास के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों से अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने और विभिन्न प्रकार के प्रदूषण को कम करने में योगदान देने का आग्रह किया।

इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने सफल करियर निर्माण विषय पर एक प्रेरणा व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में समय प्रबंधन और कड़ी मेहनत के महत्व का विस्तार पूर्वक बताया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह बराड़ी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

उन्होंने विद्यालय में पूरे वर्ष आयोजित पर्यावरण संरक्षण संबंधी विभिन्न गतिविधियों पर संक्षिप्त से प्रकाश डाला तथा छात्र-छात्राओं को अपने दैनिक जीवन को प्लास्टिक मुक्त बनाने की शपथ दिलाई। इस कार्यशाला में विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### सूडोकु 0042 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0041 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

11 जनवरी, 2025, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** द्वादशी (8:24): **नक्षत्र** रोहिणी (12:30), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** शुभ (11:48) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:08-12:49), **राहुकाल** (09:52 -11:10)।

**विशेष दिन**

- 11 जनवरी 2025 : शनि प्रदोष व्रत आज।
- 12 जनवरी 2025 : राष्ट्रीय युवा दिवस कल।

**मेष:** अचानक आए खर्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं। दोस्तों का सहयोग मिलेगा, लेकिन जीवन-साथी के साथ अनबन घर की शान्ति को भंग कर सकती है।

**वृषभ:** बौद्धिक चर्चा और समझौते में सफलता मिलेगी। आज किसी बड़े प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनेगी। दुकान, मकान के विवाद आपसी समझौते से हल होंगे।

**मिथुन:** राजकीय सहयोग से कार्य सिद्धि होगी। समय से भोजन और पर्याप्त, नींद न आने के कारण शरीर में अस्वस्थता होगी। अधिकारियों के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी।

**कर्क:** गुस्से पर काबू रखें। कार्यभार आज कुछ अधिक रहेगा। नए दोस्त बनेंगे। असहाय लोगों की मदद करें, उन्नति होगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में अवरोध आएगा।

**सिंह:** मानसिक रूप से मन में हताशा व्याप्त होगी। व्यापारी व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे।

**कन्या :** कम समय में काम को पूरा करने की कोशिश में कामयाब होंगे। आज बड़ा लाभ होगा। दुष्ट जन हानि पहुंचा सकते हैं। दिन की शुरुआत में थोडा समय धर्म में दें।

**तुला:** आज परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा। दोस्तों और सगे- सम्बंधियों की तरफ से भेंट-उपहार मिलने से आनंद अनुभव करेंगे। कार्य सरलता से पूर्ण होंगे।

**वृश्चिक:** आज मांगलिक प्रसंग आयोजित किए जाएंगे। प्रवास का आयोजन किए जाने की संभावना है। स्वास्थ्य के सम्बंध में प्रश्न खड़े होंगे।

**धनु :** कारोबार की बाधा दूर होकर कार्यसिद्धि होगी। गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है। बीमार व्यक्ति आज ऑपरेशन न कराएं। कार्य में सफलता मिलेगी।

**मकर :** आज परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। व्यावसायिक यात्रा व भूमि निवेश लाभदायक रहेंगे। न्याय पक्ष में मजबूती आएगी। यात्राएं होंगी।

**कुंभ :** आज के दिन लंबे समय से चले आ रहे लंबित कार्यों को आज गति मिलेगी। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी।

**मीन :** आज आपके कार्य विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे परंतु फल कम मिलेगा। परिवार के आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

# सुलेख लेखन प्रतियोगिता में भाविका प्रथम

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला मंडी में विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल कटोच, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद राणा, पवन, राखी, मंजुला, इंदु शर्मा, राजेश्वरी गुलेरिया, नीता धवन मौजूद रहे।



कन्या विद्यालय में विश्व हिंदी दिवस आयोजन के दौरान बच्चे व शिक्षक।

इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुलेख लेखन में भाविका प्रथम, सोनाली द्वितीय व वर्षा तृतीय रही। निबंध लेखन प्रतियोगिता में शाहिना प्रवीण प्रथम, निशा द्वितीय व आयुषी तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में आंचल को सामान्य प्रथम, श्रेया व पायल द्वितीय और पायल तृतीय रहे।

वाद विवाद प्रतियोगिता में झिलमिल प्रथम, ज्योति द्वितीय व डोलमा तृतीय रही। इसी प्रतियोगिता में विपक्ष में अनु कुमारी प्रथम, मंनसिरत व स्वास्तिका द्वितीय डानिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# मकर संक्रांति पर नागेश्वर महादेव कुंड में घृत पर्व की तैयारियां शुरू

**लडभड़ोल, अभिषेक शर्मा**

मकर संक्रांति के अवसर पर लडभड़ोल तहसील क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर नागेश्वर महादेव कुंड में सात दिवसीय घृत पर्व का आयोजन किया जाएगा।

मंदिर के थानापति महंत विमल गिरी ने बताया कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर शिवलिंग का मक्खन से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही 14 से 21 जनवरी तक विशेष घृतमंडल का आयोजन होगा। 21 जनवरी को रामायण का पाठ आरंभ होगा, जो 22 जनवरी को समाप्त होगा। अखंड रामायण पाठ और भंडारा भी आयोजित किया जाएगा।

महंत विमल गिरी ने क्षेत्रवासियों को इस आयोजन में भाग लेने का आग्रह किया है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सतगुरु प्रेम गिरि महाराज की प्रेरणा से भंडारे की भी व्यवस्था की जा रही है। महंत विमल गिरी ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से भाग लेने की अपील की है।

वहीं 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर शिवलिंग का मक्खन से श्रृंगार होगा, 14-21 को घृतमंडल का आयोजन होगा। 21-22 को रामायण पाठ। 22 को अखंड रामायण पाठ और भंडारा।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मटरू के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर**

सुन्नी में 8 और 9 जनवरी को आयोजित राज्य स्तरीय पीएम श्री स्कूलों की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मंडी जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला मटरू के छात्रों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विजेता टीम को ट्रॉफी ईनाम के रूप में प्रदान की गई।

यह सफलता प्राथमिक पाठशाला मटरू और शिक्षा खंड चौंतड़ा प्रथम के लिए गर्व का विषय है। छात्रों के पाठशाला लौटने पर मुख्य शिक्षिका अनीता देवी ने उनका स्वागत किया और बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



### ग्राम पंचायत छातडू की बैठक संपन्न

**आदर्श, नेरचौक।** विकासखंड बल्ह की ग्राम पंचायत छातडू की मासिक बैठक प्रधान सत्या देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुम्मी को बंद न करने का आग्रह किया है।

सत्या देवी ने बताया कि कुम्मी स्कूल 2014 से चला हुआ है उसके बाद 300 मीटर के दायरे में सरकार द्वारा तीन निजी स्कूलों का आबंटन कर दिया जिस कारण सरकारी स्कूल में बच्चों की सख्या कम हुई है। पंचायत द्वारा आश्वासन दिया है कि आगामी शिक्षा सत्र में पंचायत एसएमसी के साथ मिलकर स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने की कोशिश करेंगी।

# नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतने पर खिलाड़ी और कोच सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

68वीं स्कूल नेशनल गेम्स में कुराश खेल में सुंदरनगर के हिमालय रूप अखाड़ा ध्वाल के पहलवान और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ध्वाल में दस जमा दो कक्षा में अध्ययनरत सिद्धार्थ ठाकुर ने अंडर 19 में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया।



सुंदरनगर पहुंचने पर खिलाड़ी सिद्धार्थ ठाकुर, कोच धनीराम और पिता रूप सिंह का पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर सहित उपस्थित अन्य लोगों ने जोरदार स्वागत किया गया। सोहन लाल ठाकुर ने खिलाड़ी सिद्धार्थ, कोच और पिता को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शॉल व टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया।

**मुझे** अपने हिंदूत्व पर अभिमान है, किंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि मैं मुस्लिम विरोधी हूं। –**अटल बिहारी वाजपेयी**

## संपादकीय

# ऑनलाइन गेमिंग के खतरे

सुप्रीम कोर्ट ने 49 ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के खिलाफ वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी काउंसिल की कार्रवाई पर रोक लगाकर एक किस्म से इस धंधे में लगी कंपनियों को राहत दी है। इन कंपनियों को उनके पोर्टल के जरिए लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य यानी फेस वैल्यू पर एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डिमांड नोटिस जारी किए गए थे। तर्क यह दिया गया कि ऑनलाइन गेमिंग पर रोक न लगाना राजस्व के हितों के प्रतिकूल होगा। दरअसल, 1 अक्तूबर 2023 को जीएसटी काउंसिल ने ऑनलाइन गेमिंग दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत टैक्स लगाया था। तब छह महीने बाद लेवी की समीक्षा करने का वादा किया था। हालांकि, गेमिंग इंडस्ट्री दांव के अंकित मूल्य के बजाय ग्रॉस गेमिंग रेवेन्यू पर टैक्स का कैल्कुलेशन करने की वकालत कर रहा है। ऑनलाइन गेमिंग का धंधा मुख्य रूप से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर गेम खेलने और पैसे जीतने पर आधारित होता है।

ऑनलाइन कैसिनो, वेबसाइटें और ऐप्स जो गेम ऑफ चांस जैसे पोकर, ब्लैकजैक और स्लॉट मशीनें प्रदान करते हैं। फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म उपयोगकर्ताओं को अपनी फैंटेसी टीम बनाने और वास्तविक जीवन के खेलों पर आधारित प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति देते हैं। ऑनलाइन पोकर रूम उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन पोकर खेलने की अनुमति देते हैं। ऑनलाइन गेमिंग टूर्नामेंट जो उपयोगकर्ताओं को विभिन्न गेम्स में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देते हैं। ऑनलाइन गेमिंग जायज या नाजायज होना विभिन्न देशों और क्षेत्रों में अलग-अलग हो सकता है। कुछ देशों में ऑनलाइन गेमिंग को वैध माना जाता है, जबकि अन्य देशों में यह प्रतिबंधित या अवैध हो सकता है। भारत में ऑनलाइन गेमिंग के जायज होने के बारे में कोई स्पष्ट कानून नहीं है। हालांकि, कुछ राज्यों में ऑनलाइन गेमिंग को वैध माना जाता है, जबकि अन्य राज्यों में यह प्रतिबंधित हो सकता है। ऑनलाइन गेमिंग को बंद करने के लिए कई तरीके हो सकते हैं। सबसे पहले तो ऑनलाइन गेमिंग को अवैध घोषित करने और इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के लिए सरकार की ओर से कानून बनाए जा सकते हैं। ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने के लिए एक नियामक निकाय की स्थापना की जा सकती है। ऑनलाइन गेमिंग के खतरों के बारे में जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं।

ऑनलाइन गेमिंग को रोकने के लिए तकनीकी समाधान जैसे कि फायरवॉल और ब्लॉकिंग सॉफ़्टवेयर का उपयोग किया जा सकता है। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ऑनलाइन गेमिंग ऐप के खिलाफ समय-समय पर रकम को फ्रीज करता है। गेमिंग ऐप के खिलाफ कार्रवाई उचित कदम है, क्योंकि कई बार ऐसे ऐप भारत विरोधी गतिविधियों में भी लिप्त हो जाते हैं। ऐसे गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध लगाया जाना बेहद जरूरी है, जो देश की जानकारी दूसरे देशों तक पहुंचाते हैं। अगर इस तरह के गेमिंग ऐप संदिग्ध दिखें तो देशभर में एक साथ छापेमारी करनी चाहिए। ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग धोखाधड़ी के मामले निपटाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। ऐसे कामों में संलिप्त लोगों को लोगों को गिरफ्तार करने पर ही पुलिस को चैन मिल सकता है। ऑनलाइन गेमिंग के जरिए लोग मनी लॉन्ड्रिंग में अहम भूमिका निभाते हैं। ऑनलाइन गेमिंग देश के लिए कई तरह के खतरे पैदा कर सकती है। ऑनलाइन गेमिंग में पैसे का निवेश करने से लोगों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। जुआ और सट्टा का खतरा भी पैदा हो जाता है, जो लोगों को आर्थिक रूप से कमजोर बना सकता है। इसके अलावा इसके सामाजिक खतरे भी हैं।

ऑनलाइन गेमिंग में लोगों को सामाजिक अलगाव का खतरा होता है, जो उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। लोगों को परिवारिक समस्याएं हो सकती हैं, जैसे कि परिवार के सदस्यों के साथ संबंध खराब होना। ऑनलाइन गेमिंग में लोगों को मानसिक तनाव का खतरा होता है, जो उनके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। ऑनलाइन गेमिंग में लोगों को निर्भरता का खतरा होता है, जो उनके जीवन को प्रभावित कर सकता है। ऑनलाइन गेमिंग के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। ऑनलाइन गेमिंग के लिए नियमन बनाना आवश्यक है, जो लोगों को इसके खतरों से बचा सके। माता-पिता को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखनी चाहिए और उन्हें ऑनलाइन गेमिंग के खतरों के बारे में जागरूक करना चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग के खतरों के बारे में शिक्षा देना आवश्यक है, जो लोगों को इसके खतरों से बचा सके। ■

# हिंदी देश की एकता और सांस्कृतिक धरोहर




हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता पैदा करना, हिंदी के प्रति लगाव बढ़ाना और इसे एक अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित करना है। हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों का परिचायक है। इस दिन के माध्यम से हिंदी भाषा और उससे जुड़ी भारतीय संस्कृति का विश्व में प्रसार होता है। यह दिन भारतीयों को अपनी भाषा पर गर्व करने और इसके महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। हिंदी दिवस हमें हमारी भाषाई और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और प्रोत्साहित करने की प्रेरणा देता है। हिंदी देश की एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। संविधान में हिंदी को प्रमुख स्थान दिया गया है और इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने की बात कही गई है।


लेखक : सुमित अवस्थी
जंडपुर, बैजनाथ

हिंदी देश के विभिन्न हिस्सों में लोगों के बीच बातचीत करने की प्रमुख भाषा है। हिंदी दिवस का महत्व हिंदी भाषा को बढ़ावा देने में है। यह दिवस हमें हिंदी की विरासत की याद दिलाता है। भारत में हिंदी साहित्य का भी बहुत बड़ा योगदान है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक समय तक हिंदी साहित्य ने समाज को दिशा दी है। कबीर, तुलसीदास, प्रेमचंद, महादेवी वर्मा और अन्य लेखकों और कवियों ने हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। युवाओं को हिंदी के महत्व और उसके साहित्य से परिचित कराना है। हिंदी के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपराओं की रक्षा करना है।

हिंदी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व महसूस कराना है। सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसमें हिंदी साहित्य, कविता और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है। हम सभी को हिंदी भाषा के प्रति गर्व और सम्मान को बढ़ावा देना चाहिए। यह दिन हमें हिंदी के महत्व को समझने और इसका सम्मान करने के लिए प्रेरित करता है। हमें हिंदी दिवस के जरिए हिंदी भाषा के प्रसार और विकास के लिए काम करना चाहिए। हिंदी दिवस विभिन्न कार्यक्रमों और समारोहों के साथ मनाया जाता है। स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लोग हिंदी में बोलने और लिखने का प्रयास करते हैं। हिंदी दिवस मनाने के औचित्य हैं। सबसे पहले को यह सांस्कृतिक महत्व को बढ़ाता है। हिंदी दिवस हिंदी भाषा की महत्ता को दर्शाता है, जो भारत की राजभाषा है।

यह दिवस हमारी सांस्कृतिक विरासत को सम्मानित करता है, जिसमें हिंदी साहित्य, कविता, और संगीत शामिल हैं। हिंदी दिवस राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है, क्योंकि हिंदी भाषा पूरे देश में बोली जाती है। हिंदी दिवस हिंदी शिक्षा को बढ़ावा देता है, जो छात्रों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। साथ ही भाषाई ज्ञान को बढ़ावा देता है, जो छात्रों को अपनी भाषा के बारे में जानने और समझने का अवसर प्रदान करता है। हिंदी दिवस साहित्यिक ज्ञान भी बढ़ावा देता है, जो छात्रों को हिंदी साहित्य के बारे में जानने और समझने का अवसर प्रदान करता है। हिंदी दिवस मनाने के सामाजिक महत्व भी हैं। हिंदी दिवस भाषाई समानता को बढ़ावा देता है, जो सभी भाषाओं को समान महत्व देता है।

सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है, जो सभी समुदायों को एक साथ लाने का अवसर प्रदान करता है। यह दिवस राष्ट्रीय गौरव को बढ़ावा देता है, जो हमारी राष्ट्रीय भाषा और संस्कृति को सम्मानित करता है। हम सबको हिंदी के महत्व को समझना चाहिए। भारत में हिंदी दिवस की बात होती है तो लोग 14 सितंबर की तारीख को याद रखते हैं, 10 जनवरी का हिंदी दिवस ज्यादातर लोगों को शायद ही पता हो। 10 जनवरी को हिंदी दिवस पूरा विश्व मनाता है, जबकि 14 सितंबर को भारत में राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। दोनों दिनों का मकसद हिंदी को बढ़ावा देना और इसका महत्व बताकर प्रचार-प्रसार करना है। विश्व हिंदी दिवस पहली बार आज से 19 साल पहले सेलिब्रेट किया गया था। दुनियाभर में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी, 1975 को महाराष्ट्र के नागपुर में मनाया गया था। इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा ने किया था। पहले विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था।

यह सम्मेलन 10 से 14 जनवरी, 1975 के बीच आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में 30 देशों के करीब 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। इसके बाद मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद और टोबैगो, संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे तमाम देशों में विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया, लेकिन 10 जनवरी को इसे आधिकारिक रूप से मनाए जाने की घोषणा साल 2006 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने की, तब से हर साल इस दिन को 10 जनवरी को सेलिब्रेट किया जाता है। 14 सितंबर को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय हिंदी दिवस की शुरुआत पंडित जवाहर लाल नेहरू ने की थी।

दरअसल, भारत की संविधान सभा ने लंबी चर्चा के बाद 14 सितंबर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की। इसके बाद 14 सितंबर, 1953 को आधिकारिक रूप से पहली बार राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। तब से हर साल 14 सितंबर को ये दिन सेलिब्रेट किया जाता है। विश्व हिंदी दिवस हर साल किसी खास थीम पर मनाया जाता है। साल 2025 में विश्व हिंदी दिवस की थीम 'हिंदी एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज' है। विदेशों में भारत के दूतावास इस दिन को विशेष रूप से मनाते हैं। इस दिन सभी सरकारी कार्यालयों में तमाम विषयों पर हिंदी में व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# उम्मीदें दु :ख देती हैं, किसी से उम्मीद मत रखो

एक विद्वान् ने कहा था की उम्मीदें दु:ख देती हैं इसलिए जिंदगी में कभी भी किसी से उम्मीद मत रखो। आत्म निर्भर बनो किसी के आगे हाथ मत फेलाओ। किसी का अहसान मत लो आधी रोटी खा लेना मगर किसी से उम्मीद मत करना। नमक से खा लेना, लेकिन किसी से दाल मत मांगना। अक्सर देखा गया है कि लोग किसी की मदद करते हैं तो उसे ताउम्र दबाते हैं कि हमने आपको रोजी रोटी दी है और मरते दम तक अहसान जताते हैं ऐसे लोग बहुत ही घटिया किस्म के होते हैं।


लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मददगार बनिए बार-बार अहसान मत जताओ। नेकी कीजिए दरिया में डाल दीजिये। कर्म करते रहिए फल की इच्छा मत कीजिये। ईश्वर अच्छा करेगा किसी की जरूरत नहीं पड़ेगी। जरूरतमंदों की सहायता कीजि दुआएं लीजिये। पुण्य कीजिए पाप मत कीजिए। पापी लोगों को सजा जरूर मिलती है यह अटल सत्य है। आज आदमी खुदगर्ज व गिरगिट बन गया आधुनिक इंसान, आधुनिक इनसान खुदगर्ज व गिरगिट बनता जा रहा है । यह बहुत ही मानवीय मूल्यों की त्रासदी है इस त्रासदी को रोकना होगा, ताकि इंसानियत जिंदा रहे। दुनिया में लोगों की सोच बदलती जा रही है। निजी स्वार्थों के लिए कई जघन्य अपराध हो रहे हैं। बुराई का सर्वत्र बोलबाला हो रहा है ।

आज ईमानदारों को मुख्यधारा से हाशिए पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेईमानों को गले से लगाया जा रहा है। विडंबना देखिए कि आज इंसान



रिश्तों को कलंकित कर रहा है। भाई-भाई के खून का प्यासा है, जमीन जायदाद के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। आज माता-पिता का बंटवारा हो रहा है। आज बुजुर्ग दाने-दाने का मोहताज है। कलयुगी श्रवणों का बोलबाला है।

आज संतानें मां-बाप को वृद्ध आश्रमों में भेज रही हैं। शायद यह बुजुर्गों का दुर्भागय है कि जिन बच्चों की खातिर भूखे प्यासे रहे, पेट काटकर जिन्हें सफलता दिलवाई आज वही संतानें घातक सिद्ध हो रही हैं। मां-बाप दस बच्चों को पाल सकते हैं, लेकिन दस बच्चे मां-बाप का बंटवारा कर रहे हैं। साल भर उन्हें महीनों में बांटा जाता है। वर्तमान परिवेश में ऐसे हालात देखने को मिल रहे है। बेशक ईश्वर ने संसार में करोड़ों जीव जंतु बनाए, लेकिन इंसान सबसे अहम कृति बनाई, लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है। आज सड़कों पर आदमी तड़फ-तड़फ कर मर रहा है।

इंसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है। क्योंकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए, तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है। जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। आज पैसे का बोलबाला है। ईमानदारी कराह रही है। अच्छाई बिलख रही है, भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गए हैं। मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है। नफरत को छोड़ देना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा-जोखा है।

ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप व पापी को इंसानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है। कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो इंसान को गिरा सके, इंसान, इंसान द्वारा ही गिराया जाता है। दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं, इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है। आज संस्कारों का चीरहरण हो रहा है, खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं। संस्कृति का विनाश हो रहा है। दया, धर्म, ईमान का नामोनिशान मिट चुका है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भीमराव** अंबेडकर के प्रयास से भारतीय संविधान ने नारी को पुरुषों के समान सम्मान और अवसर मिलने लगे। इस प्रकार, नारी अब केवल निर्बल नहीं, बल्कि सशक्त और सक्षम महिला के रूप में उभरी है। चाहे वह राजनीति हो, व्यापार हो, शिक्षा हो या खेल, महिलाएं अपनी प्रतिभा और क्षमता का भरपूर प्रदर्शन कर रही हैं। कई महिलाएं अब शीर्ष पदों पर कार्यरत हैं, जैसे भारत की पहली महिला राष्ट्रपति, महिला प्रधानमंत्री और विभिन्न मंत्रालयों की प्रमुख। इस प्रकार, नारी ने साबित कर दिया है कि वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। हिमाचल प्रदेश में भी महिलाओं की आर्थिक स्थिति अन्य राज्यों के मुकाबले बेहतर है। महिलाएं अब न केवल राजनीति में, बल्कि कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। हिमाचल प्रदेश में महिलाओं का शिक्षा के क्षेत्र में भी जबरदस्त योगदान देखा जा रहा है। **प्रमोध, भड़वाल**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत के दूसरे प्रधानमंत्री

**लाल** बहादुर शास्त्री एक प्रसिद्ध भारतीय राजनेता, महान स्वतंत्रता सेनानी और जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। वे एक ऐसी हस्ती थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश को न सिर्फ सैन्य गौरव का तोहफा दिया, बल्कि हरित क्रांति और औद्योगीकरण की राह भी दिखाई। शास्त्री जी किसानों को जहां देश का अन्नदाता मानते थे, वहीं देश के सीमा प्रहरियों के प्रति भी उनके मन में अगाध प्रेम था जिसके चलते उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म मुगलसराय, उत्तर प्रदेश में 'मुंशी शारदा प्रसाद श्रीवास्तव' के यहां हुआ था। इनके पिता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे। अत: सब उन्हें 'मुंशी जी' ही कहते थे। बाद में उन्होंने राजस्व विभाग में लिपिक (क्लर्क) की नौकरी कर ली थी। लालबहादुर की मां का नाम 'रामदुलारी' था। जब नन्हें अठारह महीने का हुआ तब दुर्भाग्य से पिता का निधन हो गया। उसकी मां रामदुलारी अपने पिता हजारीलाल के घर मिर्जापुर चली गयीं। उन्होंने एक राष्ट्रवादी विश्वविद्यालय काशी विद्यापीठ में अध्ययन किया और स्नातकोत्तर शास्त्री (शास्त्रों का विद्वान) की उपाधि पाई। 1937 और 1946 में शास्त्री प्रांत की विधायिका में निर्वाचित हुए। 1928 में उनका विवाह गणेश प्रसाद की पुत्री 'ललिता' से हुआ। ललिता जी से उनके छह संतानें हुईं, चार पुत्र- हरिकृष्ण, अनिल, सुनील व अशोक; और दो पुत्रियां- कुसुम व सुमन। उनके चार पुत्रों में से दो- अनिल शास्त्री और सुनील शास्त्री अभी भी हैं, शेष दो दिवंगत हो चुके हैं। ■


लाल बहादुर शास्त्री
जन्म : 2 अक्तूबर, 1904
मृत्यु : 11 जनवरी, 1966

कविता

## हिंदी है


प्रदीप भारद्वाज
मंडी

*जन-जन की भाषा दिनकर हिंदी में*
*रश्मिरथी लेकर आता माखनलाल चतुर्वेदी*
*फूलों की अभिलाषा गाता सुभाष*
*जय हिंद का नारा लगाता हिंदी है*
*जन-जन की भाषा हिंदी है कवियों के*
*मन की भाषा बच्चन की मधुशाला का प्याला*
*हिंदी में ही छलका जाता अटल का देश प्रेम हिंदी में ही*
*मानस पटेल पर उतर आता हिंदी है जन-जन की भाषा*
*कवियों के मन की भाषा सुभद्रा कुमारी चौहान की कोयल*
*हिंदी में ही तो बोली है मुक्तिबोध के*
*ब्रह्मराक्षस ने हिंदी में ही तान लगाई है*
*पत्थर तोड़ने वाली की पीड़ा निराला ने ,*
*हिंदी में ही तो बताई है हिंदी है*
*जन-जन की भाषा हिंदी है कवियों के मन की भाषा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# गायब होती बेटियां:आखिर किसकी बन रहीं शिकार

भारत में बेटियों की सुरक्षा हमेशा से ही सबसे गंभीर मुद्दा रहा है। इसे लेकर कई कानून भी बनाए गए हैं, लेकिन बावजूद इसके देश में लड़कियों के लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार के अनुसार भारत में पिछले दो साल के बीच 15.13 लाख से ज्यादा लड़कियां और महिलाएं लापता हुई हैं। अब ये महिलाएं कहां गई, इनके साथ क्या हुआ, इसके बारे में किसी को कुछ भी नहीं पता है।


लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र पत्रकार

इन लापता लड़कियों में 18 साल से कम और उससे ज्यादा दोनों उम्र की महिलाएं शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर रोज 345 लड़कियां गायब हो जाती हैं। इनमें 170 लड़कियां किडनैप होती हैं, 172 लड़कियां लापता होती हैं और लगभग 3 लड़कियों की तस्करी कर दी जाती हैं। इनमें से कुछ लड़कियां तो मिल जाती हैं, लेकिन बड़ी संख्या में लापता, किडनैप और तस्करी की गई लड़कियों का कुछ पता नहीं चलता। इस संख्या की गणना गुमशुदा महिलाओं और लड़कियों के संबंध में पुलिस स्टेशनों में दर्ज रिपोर्टों के आधार पर की है। हालांकि सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि असल संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि कई परिवार सामाजिक कलंक समेत विभिन्न कारणों से लापता लड़कियों की रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते हैं। आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा महिलाएं मध्य प्रदेश से लापता हुई हैं।

एमपी के बाद लिस्ट में दूसरा स्थान बंगाल का है। इन राज्यों के अलावा राजधानी दिल्ली में भी लड़कियों और महिलाओं के गायब होने के कई मामले सामने आए हैं। आंकड़ों की मानें तो केंद्र शासित प्रदेशों में राजधानी दिल्ली इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। रिपोर्ट चौंकाने वाली है। जो लड़कियां गायब होती हैं, उनमें से अधिकतर का पता नहीं चल पाता कि उनके साथ क्या हुआ है? वे कहां



गई हैं? लापता होने के पीछे राज क्या हैं? 16 दिसंबर 2012 को दिल्ली के निर्भया कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था।

इस घटना के बाद महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कई कठोर कानून बनाए गए, लेकिन सवाल यह है कि क्या कानूनों के बनाए जाने के बाद भी देश में महिलाओं की स्थितियां सुधरी हैं या महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों में कोई कमी नजर आई है भारत में महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा को लेकर कई कानून बनाए गए हैं। देश में हो रहे यौन अपराध को रोकने के लिए पुराने कानूनों में संशोधन भी किया गया और उसे कठोर भी बनाया गया है। इसके अलावा देश में 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के साथ रेप की घटना में दोषी को मृत्युदंड सहित कई कठोर दंडात्मक प्रावधान भी तय किए गए हैं। देश भर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई पहल की हैं, जिसमें यौन अपराधों के खिलाफ प्रभावी रोकथाम के लिए आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 शामिल है। इसके अलावा, आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018 को 12 साल से कम उम्र की लड़कियों के बलात्कार के लिए मौत की सजा सहित और भी अधिक कठोर दंड प्रावधानों को निर्धारित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। अधिनियम में बलात्कार के मामलों में दो महीने में जांच पूरी करने और आरोप पत्र दाखिल करने और अगले दो महीने में सुनवाई पूरी करने का भी आदेश दिया गया है। सरकार ने आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली शुरू की है, जो सभी आपात स्थितियों के लिए एक अखिल भारतीय, एकल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त नंबर (112) आधारित प्रणाली प्रदान करती है, जिसमें संकटग्रस्त स्थान पर फील्ड संसाधनों को कंप्यूटर सहायता से भेजा जाता है।

स्मार्ट पुलिसिंग और सुरक्षा प्रबंधन में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए, पहले चरण में आठ शहरों-अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई में सुरक्षित शहर परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। देश में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हर महिलाओं और लड़कियों को कुछ कानूनों के बारे में जानना बेहद जरूरी है। इन कानूनों में राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, महिला सुरक्षा कानून, पॉक्सो एक्ट कानून शामिल है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गिरिपार के मिल्ला क्षेत्र में दशकों से निरंतर बह रही सत्संग की ज्ञान गंगा

आज आप सभी के समक्ष जानकारी अनुसार एक ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे, जिस विषय से मानों वर्तमान युवा पीढ़ी कहीं न कहीं दूर होती जा रही है।

वह महत्वपूर्ण विषय है हम सभी के जीवन में (आध्यात्मिक क्षेत्र) का जिसके बिना मानों हमारे जीवन का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अर्थात जिस ईश्वर ने संसार की रचना की और हम सभी को मनुष्य जीवन प्रदान किया आज ऐसा आभास होता है कि हम आधुनिकता के इस दौर में आध्यात्म से दूर होकर आधुनिकता की और अग्रसर हो रहे हैं जो कि बहुत ही चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। साथियों आज जानकारी अनुसार आप सभी तक एक ऐसे खास क्षेत्र की चर्चा एवं विश्लेषण करने का प्रयास करेंगे, जिस क्षेत्र में आधुनिकता के बावजूद सत्संग के माध्यम से ज्ञान गंगा अर्थात ईश्वर भक्ति की दशकों से निरंतर आध्यात्मिक गंगा बह रही है जिसको सुनकर और देखकर हर कोई भावविभोर और ईश्वर भक्ति में लीन होना चाहेंगा।


लेखक: हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

ऐसा खास क्षेत्र है जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र मिल्ला पंचायत का जिस मिल्ला पंचायत के (मागनल) क्षेत्र में स्थानीय प्रसिद्ध आध्यात्मिकविद एवं व्यास जी पंडित श्री बस्ती राम शर्मा जी के मार्गदर्शन में हर रविवार को सत्संग का आयोजन किया जाता है। जिस क्षेत्र में दूर-दूर से श्रद्धालु एवं भक्तजनों का आवागमन रहता है, जानकारी अनुसार मिल्ला पंचायत एवं दिगवा पंचायत के अनेक क्षेत्रों से ऐसी अनेक महान् विभूतियां रहीं हैं जिन्होंने प्रभु भक्ति की क्षेत्र समाज में अनौखी अलख जगाई और आज युवा पीढ़ी के लिए वंदनीय बन चुकें हैं, जिसमें मुख्यत: स्व परस राम चौहान मिल्ला निवासी जिन्होंने प्रभु भक्ति और ईमानदारी के साथ अपने संपूर्ण जीवन को कहीं न



कहीं सार्थक सिद्ध किया तो वहीं स्व श्री बारु राम ठुंडु पाव जिनको क्षेत्र की जनता बड़े ही आदर भाव से प्रभु भक्त (भगत जी) के नाम से परिचित रहे और सिद्ध प्रभु भक्त माने जाते रहे, तो वहीं इनके मार्गदर्शन और सानिध्य में इनकी बेटी स्व श्रीमती सुंदरी राणा जिन्होंने प्रभु भक्ति में अपना संपूर्ण जीवन ज्ञापन कर दिया।

इस प्रकार स्व श्री बारु राम ठुंडु ने अपनी धर्मपत्नी के साथ ताउम्र सत्संग से नाता जोड़कर क्षेत्र समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित की, प्रभु भक्ति के सत्संग का यह कारवां संभवत: मिल्ला गांव से शुरू हुआ। जिस गांव में मूलत: हरियाणा क्षेत्र के चिकित्सक स्व श्री भगत राम नाम के प्रभु भक्त ने सत्संग की शुरुआत मानी जाती है तो वहीं मिल्ला गांव के स्व पंडित बुधिया राम शर्मा जी, स्व पंडित बस्ती राम शर्मा जी और स्व कांशी राम शर्मा जी सिद्ध महापुरुष और प्रभु भक्ति में लीन रहे।

तत्पश्चात इस गांव के पंडित श्री बली राम शर्मा जी के घर में सत्संग की शुरू हुई जहां पर उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र के एक सिद्ध महापुरुष एवं महात्मा जी के द्वारा शुरू हुआ। पंडित बली राम शर्मा जी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा शर्मा जो नैकदिल इंसान के साथ-साथ प्रभु भक्ति में हमेशा अपना जीवन यापन कर रही हैं, तो वहीं प्रभु कृपा से जिस सत्संग को सुनने एवं देखने का सौभाग्य बचपन में हमें भी प्राप्त हुआ, पंडित श्री बली राम शर्मा जी और उनकी धर्मपत्नी जो ईश्वर भक्ति और परोपकारिता कि प्रतिमूर्ति मानी जाती हैं क्योंकि जैसे सिद्ध महापुरुषों एवं आध्यात्मिक संतों द्वारा कहा भी जाता है कि अगर हमने अपने जीवन को सार्थक सिद्ध करना और ईश्वर तक पहुंचने की जिज्ञासा रखते है तो मोह माया का त्याग करके प्रभु भक्ति और ईश्वर का नाम जपने से ही संभवत: मनुष्य को असीम सुख शांति और मुक्ति प्राप्त हो सकती है, इस प्रकार आज की युवा पीढ़ी और समाज को भी आधुनिकता से बहार निकलकर अपनी व्यस्तता भरें जीवन में प्रभु भक्ति में ध्यानमग्न होने का भी प्रयास करना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# नगर परिषद से बाहर हो डडौर वार्ड

## पंचायत का दर्जा दिलाने को ग्रामीण लामबंद



**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

डडोर को पुन: पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए ग्रामीण एक बार फिर से लामबंद होने लगे हैं। इस मुहिम को सिरे चढ़ाने के लिए पार्षद गीता देवी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एचपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान डडोर को पंचायत का दर्जा दिलाने की मुहिम को लेकर मंथन किया गया। ग्रामीणों ने एचपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया से डडोर वार्ड नंबर 9 को नगर परिषद नेर चौक से बाहर करने तथा डडोर को पुन: पंचायत का दर्जा दिलाने की गुहार लगाई। संजीव गुलेरिया ने ग्रामीणों की मांग को जायज ठहराते हुए इस मामले को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाने का आश्वासन दिया। संजीव गुलेरिया ने कहा कि इस वार्ड में सभी लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि है इसलिए यहां के किसानों को पंचायत के दायरे में ही रखा जाना चाहिए था।

### लोग 15 वर्षों से कर रहे हैं नगर परिषद का विरोध

**डडोर** वार्ड के ग्रामीण नेरचौक में नगर परिषद का गठन होने के उपरांत पिछले 15 वर्षों से नगर परिषद का विरोध करते आ रहे हैं तथा डडोर को पूर्व की भांति पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए संघर्षरत है। जिसके लिए यहां के ग्रामीणों ने तीन बार नगर परिषद चुनाव का एकजुट से विरोध कर यहां वार्ड के चुनाव नहीं होने दिए मगर इस बार उपचुनाव के दौरान एक महिला द्वारा नामांकन दाखिल करने से इस वार्ड में चुनाव करवाने की नौबत आई थी। ग्रामीणों ने एकजुटता दिखाकर नामांकन दाखिल करने वाली महिला के खिलाफ गीता देवी को चुनावी मैदान में उतारकर भारी मतों से जिताकर महिला को अच्छा सबक सिखाया था।

## लोगों ने उपतहसील टिक्कन को तहसील का दर्जा देने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, बरोट**

बरोट-छोटाभंगाल घाटी के साथ लगती चौहार घाटी में स्थित उपतहसील टिक्कन के अंतर्गत आने वाली सुधार, तरस्वाण, लटराण, बरधान, लपास, बरोट तथा खलैहल पंचायतों के समस्त लोगों ने उपतहसील टिक्कन को तहसील का दर्जा देने की मांग को उठाया है। जानकारी के अनुसार चौहार घाटी की इन पंचायतों की राजस्व संबंधी अधिकांश कार्यों को निपटाने की बेहतर सुविधा के लिए वर्ष 2015 से उपतहसील टिक्कन को स्थापित कर रखा है जिसका लोग लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। लोगों ने कहा कि राजस्व संबंधी छोटे-छोटे कार्य तो उपतहसील टिक्कन में निपट जाते हैं मगर बड़े कार्यों को निपटाने के लिए घाटी से दूर 20 से 40 किलोमीटर दूर मुख्य तहसील पद्धर में जाना पड़ता है।

खलैहल पंचायत के प्रधान भागमल, बरोट पंचायत के पूर्व उपप्रधान श्याम सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य राजपाल आदि ने द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर तथा प्रदेश सरकार से मांग की है कि उपतहसील टिक्कन का दर्जा बढ़ाकर तहसील किया जाए।

वहीं छोटाभंगाल घाटी तथा चौहार घाटी में एक आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र खोला जाना अनिवार्य हो गया है।

### धनराशि स्वीकृत होने पर शुरू होगा कार्य

**नायब** तहसीलदार जोगिंद्र सिंह का कहना है कि टिक्कन में ही स्थित कानूनगो हट में उपतहसील के भवन निर्माण के लिए राजस्व विभाग की पर्याप्त जमीन है। भवन निर्माण के लिए उन्होंने धन राशि को मुहैया करवाने के लिए प्रपोजल उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। धनराशि स्वीकृत होने के तुरंत बाद ही भवन का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

### सरकार के समक्ष उठाई जाएगी मांग

**द्रंग** के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए उपतहसील टिक्कन में स्थापित कर रखा है मगर लोग अब इसका दर्जा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं तो उनकी इस मांग को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

## नगर निगम ने बदलाव किए बिना लागू किया गृहकर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी में महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम गृहकर उपनियम-2024 के संदर्भ में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जनहित में लिए गए निर्णयानुसार गृहकर उपनियम-2024 में निम्न संशोधन किए गए पूर्व नगर परिषद के समय में जो पुराने समिलित क्षेत्रों में एबीसीडी जोन निर्धारित किए गए थे उन्हें यथावत कर दिया गया है, उसमें किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा तथा नए सम्मिलित क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर जांच के उपरांत चार जोन एबीसीडी निर्धारित किए जाएंगे। 10 प्रतिशत की छूट जो गृहकर उपभोगता को तीस दिन के भीतर गृहकर जमा करवाने पर दी जाती थी वह यथावत ही दी जाएगी।

10 प्रतिशत मकान की मुरम्मत के लिए दी जाने वाली छुट भी यथावत रखी गई है। जोन ए के लिए जो लोकेशन फैक्टर 5 रुपए प्रति वर्ग मीटर प्रस्तावित उपनियमों में था, उसे कम कर 4.50 प्रति वर्ग मीटर कर दिया गया है। जोन सी व डी के निम्न व मध्यमवर्गों को ध्यान में रखते हुए इसमें रिहायशी दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। घर के आंगन, किचन गार्डन, कृषि भूमि गोशाला पर संपत्ति कर नहीं लगाया जाएगा।

## पत्नी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने पर पति को कठोर कारावास की सजा

**रितेश, सरकाघाट**



**प्रताड़ना से तंग पत्नी ने फंदा लगाकर दे दी थी जान**

सरकाघाट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. अबीरा वासु ने सरकार बनाम अशोक कुमार प्रकरण में ऐतिहासिक फैसला सुनाया। आरोपी अशोक कुमार पुत्र बीरी सिंह, निवासी लाका वार्ड नं. 2, डाकखाना एवं तहसील सरकाघाट को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 60 हजार जुर्माने की सजा सुनाई गई।

जुर्माना अदा न करने की सूरत में 1 माह अतिरिक्त कारावास होगा। इसके साथ ही, आईपीएस की धारा 498ए के तहत 3 वर्ष का साधारण कारावास और 10 हजार जुर्माने की सजा दी गई, जिसमें जुर्माना न देने पर 10 दिन का अतिरिक्त कारावास होगा। उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि यह मामला वर्ष 2019 का है जब माया देवी पत्नी अशोक कुमार ने आत्महत्या कर ली थी। इसके तुरंत बाद पुलिस मौका वारदात और पर पहुंची तो अमृत का माया देवी के पिता प्रकाश चंद्र गांव पाटन रोड तहसील टोनी देवी जिला हमीरपुर शिकायत दर्ज करवाई और बयान किया कि उनकी बेटी माया देवी की शादी करीब 16 वर्ष पूर्व आरोपी अशोक कुमार के साथ हुई थी।

उन्होंने बताया दामाद शराब का आदी था जो बेटी के साथ मारपीट करता था। वहीं 23 अप्रैल को आरोपी अशोक कुमार ने फोन किया कि उसकी पत्नी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसने आत्महत्या दामाद की प्रताड़ना के कारण की है जिसके बाद पुलिस द्वारा केस दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई है।

राजीव ने बताया इस प्रकरण में अभियोजन पक्ष ने 19 गांव के बयान न्यायालय में दर्ज करवाएं वह साक्षी पेश किए गवाहों के बयान और साक्ष के आधार पर माननीय अदालत ने आरोपी अशोक कुमार को उपरोक्त सजा सुनाई। (अनंत ज्ञान)

## स्कूलों में राजनीतिक हस्तक्षेप पर विधायक दिलीप ने उठाए सवाल



**रितेश, सरकाघाट।** सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में राजनीति का दखल बढ़ता जा रहा है। शिक्षा विभाग के आदेशानुसार, 31 दिसंबर 2024 के बाद स्कूलों में वार्षिक समारोह आयोजित करने पर रोक है। बावजूद इसके कई स्कूलों में हारे हुए नेताओं को मुख्य अतिथि बुलाकर वार्षिक वितरण समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।

इन कार्यक्रमों में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और स्कूलों में राजनीतिक भाषण दिए जा रहे हैं। जिस पर सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने कड़ा रोष जताया है । विधायक ने कहा कि सरकाघाट की जनता सरकार और शिक्षा मंत्री से यह सवाल पूछ रही हैं कि बच्चों को बिना बैग के दो हफ्ते पहले से वार्षिक समारोह की तैयारी में लगाना और उच्च शिक्षा निदेशालय के आदेशों को नजरअंदाज करना किस तरह का व्यवस्था परिवर्तन है? वहीं शैक्षणिक संस्थानों के इन मंचों से राजनीतिक बयानबाजी की जाती है ।(अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मासिक धर्म से किशोरियों को करवाया अवगत



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ध्वाल में 'वो दिन' योजना में परियोजना स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आए डॉ. वैशाली, आयुष विभाग से डॉ. भारतेंदु कौशल, प्रधान ग्राम पंचायत ध्वाल प्रोमिला देवी, प्रधानाचार्य ववीता गुप्ता, पर्यवेक्षक ध्वाल कुसमा देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ध्वाल स्कूल की समस्त किशोरियां तथा स्थानीय महिलाओं सहित लगभग 100 सदस्यों ने भाग लिया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. वैशाली व डॉ. भारतेंदु कौशल ने मासिक धर्म से संबंधित सभी प्रकार की जानकारियां उपस्थित किशोरियों व ग्रामीण महिलाओं से सांझा की व इस समय उचित खान पान और साफ-सफाई का ध्यान भी रखने के लिए कहा गया।

### म्यूजिक चेयर में दक्ष व बोरी दौड़ में प्रकाश ने मारी बाजी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा खंड द्रंग-2 की चौहारघाटी स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव में एनुअल स्पोर्ट्स-डे का आयोजन किया गया, जिसमें माइंड आपरेशन अकेडमी जोगिंदरनगर के एमडी राम प्रकाश ठाकुर ने मुख्यातिथि जबकि क्षेत्र के समाजसेवी साजू राम ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गई, जिसमें म्यूजिक चेयर में दक्ष व हिमांशु जबकि मटका तोड़ स्पर्धा में स्नेहा ने बाजी मारी। इसी तरह अन्य प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। इस मौके पर मुख्यातिथि ने एसएमसी को 5100 जबकि सभी नौनिहालों को 100-100 रुपए, विशेष अतिथि साजू राम ने 2100 रुपए, द्रगड़ के वार्ड मेंबर केहर सिंह ने 1100 रुपए, गुलाब सिंह ने 1000, हरि सिंह ने 1100 रुपए जबकि स्थानीय युवा अजय मुसाफिर ने डीजे उपलब्ध करवाए। कार्यक्रम में राणा गारमेंट्स गुम्मा ने स्कूल के सभी 14 नौनिहालों को अपनी ओर से स्वेटर भेंट किए।

### महादेव में जांचा बच्चों का स्वास्थ्य

**भीम बसेड़ू, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव के गांव लोअर महादेव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता डोलमा देवी की उपस्थिति में डॉक्टर टीम ने बच्चों जो दस की संख्या में बताए जाते हैं की स्वास्थ्य संबंधी जांच की। राजकीय स्वास्थ्य खंड रोहांडा के अधीन आती स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी टीम ने जहां बच्चों की वेट करने सहित हाईट मापी वहीं मुख्यतौर पर डॉ. रितेश भारद्वाज ने सबसे छोटे यानि करीब तीन माह के वेदाक्ष पुत्र अनन्या चौहान के स्वास्थ्य का परीक्षण कर कुशलक्षेम पूछा और इस मौके पर अपने बच्चे लेकर आई महिलाओं को बच्चों की बेहतर ढंग की सेहत को लेकर अपना दूध पिलाते रहने अन्य पौष्टिक एवं संतुलित आहार देते रहने तथा बच्चों की उचित देखभाल के लिए चिकित्सकीय परामर्श दिया।

### सिल्वर मेडल जीतकर लौटी अध्यापिका का स्वागत



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलापड़ में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर लौटी अध्यापिका का स्वागत किया गया। विद्यालय की राजनीतिक शास्त्र की प्रवक्ता डिंपल कुमारी ने सिविल सर्विस की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व किया तथा प्रदेश के लिए सिल्वर मेडल जीतने का गौरव प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डिंपल मैडम खेल में रुचि रखने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। उनकी उपलब्धि से विद्यालय का नाम ऊंचा हुआ है। इस दौरान विद्यालय परिवार के सभी सदस्य व छात्र मौजूद रहे।

### बिजली का खंभा लगाए जाने पर एतराज जताया

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** भुराह निवासी भेवा राम ने बालीचौकी के समीप पेट्रोल पंप के साथ लगते खसरा नंबर 296 में बिजली विभाग द्वारा बिजली का खंभा और लाईन ले जाने पर ऐतराज जताया है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता को लिखित एक पत्र में भेवा राम का कहना है कि जिस स्थान पर विभाग खंबा लगाने जा रहा है वो विवादित भूमि है और इस भूमि का मामला न्यायलय में चल रहा है। शिकायत कर्ता का कहना है कि अगर इसके बावजूद ही बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उक्त स्थान पर खंबा गाड़ कर बिजली लाइन ले जाने हैं तो वे न केवल न्यायालय की शरण लेंगे बल्कि इस मामले में विभाग खुद जिम्मेदार होगा।

### पंडोह स्कूल मैदान में 12 को होगी कबड्डी व दौड़ प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पडोह के मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 12, जनवरी को किया जा रहा है। जानकारी देते हुए आयोजक कबड्डी कोच धूम राज ने बताया कि इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में अंडर 15 आयु वर्ग के कबड्डी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। पहली बार इस प्रतियोगिता में कोई प्रवेश शुल्क नहीं होगा और नकद पुरस्कार के साथ विजेता-उपविजेता को ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। धुम राज ने बताया कि स्कूली बच्चों की कक्षा बार 100 व 500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। धुम राज ने बताया कि यह एक दिवसीय उत्सव हर तरह से मनोरंजक और प्रेरणादायक होगा। उन्होंने आम लोगों से कार्य कर्म शामिल होने व हर तरह के सहयोग करने की अपील की है।

## ब्रिगेडियर ने किया ईसीएचएस और सीएसडी कैंटीन का दौरा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



निरीक्षण के दौरान मौजूद ब्रिगेडियर व साथ हैं अन्य।

ब्रिगेडियर जीएस पुरी (स्टेशन कमांडर) और कर्नल एसके दुबे (ऑफिसर इन चार्ज) के साथ मिलकर सरकाघाट ईसीएचएस पोलीक्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। सरकाघाट पहुंचने पर पर एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने पोलीक्लिनिक में आवश्यक उपकरण, दवाइयों का भी निरीक्षण किया साथ ही स्टाफ से भी ईसीएच में आने वाले सैनिकों पूर्व सैनिकों को होने वाली समस्याओं को ध्यान से सुना । ब्रिगेडियर के आने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और वीर नारियां आर्मी अस्पताल में एकत्रित हो गई थी उन्होंने अपनी समस्याएं साझा कीं। ब्रिगेडियर पुरी ने सभी समस्याओं को शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया और पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की सेवाओं की सराहना की।

वहीं ब्रिगेडियर पुरी ने सीएसडी कैंटीन का निरीक्षण किया और वहां पर सामान लेने आए वीर नारियों और पूर्व सैनिकों से उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना उन्होंने कैंटीन कर्मियों की भी प्रशंसा की साथ ही सामान लेने आए पूर्व सैनिकों से बेहतर संबंध बनाने का निर्देश दिया।

लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद ने बताया कि आगामी 30 जनवरी को सरकाघाट लीग का एक प्रतिनिधिमंडल स्टेशन मुख्यालय में समस्याओं के समाधान हेतु उनसे भेंट करेगा। इस मौके पर एक्स सर्विसमैन लीग के अध्यक्ष कैप्टन प्यार चंद, सचिव कैप्टन रघुवीर सिंह, कैप्टन बलदेव राज, कैप्टन तारा चंद, कैप्टन हुक्कम चंद कैप्टन सुरेंद्र पाल कैप्टन टीएस डोगरा सूबेदार मेजर विजय कुमार, हवलदार सुशील, जोगेंद्र पाल नेगी चन्द्रमणि रामपाल ठाकुर संतोष अत्री अजय कुमार सहित ईसीएचएस स्टाफ और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## 14 को होगा 9वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपनिदेशक जिला सैनिक कार्यालय मंडी ले0 कर्नल गोपाल सिंह गुलेरिया ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण विभाग मंडी द्वारा 9वां सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस श्री ज्वाला मंदिर स्थित पड्डल में 14 जनवरी 2025 को मनाया जा रहा है। जिसमें पूर्व सैनिकों की समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान किया जाएगा तथा समारोह में आए पूर्व सैनिकों व वीर नारीयों को 14 जनवरी को मकर सक्रांति पर खिचड़ी भी खिलाई जाएगी।

उन्होंने जिला मंडी के पूर्व सैनिकों व वीर नारियों से आग्रह किया है कि वे इस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पधारने की कृपा करें।

## जोगिंद्रनगर वन मंडल में वन मित्रों का रिजल्ट घोषित

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**लडभड़ोल रेंज की गोलवां बीट का परिणाम अभी लंबित**

जोगिंद्रनगर वन मंडल के अंतर्गत आने वाले लडभड़ोल रेंज की आठ बीटों में वन मित्र के पदों पर चयनित उम्मीदवारों का अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। यह परिणाम 27 नवंबर 2024 को सभी उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन के बाद घोषित किया गया। चयनित उम्मीदवारों की सूची संबंधित कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

रेंज वन अधिकारी एवं मेंबर सेक्रेटरी वीएमईसी मोनिका ने बताया कि लडभड़ोल रेंज में कुल नौ बीट आती हैं। इनमें से गोलवां बीट का परिणाम प्रशासनिक कारणों से हाई अथॉरिटी को भेजा गया है, जिसका परिणाम क्लेरिफिकेशन के बाद जारी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जो उम्मीदवार अपने चयन का परिणाम देखना चाहते हैं, वे संबंधित वन विभाग कार्यालय में आकर चेक कर सकते हैं। गोलवां बीट के उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे परिणाम के लिए विभागीय घोषणा का इंतजार करें।

वन मित्र के इन पदों के चयन से जंगलों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में नई ऊर्जा आने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## विद्युत बोर्ड पेंशनर्स इकाई की बैठक 13 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फॉर्म इकाई जोगिंद्रनगर की बैठक 13 जनवरी को सुबह 11 बजे सामुदायिक भवन जोगिंद्रनगर में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष एसके ठाकुर करेंगे। इस बैठक में पेंशनरों की समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इकाई के प्रेस सचिव विशन दास बहल ने बताया कि बैठक में सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक का उद्देश्य पेंशनरों के हितों को लेकर ठोस कदम उठाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

## स्वामी विवेकानंद फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुंदरनगर नगर इकाई व खेलो इंडिया गतिविधि द्वारा 3 दिवसीय स्वामी विवेकानंद फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ।

इसका आयोजन स्थानीय कॉलेज के खेल मैदान में हो रहा है, इसमें मुख्यातिथि के तौर पर नगर परिषद सुंदरनगर के वार्ड नंबर-4 सलाह के पार्षद शिव सिंह सेन, विशिष्ट अतिथि के रूप में हेम सिंह एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत सह मंत्री जाह्नवी उपस्थित रहे।

इस फुटबाल प्रतियोगिता का पहला मैच सुंदरनगर यूनाइटेड और मलोह यूनाइटेड के बीच आयोजित किया गया। इस दौरान साक्षी ठाकुर नगर मंत्री, नगर अध्यक्ष डॉ.विकास ठाकुर, अचल एसएफएस, नगर इकाई प्रमुख रजनीश ठाकुर सहित आदि मौजूद थे।

## भारतीय पब्लिक स्कूल ने मनाया सालाना समारोह

**आदर्श यादव, नेरचौक**



भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल नलसर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन एपीएमसी संजीव गुलेरिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

प्रधानाचार्य धन्ना राम रावत ने मुख्य अतिथि को शाल टोपी और समृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। और स्कूल वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।मुख्य अतिथि ने मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में संजीव गुलेरिया ने कहा कि बच्चों को जीवन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति लक्ष्य निर्धारित नहीं करता है वह सफलता हासिल नहीं कर पता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्कूल की हर गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस मौके पर उपप्रधान नलसर विनोद ठाकुर,पूर्व प्रधान तेज सिंह ठाकुर, नगर परिषद ने चौक के मनोनीत पार्षद राधेश्याम स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान पूर्ण चंद शर्मा सहित बच्चों के अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस दौरान देवांशी, शानवी, नीवीकाशा, सुहानी, शिवन्या, प्रियांशी ठाकुर, रेयांश, वैभवी शर्मा, आराध्य, सूर्यांश शर्मा, यतीश ठाकुर, तेजस, प्रियांश,श्रेया चौहान, वामिका भारद्वाज, बंशिका, चमेली, आरुष, पर्णव, सोनक्ष, माधवी, देवांश राणा, वारिधि, प्रियाल,हिमांशी, हविश, हार्दिक चौहान, यामिनी सहित आदि बच्चों को सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

## एक किलो 402 ग्राम चरस सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (एएनटीएफ) कुल्लू की टीम ने वीरवार रात सुंदरनगर हाईवे पर नाके के दौरान बाइक सवार हरियाणा निवासी दो युवकों के पास से 1 किलो 402 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता पाई है।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उन्हें थाना सुंदरनगर को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुल्लू ने नाके के दौरान कुल्लू की ओर से बाइक पर सवार हो आ रहे दो युवकों को जांच के लिए रोका गया। बाइक सवार युवकों की तलाशी के दौरान उनके पास से 1 किलो 402 ग्राम चरस बरामद की गई। जिस पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बाइक चालक दिनेश कुमार (20) पुत्र रनवीर निवासी गांव पाढ़चीजटा तहसील गन्नौर जिला सोनीपत हरियाणा और सोमवीर पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी गांव मालपुर हरियाणा को हिरासत में ले लिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपियों को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है।

## बिजली बंद रहेगी




**सुंदरनगर।** सुंदरनगर शहर के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग सुंदरनगर के सहायक अभियंता राजन गौड़ ने बताया कि शनिवार और रविवार को विद्युत अनुभाग चतरोखड़ी के अंतर्गत 63 केवी पीडब्ल्यूडी काम्प्लेक्स ट्रांसफार्मर की केवल बदलने के लिए सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रसमाई, पीडब्ल्यूडी ऑफिस, तहसील ऑफिस, एसडीएम, मिनी सेक्रेटेरिएट, ललित चौक व इसके आसपास के क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपील की है।

## कांग्रेस सरकार के खोखले दावों का पर्दाफाश : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री सुक्खू के रोजगार पर दिए गए बयानों को कांग्रेस सरकार की नाकामियों का प्रतीक बताते हुए तीखा हमला बोला है।

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू खुद अपने ही बयानों से कांग्रेस के झूठे वादों और गारंटियों का पर्दाफाश कर रहे हैं। कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले 5 लाख सरकारी नौकरियों और पहले साल में 1 लाख नौकरियां देने की गारंटी दी थी, लेकिन अब यह स्पष्ट हो चुका है कि ये दावे सिर्फ चुनावी स्टंट थे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के ठोस प्रयास किए गए थे। कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया है।

रोजगार और विकास के जो सपने दिखाए गए थे, वे अब पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं। सरकारी विभागों में खाली पदों को भरने की बजाय सरकार बहानेबाजी कर रही है।

## महिला को जातिसूचक शब्द कहने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर के पुराना बाजार क्षेत्र में एक महिला ने अन्य महिला पर जाति सूचक शब्द कहने, गाली गलौज व मारपीट करने पर थाना बीएसएल कॉलोनी में एससी एसटी एक्ट और बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है।

जानकारी अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में पीड़ित पुराना बाजार के खरीहड़ी निवासी महिला ने कहा कि एक महिला ने उससे गाली-गलौज कर मारपीट की। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विडंबना: स्कूल पब्लिक लाइब्रेरियों के संचालन के लिए निर्देश जारी, लेकिन-

# किसी भी विद्यालय में तैनात नहीं लाइब्रेरियन

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**



उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जिला के सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में संचालित हो रही पब्लिक लाइब्रेरियों को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गए हैं।

हैरानी का विषय यह है कि जिला के लगभग साढ़े तीन सौ में से किसी भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में लाइब्रेरियन तैनात नहीं है। अब इन निर्देशों का पालन कैसे होगा यह अपने आप में एक यक्ष प्रश्न है। विभाग के उपनिदेशक कार्यालय की ओर से सभी प्रधानाचार्यो को हिदायत दी गई है कि स्कूल वर्किंग आवर्स के दौरान तीन से पांच बजे तक पब्लिक लाइब्रेरी आम लोगों के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। इससे संबंधित समय सारणी को सूचना पट्ट पर स्पष्ट रूप से दर्शाने और पब्लिक लाइब्रेरी में आम लोगों के उपयोग के समय में एक चपरासी तैनात रखने, पुस्तकालय प्रभारी को आगंतुक रजिस्टर बनाने का भी निर्देश दिया गया है।

उपनिदेशक कार्यालय की ओर से जारी निर्देशों में स्पष्ट कहा गया है कि लाइब्रेरी की पुस्तकें व पत्रिकाएं तीन से पांच बजे के दौरान पाठकों को प्रदान नहीं की जाएंगी। विद्यालयों के मुखियाओं को यह निर्देश भी दिया गया है कि यदि वे पब्लिक लाइब्रेरी को अवकाश वाले दिन भी खुला रखना चाहते हैं तो यह समय सारणी भी सूचना पथ पर स्पष्ट रूप से दर्शाई जाए। इसके अलावा पब्लिक लाइब्रेरीज से संबंधित सभी रिकॉर्ड सही तरीके से रखने के निर्देश के साथ मांगे जाने पर प्रस्तुत करने को कहा गया है। दिए गए निर्देशों पर कार्यवाही रिपोर्ट एक सप्ताह में मांगी गई है।

उच्च शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय से बताया गया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशों को सभी प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों को अनुपालना हेतु प्रेषित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## पधर स्कूल में होगा गणतंत्र दिवस समारोह

**पधर, कविता।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारण के लिए एसडीएम कार्यालय पधर के सभागार में आज कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि एसडीएम पधर द्वारा 11 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा व पुलिस, एनसीसी ,एनएसएस कैडेट्स की परेड की सलामी दी जाएगी। इसके बाद छात्रों, कॉलेज छात्रों, महिला मंडल व आंगनबाड़ी वर्कर के द्वारा देशभक्ति पर रंगारंग कार्यक्रम तथा पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता पर भी कार्यक्रम किए जाएंगे।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
**मैं, सुरेंद्र कुमार** (40 वर्ष) पुत्र श्री सीता राम निवासी गांव दरकोहली, डाकघर पौंटा, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे बेटे का नाम सूर्यांश (Suryansh) गलत दर्ज है। जबकि मेरे बेटे का सही नाम सूर्यांश वालिया (Suryansh Walia) और जन्म तिथि 09.09.2012 है। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### विधायक ने विकास कार्य का निरीक्षण किया



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल अंब के तेहत पड़ते गांव धुसाड़ा में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने एक करोड़ चौदह लाख से निर्माण होने वाले पंचायत घर के चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया व कार्य की गुणवत्ता को देखा और कहा कि कांट्रेक्टर संपूर्ण कार्य के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने कहा की मेरे प्रयास से इस पंचयात घर के चल रहे निर्माण का कार्य बहुत तेजी से हो रहा है। इस पंचायत के बाकी कार्य को भी जल्दी पूरा किया जाएगा। इस इलाके के ग्रामीणों को अधिक से अधिक सभी मुलभूत सुविधायें मिलें, यही मेरा मुख्य लक्ष्य है । इस मौके पर पंचायत प्रधान नीरू बाला, निशा, कुंता, हरदीप बाहड़ा, शुकलाम्बर दत्त शर्मा, विशाल लठ, कृष्ण लठ, मांगे शाह, मनदीप सिंह, शमशेर मोहम्मद व अन्य ने विधायक बबलू का धन्यवाद किया।

### विजेता छात्रों का स्कूल पहुंचने पर स्वागत



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** पीएम श्री स्कूलों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी जिला शिमला में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल व क्षेत्र का नाम किया। प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने बताया कि स्कूल के मॉडल में अखंड धूना बाबा रुद्रानंद आश्रम प्रथम स्थान पर रहा। उन्होंने कहा कि इससे पहले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी मुबारिकपुर स्कूल प्रथम स्थान रहा था। विजेता छात्रों कुनाल तथा हर्ष का स्कूल पहुंचने पर स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने इस खुशी के मौके पर इंचार्ज रेनू शर्मा, बंदना शर्मा, बच्चों के अभिभावकों को बधाई दी तथा स्थानीय विधायक राकेश कालिया एवं शिक्षा संबंधित नीतियों की सराहना की। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य सतनाम कौर, अशोक कुमार, राजीव कुमार, रेनू शर्मा, अल्का चौधरी, सोनिया, मधु, अंजू, तरुण, राजकुमार आदि उपस्थित रहे।

### हिना राज्यपाल की उपस्थिति में करेंगी मार्चपास्ट



**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के मेगा शिविर 6 से 10 तक राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में आयोजित किया गया। शिविर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुधान स्कूल की दो छात्राएं हिना शर्मा और शगुन बाला ने हिस्सा लिया। दोनों छात्राओं ने मेगा शिविर में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। हिना शर्मा को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को शिमला के रिज मैदान में राज्यपाल की उपस्थिति में मार्चपास्ट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हिना शर्मा ने अपने चयन का श्रेय स्कूल के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह एवं अंबिका रानी को दिया तथा कहा कि उनके मार्गदर्शन से मुझे यह मुकाम हासिल हुआ है। बुधान स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल ठाकुर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह एवं अंबिका रानी को बधाई दी। बुधान स्कूल के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने भी हिना शर्मा को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं दीं।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने दीं हाइजीन किटें, कंबल



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर जरूरतमंद लोगों और सफाई कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए 115 हाइजीन किटें प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने सर्दियों के मौसम में ठंड से बचाव के लिए कंबल तथा खाना बनाने के लिए रसोई के बर्तन भी वितरित किए। इस दौरान एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि सफाई कर्मी शहर की स्वच्छ रखने के लिए कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हैं। इन कर्मियों की व्यक्तिगत स्वच्छता के दृष्टिगत जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा हाइजीन किटें, कंबल और रसोई के बर्तन बांटे गए हैं। उन्होंने बताया कि हाइजीन किट में व्यक्तिगत स्वच्छता रखने के सभी आवश्यक उपकरण शामिल हैं। इस अवसर पर सीपीओ संजय सांख्यान, रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट पैटर्न सुरेंद्र ठाकुर, एमसी ऊना के एसडीओ राजिंद्र सैणी, राज कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सखी योजना के तहत आज होगी भर्ती

**विवेक शर्मा, अंब।** भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा अंब में शनिवार से बीमा सखी योजना के तहत भर्ती का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने बताया कि देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के मकसद से प्रधानमंत्री ने 9 दिसंबर को पानीपत में बीमा सखी योजना को शुभारंभ किया है। इस योजना के तहत शुरुआती दौर में देश भर में 18-70 वर्ष की 1 लाख महिलाओं को बीमा सखी अभिकर्ता के रूप में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इन महिलाओं को पहले साल में हर महीने साथ हजार और दूसरे साल हर माह छह हजार रुपए और तीसरे साल में हर माह पांच हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस स्टाईफंड की पात्रता के लिए बीमा सखी अभिकर्ता पर तीन वर्ष तक मिनियम व्यवसाय की शर्तें भी लागू रहेंगी। इस व्यवसाय में उन्हें स्टाईफंड के साथ-साथ कमीशन भी मिलेगा । उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यार्थी अपने साथ दसवीं तथा उच्चतम योग्यता प्रमाणपत्र की दो-दो फोटो कॉपी, तीन पासपोर्ट साइज फोटो, आधर कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी और नकद पंजीकरण फीस के साथ 11 जनवरी को विशेष भर्ती अभियान में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। आवेदक सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक भारतीय जीवन बीमा निगम के अंब कार्यालय तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए पौंग में किया अभ्यास



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** 16 से 19 जनवरी को केरल में आयोजित होने जा रही 11वीं राष्ट्रीय ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी कड़कती ठंड होने के बाबजूद भीपौंग डैम में जी-जान से मेहनत कर रहे हैं। वहीं, ट्रेनिंग अधिकारी श्याम लाल का कहना है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हर मुश्किल का सामना करना पड़ता है और जो मुश्किलें सहन कर गया, वह जीवन में कामयाबी हासिल कर गया। हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया ने बताया कि हिमाचल प्रदेश ड्रैगन बोट एवं ट्रेडीशनल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आईएएस डॉ. राजीव कुमार के दिशा-निर्देश हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों के खिलाड़ी केरल में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय ड्रैगन बोट चैंपियनशिप में भाग लेंगे। राज्य महासचिव रितेश अहलूवालिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप के दौरान जर्मनी में आयोजित होने जा रही 17वीं वर्ल्ड ड्रैगन बोट रेस चैंपियनशिप के लिए भारत इच्छुक खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए 8580825884 पर संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर सीनियर ट्रेनिंग अधिकारी राकेश वालिया, ट्रेनिंग अधिकारी श्याम लाल, महासचिव रितेश, ट्रेनिंग अधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य जिलों से चयनित खिलाड़ी मौजूद रहे।

# मुकेश ने की जलशक्ति गौरव पुरस्कार आरंभ करने की घोषणा

## हरोली उपमंडल के कांगड़ मैदान में राज्य स्तरीय जल जागरूकता समारोह में उपमुख्यमंत्री ने कहा-उत्कृष्ट सेवाओं का होगा सम्मान

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रदेश में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की उत्कृष्ट सेवाओं को सम्मान देने के लिए जलशक्ति गौरव पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हर साल उन कर्मियों को प्रदान किया जाएगा जो अपनी सेवाओं में उत्कृष्टता और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए हर घर व खेत तक पानी पहुंचाने के लक्ष्य को साकार कर रहे हैं।



कांगड़ मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद उपमुख्यमंत्री व अन्य गणमान्य

अग्निहोत्री ने यह ऐतिहासिक घोषणा ऊना जिले के हरोली उपमंडल स्थित कांगड़ मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय जल जागरूकता समारोह के दौरान की। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार के लिए विस्तृत नियमावली तैयार की जा चुकी है। यह कदम उन कर्मियों का उत्साहवर्धन करेगा, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्ण निर्वहन कर रहे हैं। समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री ने जल शक्ति विभाग के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी किया। मुकेश ने कहा कि सरकार राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ काम कर रही है और गलत काम करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ऊना जिले में कानून-व्यवस्था की मजबूती की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यहां माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हिमाचल के हितों से खिलवाड़ कर रही है। केंद्र सरकार ने प्रदेश के पैसों को रोकने और परियोजनाओं को अटका कर हिमाचलवासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, लेकिन प्रदेश सरकार विकास की गति को रुकने नहीं देगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में पूर्व सरकार के समय में जो जल रक्षक रखे गए हैं, उनकी सेवाओं को तत्कालीन शर्तों-नियमों के अनुरूप ही नियमित किया जाएगा।

मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली में पेयजल और सिंचाई के क्षेत्र में किए गए शानदार कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि बेहतरीन जल प्रबंधन के क्षेत्र में आज हरोली विस क्षेत्र देश की सर्वश्रेष्ठ विधानासभा में गिना जाने लगा है। हरोली में 2 हजार करोड़ से निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क परियोजना में जलशक्ति विभाग से जुड़े 66 करोड़ के काम पूर्ण कर लिए गए हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश में साल 2023 में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान विभाग की जलापूर्ति योजनाओं की बहाली के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जीवन न्योछावर करने वाले दो जांबाज कर्मवारों स्व. राजेश कुमार व स्व. गुल्लू राम को मरणोपरांत सम्मान प्रदान करते हुए उनके परिजनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

समारोह में जल शक्ति विभाग की योजनाओं और विकास कार्यों के साथ अन्य विभागों की परियोजनाओं पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। उपमुख्यमंत्री ने सभी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इसमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल और ईट राइट मेले की तर्ज पर पौष्टिक व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर प्रदर्शित उत्पादों के बारे में जानकारी ली और पौष्टिक व्यंजनों का स्वाद भी चखा।

समारोह में इंजीनियर इन चीफ (प्रोजेक्ट) धर्मेन्द्र गिल ने अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश भर में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अग्निहोत्री के विजन के अनुरूप विभाग लगातार जनकल्याण और सेवा में तत्परता से काम कर रहा है।

वहीं इंजीनियर इन चीफ अंजू शर्मा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा पेयजल और सिंचाई व्यवस्था की मजबूती के लिए किए कार्यों के साथ ही जल संरक्षण की दिशा में उठाए कदमों का संक्षिप्त ब्योरा प्रस्तुत किया।

**ये रहे मौजूद :** समारोह में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, डॉ. आस्था अग्निहोत्री, डॉ. राकेश अग्निहोत्री, राज्य परिवहन प्राधिकरण के सदस्य रणजीत राणा, राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य विजय डोगरा, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, जलशक्ति विभाग के सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता तथा अन्य अधिकारी व कर्मचार तथा जनप्रतिनिधि व अन्य गणमान्यों सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### उत्कृष्ट कर्मवीरों को किया सम्मानित

इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जलशक्ति विभाग के 126 कर्मियों को जल शक्ति सम्मान प्रदान किया। इनमें जल शक्ति विभाग के शिमला जोन के 37, धर्मशाला जोन के 37, हमीरपुर जोन के 30 व मंडी जोन के 22 कर्मचारी थे।

### हिमाचल की सांस्कृतिक झलक दिखाई

समारोह में भाषा कला संस्कृति विभाग के सौजन्य से प्रदेश के विभिन्न जिलों के नाट्य दलों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से हिमाचल की सांस्कृतिक झलक पेश की। वहीं, स्थानीय शिक्षण संस्थाओं के बच्चों ने भी समारोह में शानदार कार्यक्रम प्रस्ततु कर वाहवाही बटोरी। समारोह में विविध सांस्कृति गतिविधियों के अलावा जलशक्ति विभाग के मंडलों के मध्य रस्साकशी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें हरोली मंडल की टीम विजेता तथा थानाकलां मंडल की टीम उपविजेता रही।

### भंजाल स्कूल के स्वयंसेवक राज्य स्तरीय परेड के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** एनएसएस यूनिट भंजाल पाठशाला से 6 एनएसएस स्वयंसेवी लड़के-लड़कियां 26 जनवरी की परेड में भाग लेने के लिए चयनित हुए हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भंजाल के आठ स्वयंसेवको चार लड़के और चार लड़कियों ने थानाकलां में आयोजित एनएसएस मेघा शिविर में भाग लिया था, जिसमें से आयुष जसवाल, गगनदीप शर्मा, कार्तिक विशिष्ट, वंशिका ठाकुर, जानवी शर्मा, सुजल 26 जनवरी को राज्य स्तरीय परेड के लिए चयनित हुए हैं। यह जानकारी पाठशाला के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा व एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मुकेश कुमार, महिला कार्यक्रम अधिकारी सुनीता कुमारी ने दी है। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने इसका श्रेय एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों मुकेश कुमार और सुनीता कुमारी को दिया है और उन्होंने इसके लिए स्कूल के स्टाफ और बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी है। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि इन्हें इस उपलब्धि के लिए स्कूल प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा, अधीक्षक रजनी शर्मा, शिव कुमार, अनु शर्मा, रमणीक बंसल, सुरेश ठाकुर, सीमा सोहाल, संदीप कुमार, मधु ठाकुर, राजन कुमार, अंकुर सूद विनोद ठाकुर, नरेश ठाकुर, मुनीश कुमार, सुनील ठाकुर, स्मृति चौधरी, नीरज बाला, रामिका कुमारी, अरुण कुमार, सुशील कुमार अश्वनी पठानिया, रमेश चंदेल, शशि कुमार, रतनी देवी, प्रकाशो देवी आदि उपस्थित रहीं।

## उपायुक्त ने एनआरटीसी ईसपुर के बच्चों को वितरित किए स्वेटर, जुराबें और जूते

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला ऊना के डीसी जतिन लाल ने शिक्षा सुधार समिति ईसपुर द्वारा संचालित किए जा रहे गैर आवासीय प्रशिक्षण केंद्र (एनआरटीसी) ईसपुर का दौरा किया और वहां के बच्चों को स्वेटर, जुराबें और जूते वितरित किए। इस अवसर पर उपायुक्त ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



छात्रों के साथ डांस करते उपायुक्त जतिन लाल।

उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव के लिए जिला प्रशासन की सामर्थ्य योजना के तहत स्वेटर, जुराबें और जूते उपलब्ध करवाए गए हैं। उपायुक्त ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा एक सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से वे अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से इन बच्चों की हरसंभव सहायता की जाएगी ताकि वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें और भविष्य में समाज में अपनी एक पहचान बना सकें।

उपायुक्त ने शिक्षा सुधार समिति ईसपुर द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस दौरान एनआरटीसी ईसपुर में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा उपायुक्त ने भी बच्चों संग डांस किया।

इस मौके पर शिक्षा सुधार समिति के प्रधान चितविलास पाठक, महासचिव सुच्चा सिंह कांग, सीपीओ संजय सांख्यान, विशाल पाठक, कृष्ण कुमार सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

## शिक्षा उपनिदेशक ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में निरीक्षण के दौरान गणमान्य व अन्य।

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भद्रकाली में शिक्षा विभाग की ओर से उपनिदेशक इंस्पेक्शन कैडर ऊना नीलम कुमारी, प्रधानाचार्य अतुल सूद तथा खंड शिक्षा अधिकारी जोगिंद्र पॉल ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने पाठशाला संबंधित दस्तावेजो की जांच की। स्कूल के प्रधानाचार्य सतपाल बशिष्ट ने बताया कि जांच के दौरान पाठशाला की सभी गतिविधियों को ठीक पाया गया तथा सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। उन्होंने बच्चो को मन लगाकर पढ़ने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समय एक मूल्यवान संसाधन है, जो हमें अपने जीवन को सफलता और समृद्धि की ओर ले जाने में मदद करता है।

इस मौके पर उपप्रधानाचार्य बिहारी लाल, इंद्रजीत, राकेश कुमार, विजेंद्र सिंह, अरुण कुमार, अनीता रानी, सुरजीत कुमार, दिनेश कुमार, सोना देवी, किरण कुमार, अजीत कुमार, विकास कुमार, धीरज आदि उपस्थित रहे।

## रोगी कल्याण समिति धुसाड़ा का बजट पारित

**हीना पठानिया, बड़ूही**

उपमंडल अंब के तहत पड़ते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुसाड़ा में शुक्रवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने मुख्य रूप से शिरकत की। इस बैठक की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी अंब डॉ. राजीव गर्ग ने की। इस बैठक में गत आय व्यय की पुष्टि की गई व सत्र 2024-25 के लिए बजट पर चर्चा की गई।

रोगी कल्याण समिति में यह निर्णय लिया गया कि इस केंद्र में रोगियों की लिए जरूरी सामान का क्रय किया जाएगा। इस बैठक में 792000 रुपए का बजट पारित किया गया। इस मौके पर एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें अस्पताल में ही मरीजों के खून के सभी टेस्ट करने की मशीनों को खरीदने की बात कही गई। इस प्रस्ताव को देखते हुए विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्दी ही सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवा दी जाएंगी।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धुसाड़ा में शुक्रवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित हुई।

### बैठक में लोगों ने की 24 घंटे सुविधाएं देने की मांग

ग्रामीणों ने इस मौके पर मांग की और कहा कि इस अस्पताल की सेवाएं 24 घंटे शुरू की जाएं ताकि आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर न जाना पड़े। इस पर विधायक ने कहा कि अभी कुछ ही दिनों में इसे अपग्रेड कर के 24 घंटे सेवाओं को शुरू कर दिया जाएगा।

इस मौके पर धुसाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. विकास, ब्लॉक सुपरिंटेंडेंट भूपेंद्र, डॉ. राजेश शर्मा, फार्मासिस्ट शिखा, एसडीएम सचिन शर्मा, तहसीलदार प्रेम धीमान, एसडीओ पीडब्ल्यू डी भानु ओहरी, रोगी कल्याण समिति के सदस्य नीरू बाला, जसवीर कौर (जस्सी), अजय कुमार (राणू), सतीश कुमार व ग्राम पंचायत प्रधान नीरू बाला, निशा, कुंता, हरदीप बाहड़ा, शुकलांबर दत्त शर्मा, विशाल लठ, कृष्ण लठ, मांगे शाह, मनदीप सिंह, शमशेर मोहम्मद व अन्य गणमान्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** कुटलैहड़ गुरुकुल अकादमी में मुख्यातिथि पहुंचे विधायक विवेक शर्मा, छात्रों को बांटे इनाम

## शिक्षा में कुटलैहड़ को नंबर वन बनाने के लिए कार्य करें शिक्षक : विवेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र की गुरुकुल अकादमी अघलौर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। अकादमी प्रबंधन और विद्यार्थियों ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक ने शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर जोर दिया और युवाओं को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।





वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में छात्रों के साथ विधायक विवेक शर्मा।

इस दौरान विवेक शर्मा ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियां नैतिक मूल्यों को मजबूत करती हैं, जो आज के दौर में आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा दी, साथ ही उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करें। उन्होंने कहा शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे सशक्त साधन है। विवेक शर्मा ने गुरुकुल अकादमी के शिक्षकों और प्रबंधन टीम की भी प्रशंसा की और उनके प्रयासों को क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर बताया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अभिभावकों, छात्रों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समारोह बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। विधायक विवेक शर्मा ने स्कूल में शिक्षा और खेल सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

उन्होंने स्कूल में नई लाइब्रेरी और खेल उपकरण प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति ने छात्रों और शिक्षकों में नया उत्साह भरा है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जो भारतीय परंपरा और संस्कृति की झलक प्रस्तुत करती थीं।

विधायक ने कार्यक्रम के अंत में मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों ओर सभी अभिभावकों और स्कूल के स्टाफ ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह आयोजन न केवल शिक्षा बल्कि समुदाय को जोड़ने का भी एक बेहतरीन उदाहरण रहा।

इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, शहीद दिलवर खान के पिता कर्मदीन खान, अजय, सुशील, प्रशासनिक अधिकारी और अकादमी स्टाफ के साथ अन्य उपस्थित रहे।

### शहीद के पिता को किया सम्मानित

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के घरवासड़ा गांव के वीर सुपूत शहीद दिलवर खान, जिन्होंने देश ओर भारत माता की रक्षा करते हुए हाल ही में शहादत दी है। उसके पिता कर्मदीन खान को जब कार्यक्रम के दौरान मंच पर बुलाया। तो विधायक विवेक शर्मा खुद आगे आए। ओर उन्हें सम्मान पूर्वक मंच पर पहुंचाया। ओर चरण स्पर्श करके जैसे ही विधायक विवेक शर्मा ने शहीद दिलबर खान के पिता कर्मदीन को सम्मानित करना शुरू किया। वैसे ही कुछ पल के लिए विधायक विवेक शर्मा ओर शहीद के पिता की आंखे आपस में टकराई। ओर शहीद के पिता की आंखे नम हो गई। ओर उनकी आखिने आंसू देखकर विधायक विवेक शर्मा भावुक हो गए। ओर कुछ पल के लिए पंडाल खामोश हो गया। एक वीर सुपूत जिसने देश की रक्षा के लिए शहादत दी है। शहीद के पिता जो बुजुर्ग अवस्था में हैं। बेटे के जाने का गम हो मन में घर कर गया होगा। फिर मंच पर बेटे की शहादत की गाथा को सुनकर भावुक होना स्वाभाविक है।

### पंजावर-बाथड़ी-वनखंडी झलेड़ा सड़क पर आवाजाही एक माह के लिए बंद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजावर-बाथड़ी से वनखंडी-झलेड़ा सड़क के किलोमीटर 3/500 से 5/600 रोड़ तक के भाग पर वाहनों की आवाजाही 12 जनवरी से 12 फरवरी, 2025 तक बंद रहेगी। इस अवधि के दौरान यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा जाएगा। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 और 116 के तहत इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने बताया कि यह आदेश सड़क मार्ग के अपग्रडेशन कार्य को त्वरित और सुचारु रूप से करने को लेकर जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वाहनों के आवागमन के लिए यातायात को पीएचसी खड्ड और डिग्री कॉलेज खड्ड से होते हुए गांव खड्ड के लिंक रोड पर मोड़ा गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बंद करने को लेकर जनता को सूचित करने और मार्ग परिवर्तन की जानकारी देने के लिए अग्रिम बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं।

# लाहौल बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित

- 8 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पारित किया
- विपिन शाशनी को मिल सकती है अध्यक्ष की कमान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया है। केलांग में आयोजित बैठक में 15 में से 9 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव में भाग लिया। एक सदस्य का मत रद्द हो गया।

आठ मत के साथ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया। अविश्वास प्रस्ताव के पारित होते ही भाजपा समर्थित अध्यक्ष सोनम टशी व उपाध्यक्ष राकेश सिंह की कुर्सी चली गई, अब नए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के लिए जोड़-तोड़ शुरू होगा। कांग्रेस समर्थित गोशाल पंचायत के बीडीसी सदस्य विपिन शासनी का अध्यक्ष व तिंगरेट से दलीप बोध का उपाध्यक्ष बनना लगभग तय है। वार्ड नंबर-12 से भाजपा समर्थित सोनम टशी बीडीसी अध्यक्ष थे, जबकि त्रिलोकनाथ वार्ड-दो से राकेश सिंह उपाध्यक्ष का पद संभाल रहे थे। 15 सदस्यीय पंचायत समिति में तिंदी वार्ड से रीता, उदयपुर से शीला, तिंगरेट से दलीप सिंह, त्रिलोकनाथ से राकेश सिंह, थिरोट से दिनेश कुमार, जाहलमा वार्ड से प्रोमिला, शांशा से हीरा दासी, गोहरमा से प्रोमिला, तांदी से भावना, गौशाल से विपिन शाशनी, केलांग से केसंग, कोलंग से टशी सोनम, कारदंग से नवांग, गोंदला से प्रोमिला और सिस्सू से अंजू देवी बीडीसी सदस्य हैं। 15 पंचायत समिति सदस्यों वाली लाहौल में भाजपा समर्थित आठ, कांग्रेस के छह और एक निर्दलीय उम्मीदवार था। निर्दलीय सहित एक भाजपा समर्थित बीडीसी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया, जिससे कांग्रेस का पलड़ा भारी हो गया।

वार्ड तीन से दलीप सिंह, वार्ड पांच से दिनेश कुमार, सात से प्रोमिला देवी, आठ से हीरा दासी, वार्ड नौ से भावना, वार्ड दस से विपिन शाशनी, वार्ड 13 से टशी केसांग व वार्ड 14 से प्रोमिला ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और अविश्वास प्रस्ताव पारित किया। इस बार उदयपुर वार्ड से समिति सदस्य शीला भी उपस्थित हुई। लाहौल में कांग्रेस ने भाजपा से बीडीसी अध्यक्ष पद छीन लिया है। जिला पंचायत अधिकारी सचिन ठाकुर ने बताया कि 15 में से नौ सदस्यों ने बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। एक मत रद्द हुआ, जबकि आठ सदस्यों ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया है।

# सिस्सू में आइस स्केटिंग के गुर सीख रहे हिमाचल और हरियाणा के बच्चे

## सिस्सू झील में चार दिवसीय आइस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर का डीसी ने किया आगाज





सिस्सू झील में चार दिवसीय आइस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर का डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार शुभारंभ करते हुए (दाएं) आइस स्केटिंग के गुर सीखते हुए बच्चे।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति और हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन मनाली के संयुक्त तत्वावधान में सिस्सू लेक में शुक्रवार को आइस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर का आगाज हुआ।

चार दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर का डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिले में शीतकालीन खेलों स्केटिंग, स्की व आइस हॉकी की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस ओर निरंतर प्रयास कर रहा है कि जिले के विभिन्न स्थानों पर शीतकालीन खेलों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में दूसरी बार आयोजित आइस स्केटिंग प्रशिक्षण शिविर में जिले व हिमाचल तथा हरियाणा के बच्चों के पास आइस स्केटिंग सीखने व भाग लेने का एक बेहतरीन अवसर प्राप्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से घाटी के बच्चों को अपना हुनर दिखाने व सीखने का अवसर प्राप्त होता है। हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रशिक्षिक बच्चों को 4 दिन तक आइस स्केटिंग का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। काजा उपमंडल में भी जल्द आइस हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन का प्रयास है कि भविष्य में राष्ट्रीय स्तर का आइस स्केटिंग या आइस हॉकी का इवेंट जिले में आयोजित किया जाए, ताकि बच्चों को एक अच्छा मंच मिल सके। डीसी ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं और हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों का बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी ने डीसी का खतक व टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, जिला परिषद अध्यक्ष बीना देवी, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा, एसडीएम उदयपुर मनोज ठाकुर, स्थानीय पंचायत प्रधान राजीव, हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन लाल, आइस स्केटिंग एसोसिएशन कुल्लू की अध्यक्ष सुमन ठाकुर और ईडीएम प्रदीप कपलेश उपस्थित रहे।

### पहले दिन 70 बच्चों ने सीखे आइस स्केटिंग के गुर

चार दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन 70 बच्चों ने आइस स्केटिंग के गुर सीखे। इसके अलावा 23 से 27 जनवरी तक लेह में आयोजित होने वाली खेलो इंडिया आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम के 22 बच्चों ने भी आइस स्केटिंग का अभ्यास किया।

# तीसरी बार अध्यक्ष बनी भावना चौहान, उपाध्यक्ष गोविंद व लता




अनंत ज्ञान, बंजार

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के मुख्यालय में हिमाचल प्रदेश मनरेगा, निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन बंजार ब्लॉक का तीसरा सम्मेलन अंबेडकर भवन में संपन्न हुआ।

इस सम्मेलन में बंजार उपमंडल में सैकड़ों कामगारों ने भाग लिया और 31 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए भावना चौहान को नियुक्त किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के लिए गोविंद ठाकुर व लता देवी, महासचिव देव कला, संगठन मंत्री नेनू राम व लोभू राम, कोषाध्यक्ष संतोषी को चयनित किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी के लिए गोदावरी, तारा देवी, सेसराम, बंती देवी, उमा देवी, मीना देवी, किरण, लता, रितु देवी, गोयला देवी, कृष्णा देवी, हीरालाल, रविंद्रा देवी, उमाबती, प्रेम कुमारी, लीला देवी, गुड्डी देवी, ताराचंद, अमरचंद को नियुक्त किया गया। वहीं, इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संत राम ने की और प्रदेश के महासचिव अजीत राठौर व प्रदेश के कोषाध्यक्ष शोभाराम भारद्वाज भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। भावना चौहान ने तीसरी बार अध्यक्ष नियुक्त करने पर सभी सदस्यों का आभार जताया। भावना चौहान ने कहा कि संगठन बीते कई सालों से मनरेगा में कार्य कर रहे मजदूरों को उनके हक दिला रहा है और आने वाले दिनों में भी पूरे बंजार उपमंडल में बैठक आयोजित की जाएगी।

# विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे सीएम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में 20 जनवरी से मनाए जाने वाले 14वें राष्ट्रीय स्तर के विंटर कार्निवाल की तैयारियां जोरों पर है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सूक्खू 20 जनवरी को माता हिडिंबा की पूजा-अर्चना कर विंटर कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री करेंगे, जबकि 24 को कार्निवाल का समापन विधायक भुवनेश्वर गौड़ करेंगे। उन्होंने कहा कि विंटर क्वीन, वाइस ऑफ कार्निवाल जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डीसी ने कहा कि कार्निवाल को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विंटर क्वीन और वायस ऑफ कार्निवाल प्रतियोगिता को रौचक बनाने के लिए जगह-जगह ऑडिशन करवाए जा रहे हैं। कार्निवाल में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाया गया है। कार्निवाल का आकर्षण रहने वाली झांकियों सहित महानाटी, फैशन शो व रस्साकशी सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिन तक मनुरंगशाला सहित मालरोड में कार्निवाल की रौनक रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन व सरकार का प्रयास रहेगा कि कार्निवाल में अधिक से अधिक पर्यटक आएं।

# 12 जनवरी को कुल्लू में युवा दिवस का होगा आयोजन




अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हर क्षेत्र में अपने कार्यों और गतिविधियों को करती आ रही है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को एबीवीपी कुल्लू इकाई द्वारा युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती, जो कि 12 जनवरी को आने वाली है। उसी युवा दिवस के उपलक्ष्य पर कुल्लू इकाई द्वारा क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में जय सिंह और उनके साथ वशिष्ठातिथि के रूप में सुखदेव उपस्थित रहे। इस मौके पर बताया गया कि स्वामी विवेकानंद के जीवन व युवाओं को किस तरह उनके दिखाए गए पथ पर चलना चाहिए इन सभी बातों पर संगोष्ठी में विशेष रूप से चर्चा की गई। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अन्य जो विद्यार्थी विभिन्न शिक्षण संस्थानों से अभी पढ़ाई कर रहे हैं, उन्होंने भी इस संगोष्ठी में भाग लिया।

इसमें 80 स्टूडेंट्स शामिल रहे। इकाई अध्यक्ष ने बताया कि अभी आने वाले 18, 19 व 20 जनवरी को खेल महाकुंभ, जो पूरे प्रदेश में अलग-अलग तिथियों को हो रहा है। यह कुल्लू में 3 दिनों तक चलेगा।

# पांच साल से मटमैला पानी पीने को मजबूर मुहान पंचायत के चार गांव

- ग्रामीणों में जलशक्ति विभाग के प्रति पनप रहा रोष

जितेंद्र गुप्ता, आनी

मुहान पंचायत के चार गांवों के ग्रामीण बीते करीब 5 वर्षों से मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने इसके लिए इन गांवों को पेयजल सप्लाई करने वाली छंटीनाला-माथवी पेयजल योजना की खस्ताहालत को सुधारने में जलशक्ति विभाग के आनी मंडल की नजरअंदाजी को जिम्मेदार ठहराया है।

मुहान पंचायत के गांव माथवी, मदूट, बढनेरला और कोलूधार के ग्रामीणों का कहना है कि जहां इस योजना का स्रोत स्थान है, वहां पर इंटेक टैंक नहीं है। करीब दो वर्ष पहले भारी बरसात के चलते इस योजना से जोड़ी गई एक इंच की करीब 10 पाइपें क्षतिग्रस्त हो गई थी, जहां वैकल्पिक तौर पर पेयजल आपूर्ति बहाल करने के लिए और ग्रामीणों को सुविधा देने के लिए रबड़ की पाइपें जोड़ी गई थी, जो आज भी ज्यूं की त्यूं हैं। फलस्वरूप ग्रामीणों का कहना है कि मटमैला पानी पीने से बच्चों में बीमारियां पनप रही हैं। इस समस्या के समाधान को लेकर उन्होंने कई बार जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया और गुहार लगाई, लेकिन किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। ऐसे में ग्रामीणों में जलशक्ति विभाग के प्रति रोष पनप गया है। ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग को चेताया कि यदि उनकी समस्या का जल्द समाधान न हुआ, तो वे प्रतिनिधिमंडल लेकर शिमला में जलशक्ति मंत्री से मिलेंगे और विभाग की कार्यप्रणाली की शिकायत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

> **ग्राम** पंचायत मुहान के प्रधान संतोष ने भी ग्रामीणों का समर्थन करते हुए इस योजना की खस्ताहालत पर चिंता जताते हुए इसे समय रहते दुरुस्त करने और उनकी पंचायत की जनता को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाने की जलशक्ति विभाग से मांग की है।
>
> **इस** बारे में जलशक्ति मंडल आनी के अधिशाषी अभियंता किशोर कुमार का कहना है कि ग्रामीणों की यह समस्या दो दिन में सुलझा दी जाएगी।

## वन अधिकार अधिनियम की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

# 43 मामलों को प्रदान की स्वीकृति



- 138 मामलों की त्रुटियों को लेकर की विस्तारपूर्वक चर्चा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में राष्ट्रीय सूचना केंद्र के सभागार कक्ष में वन अधिकार अधिनियम की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में केलांग, काजा व उदयपुर उपमंडल के वन अधिकार अधिनियम उपमंडल स्तरीय समितियों द्वारा प्रस्तुत किए गए 181 मामलों का अवलोकन व गहनता से विचार-विमर्श किया गया।

डीसी राहुल कुमार ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत बैठक में जिले के 181 व्यक्तिगत मामले प्रस्तुत किए, जिसमें 43 मामलों को समिति द्वारा अवलोकन के उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। शेष 138 मामलों में त्रुटियों के उपरांत उपमंडल स्तर की समितियों को जल्द सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए भेजा गया। सहायक आयुक्त एवं सदस्य सचिव जिला स्तरीय समिति संकल्प गौतम ने बैठक का संचालन किया और 181 व्यक्तिगत मामलों में कृषि भूमि से संबंधित 91 व निवास भूमि से संबंधित 90 मामले प्रस्तुत किए। समिति ने कुल 43 मामलों को सभी औपचारिकताओं सहित अधिनियम के तहत निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पाया, जिसमें स्पीति उपमंडल काजा के 100 मामलों में से 38 मामले, केलांग के 64 से 3 व उदयपुर उपमंडल के 17 में से 2 मामले सही पाए। बैठक में शेष 138 मामलों की त्रुटियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

डीसी ने बैठक में विशेष तौर पर आमंत्रित जिले के तीन उपमंडल के एसडीएम एवं अध्यक्ष उपमंडलीय स्तरीय समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि अधिकारी व फील्ड कर्मी जल्द सभी औपचारिकताएं जल्द पूर्ण करें और आगामी बैठक में सभी मामले प्रस्तुत करें।

अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष

## युवतियां हर पहलू को अच्छे से जांचें



जयवंती, गोपालपुर, कुल्लू।

आज की युवा महिलाओं में नशीली दवाओं की लत से निपटने के लिए सही कारगर और व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। नशे को अपनाने के मूल कारणों को समझकर, नैतिक और पारिवारिक समर्थन प्रदान करके, साथ ही किसी पेशेवर मनोवैज्ञानिक की मदद से नशे में पड़ चुकी युवतियों की जिंदगी को बचाया जा सकता है। वहीं, आज के समय में युवा महिलाओं की पहली प्राथमिकता एक सच्चा, नेक दिल और प्यार करने वाला साथी का जीवन में होना है, जो वास्तव में अपने जीवनसाथी का हर हाल में साथ देने वाला हो। आज की युवतियों को अगर योग्य जीवनसाथी मिले, तो जीवन की आधी परेशानी तो यूं ही दूर हो जाती है। आधुनिक जीवन की जटिलताओं के साथ तालमेल बैठाना युवा महिलाओं के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। विवाह, ऑनलाइन डेटिंग और कैरियर के चयन में आंख मूंद कर किसी और भी विश्वास करने से बेहतर है युवतियां हर पहलू को अच्छे से जांच लें, ताकि बाद में कोई समस्या उत्पन्न न हो। खुद को आत्मनिर्भर बनाना, अपने दिलों दिमाग की सुनते हुए और अपने स्वभाव को देखते हुए ही आगे बढ़ना ठीक रहेगा न कि भावनाओं में बहकर गलत कर बैठना व फिर उस पछतावे के बोझ तले घूमते रहना।

## सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी को साझा करने से बचे महिलाएं

> युवतियां अपनी ऊर्जा का सकारात्मक गतिविधियों के लिए करें इस्तेमाल

कमलेश वर्मा, कुल्लू। आधुनिक समाज जिस तरह से बदलाव के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में लोगों की जरूरतों और प्राथमिकताओं में भी बदलाव आ रहा है। इसी बदलाव की आंधी में आज लोगों की समझ, विचारधारा, रहन-सहन, खान-पान, जरूरतें, प्राथमिकताएं सामाजिक मूल्यों में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। आज की महिलाएं भी समय के साथ-साथ चलने में और खुद को समय की जरूरत के हिसाब से ढाल रही हैं। आज की युवतियां अपनी शिक्षा, अपने जीवन साथी और अपने कैरियर को लेकर पहले से जागरूक रहती हैं और उन्हें पता है कि उन्हें अपने जीवन में क्या करना है और क्या नहीं करना है, जहां एक तरफ आज की युवतियों में समय के हिसाब से कदम से कदम मिलाकर चलने की योग्यता है। वहीं कुछ मामले ऐसे भी पेश आ रहे हैं, जहां पर आज की युवतियां कैरियर, जीवनसाथी और आधुनिकता के बीच तालमेल नहीं बिठा पाती हैं। आधुनिक दिखने के लिए नशे का सहारा लेना, गलत इंसान की संगत में पड़ना, ऑनलाइन डेटिंग साइट्स के चक्कर में फंस जाना जैसे बहुत से उदाहरण हैं, जहां पर आज की कुछ महिलाओं व युवतियों को बहुत कुछ खोना पड़ जाता है। वहीं, सोशल मीडिया में भी आज के समय में पुरुषों के साथ महिलाएं व युवतियां काफी सक्रिय हैं। अच्छा है लेकिन सोशल मीडिया का इस्तेमाल कितना हो और अंजान लोगों से दोस्ती सहित सोशल साइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी को साझा करने से भी बचना जरूरी है। साथ ही बुरी संगत से दूर रहना और नशे के दलदल में धंसती कुछ महिलाओं व युवतियों को इस दलदल से कैसे दूर रखें और क्या करें क्या नहीं। इन्हीं सब बातों को लेकर महिलाओं व युवतियों से बात की।

## ऑनलाइन नेटवर्किंग का इस्तेमाल सोच-समझ कर करें



आकांक्षा, कुल्लू।

मुझे लगता है कि आज के समय में सबसे पहले युवतियां का शिक्षित होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर होना बहुत ही जरूरी है। अच्छी शिक्षा के बिना किसी भी चीज की कल्पना करना बेकार है। शिक्षा ही वह जरिया है, जिससे हम अपने जीवन को बेहतर कर सकते हैं इसलिए शिक्षित युवा हो या युवतियां हो उनके जीवन में कभी भी नौकरी या दौलत शोहरत की कमी नहीं रहती। इसके साथ ही हर बदलते वक्त के साथ अच्छी चीजों को लेकर बदलना भी जरूरी है। आज के समय में जिस तरह से युवक-युवतियां नशे के गिरफ्त में फंसकर अपने जीवन को खराब कर रहे हैं, उससे न केवल उनका अपना जीवन खराब हो रहा है, बल्कि उनके साथ-साथ समस्त परिवार और समाज को भी इसका नुकसान हो रहा है इसलिए युवतियां अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल खेलकूद, कलात्मक गतिविधियों में ओर सकारात्मक कार्यों में करें, तो तनाव से दूर रह पाएंगी। माना कि डिजिटल युग में हर तरफ ऑनलाइन का बोलबाला है, फिर चाहे वो शॉपिंग हो, डेटिंग हो, गेमिंग हो या फिर सोशल नेटवर्किंग, लेकिन आज की युवतियों को चाहिए कि वह ऑनलाइन लेन-देन, डेटिंग या फिर सोशल नेटवर्किंग साइट्स में पूरी सतर्कता बरतते हुए इस्तेमाल करें और इस तरह से इस्तेमाल करें कि उसका फायदा भी हो। आज के समय में महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा धोखे सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से हो रहे है, यहां तक कि बहुत से ऑनलाइन डेटिंग के माध्यम से अनजान लोगों से शादी तक कर बैठती हैं, मगर बाद में वो ठगी का शिकार बन जाती हैं इसलिए ऑनलाइन नेटवर्किंग का इस्तेमाल सोच-समझ कर ही करें, तो बेहतर है।

## युवतियों की पहली प्राथमिकता अपने पैरों पर खड़ा होना



ममता, कुल्लू।

मेरे विचार में आज के समय में युवतियों की पहली प्राथमिकता अपने पैरों पर खड़ा होना होनी चाहिए, जिसके लिए युवतियां पढ़-लिखकर सशक्त बनकर आत्मनिर्भर बनें। यदि कोई महिला नौकरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती है, तो यह गर्व की बात है। महिलाओं के लिए नौकरी चाहे सरकारी हो या प्राइवेट किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए सबसे पहले तो महिलाओं का पढ़ा-लिखा होना बहुत जरूरी है। महिला समाज का वो आइना होती है, जो आपने विचारों से समाज की कुरीतियों और भ्रांतियों से लड़कर अपनी कामयाबी की एक नई कहानी लिख सकती है। औरत का शिक्षित होना और अपने पैरों पर खड़ा होना इसलिए भी जरूरी है, ताकि वह समाज में हो रहे कृत्य जैसे दहेज प्रथा, यौन शोषण, घरेलू हिंसा और अन्य उत्पीड़न आदि जैसी मानसिकता का शिकार न बन सके। आज के समय में देखा गया है कि कई बार युवतियां नशा, ऑनलाइन डेटिंग, शादी, नौकरी के नाम पर शोषण जैसे प्रलोभन के चलते अनजान और अपराधी किस्म के लोगों के झांसे में आकर फंस जाती हैं क्योंकि बहुत से मामलों में युवतियों को अपने मूल आधिकारों का ज्ञान नहीं होता, जिसके लिए कहीं न कहीं हम खुद ही जिम्मेदार होते हैं।

## महिलाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही



मंजू शर्मा, चकुरठा (कुल्लू)।

मेरे ख्याल से युवतियों के जीवन में पहली प्राथमिकता एक योग्य, ईमानदार और सच्चा जीवनसाथी मिलना है। दौलत, शोहरत, नौकरी मिलना फिर भी आसान है, मगर एक सही जीवनसाथी मिलना आसान नहीं है और अगर कोई सही जीवनसाथी मिल जाए, तो सारी जिंदगी खुशियों से भर जाती है। आज के समय में महिलाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है और विशेष तौर पर युवतियां इसका ज्यादा शिकार हो रही हैं। ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि वह अपनी बेटियों से इस संदर्भ में खुलकर बात कर, उन्हें नशे के चंगुल में फंसने से बचाएं। यहां पर समझने वाली बात है कि अगर अभिभावकों को अपने बच्चों के बारे में ऐसी बातें पता लगती हैं, तो पहले तो अपने क्रोध पर नियंत्रण रखते हुए संयम से काम लें और अपनी बेटियों से खुल कर बात करें और इस नशे की बुराई से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं। आज के समय में युवतियों को भी जागरूक होने की जरूरत है, साथ ही नए जमाने की नई चुनौतियों के बारे में भी समय-समय पर जागरूक करते रहें। भूलकर भी बच्चों को इस मामले में डराने ओर धमकाने की कोशिश न करें। इंटरनेट के जमाने में किसी भी ऑनलाइन साइट या अनजान साइट पर अपनी जानकारी को साझा करने के बारे में पहले से ही सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है। बच्चों को इस तरह के अपराध से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करते रहें।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की मासिक बैठक सुखराम नड्डा की अध्यक्षता में हुई। अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि इस बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि एसोसिएशन ने महंगाई भत्ते एक जनवरी-2016 से पिछले एरियर के भुगतान बारे बोर्ड प्रबंधन से आग्रह किया गया। इसके अलावा बैठक में मेडिकल बिलों की अदायगी, जो पिछले साल से रुके पड़े हैं उसके बारे में भी चर्चा हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं के बारे में चर्चा की और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया। एसोसिएशन ने आशा व्यक्त की कि बोर्ड प्रबंधन जल्द सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करेगा। बैठक में सुंदर, सुखराम नड्डा, प्रेम केशव, दिलु राम, बद्री, कमल ठाकुर, विजय ठाकुर, धनी राम शर्मा, प्रेम लाल आदि मौजूद रहे।

### लंबित मांगों को पूर्ण करने की मांग दोहराई

**अनंत ज्ञान, अर्की।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त कल्याण संघ अर्की की मासिक बैठक उपप्रधान राजेंद्र पाल की अध्यक्षता में हुई। संघ के महासचिव सुशील गांधी ने बताया कि बैठक में 38 सदस्यों ने भाग लिया और कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में प्रदेश सरकार और बिजली बोर्ड से संघ की लंबित पड़ी मांगों को पूर्ण करने की मांग दोहराई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने मेडिकल बिलों को पुराने पैटर्न पर रखने का अनुरोध किया। इसके अलावा चार नए लोगों ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। जीतराम फोरमेन पद से 31 मई, 2023 को सेवानिवृत्त हुए, लेकिन उन्हें अभी तक सेवानिवृत्त ग्रेच्युटी नहीं दी गई, जिसे जल्द देने का विभाग से निवेदन किया गया। सभी सदस्यों ने एकमत से अर्की अस्पताल में गत दस महीने से हड्डी रोग और बाल शिशु चिकित्सकों के पदों को सृजित करने की मांग उठाई। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी और स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल से मांग की गई कि जनमानस की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए जल्द उपरोक्त चिकित्सकों को नियुक्त किया जाए।

### जगत सिंह नेगी राज्यपाल से माफी नहीं मांगते, तो भाजपा उतरेगी सड़कों पर : सूरत



**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** किन्नौर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी व भाजपा नेता सूरत नेगी ने रिकांगपिओ में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि किन्नौर आज प्रदेश के अंदर शर्मसार महसूस कर रहा है क्योंकि जिले के विधायक व कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने प्रदेश के सबसे पहले नागरिक राज्यपाल के खिलाफ बिना वजह टिप्पणी की है और राज्यपाल के खिलाफ टिप्पणी करने वाले वह प्रदेश व शायद देश के अंदर पहले व्यक्ति होंगे, जिन्होंने इस तरह की हरकत की है। नेगी ने कहा कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों के अंदर नौतोड़ के बहाली के लिए एफआरए को निलंबित करने का विशेषाधिकार केवल मात्र राज्यपाल को है, जिसको लेकर राज्यपाल काम कर रहे थे और प्रदेश सरकार से नौतोड़ को लेकर पात्र लोगों की एक सूची मांगी गई थी, जिसपर सरकार राज्यपाल को सूची नहीं दे पाई और राज्यपाल पर बिना मतलब की टिप्पणी की व कैबिनेट मंत्री नेगी ने आरोप प्रत्यारोप की राजनीति की है, जिसका किन्नौर भाजपा कड़े शब्दों में निंदा करती है और जल्द इस विषय को लेकर जगत सिंह नेगी राज्यपाल से माफी नहीं मांगते तो जगत सिंह नेगी के खिलाफ भाजपा सड़कों पर उतरेगी। नेगी ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में किन्नौर में एफआरए के तहत 344 के करीब लोगों को भूमि प्रदान की गई और सामुदायिक कार्यों के लिए भी कई मामलों के निपटारे किए गए थे, लेकिन वर्तमान कांग्रेस की सरकार द्वारा एफआरए के तहत दी जाने वाली भूमि प्रक्रिया में भेदभाव कर कांग्रेस समर्थित लोगों की फाइल को अप्रूव कर भाजपा समर्थित लोगों की फाइलों को दबाने का काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)


### आईटीआई में चल रहे कोर्स के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, अर्की।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंडी (अर्की) में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दाड़लाघाट के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा की अध्यक्षता में एलिमेंट्री कक्षाओं की बैठक आयोजित की। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को आईटीआई के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कोर्स के बारे में बताया, जो उनके व्यावसायिक कौशल को बेहतर बनाने में सहायक हो सकते हैं। उन्होंने विस्तार से स्किल को अपनाने पर बल दिया, ताकि आने वाले भविष्य में बच्चे अपना जीवन यापन स्वयं कर सकें। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत साइंस व मैथ क्लब द्वारा एलिमेंट्री कक्षाओं (छठी से आठवीं) के लिए साइंस क्विज का भी आयोजन किया, जिसका संचालन टीजीटी मेडिकल उपेंद्र पाल ने किया। इस क्विज में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में छठी, सातवीं व आठवीं कक्षा के एक-एक प्रतिभागी ने भाग लिया। इस क्विज में टीम-ए मनीष, हितेश व मयंक ने प्रथम स्थान। टीम-जी के रक्षम, मोहित और करण ने द्वितीय। टीम-डी के ध्रुव, तन्वी व प्रियांजल ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अमिता कौशल ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व क्विज में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे।

### विधानसभा उपाध्यक्ष कल से सिरमौर प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 12 जनवरी को रेणुका विधानसभा क्षेत्र के माइना बाग के डॉ. प्रेम सिंह मेमोरियल स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 13 जनवरी को विधानसभा उपाध्यक्ष माइना बाग में लोगों की जनसमस्याएं सुनेंगे तथा 14 को तपे का टीला में श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद लोगों की शिकायतों को सुनेंगे। इसके उपरांत 15 को वह थाना खेरवा में जनशिकायतों को सुनेंगे तथा 16 को एसएफडीए हाल नाहन में एमबीएम क्वीज 2024 के फाइनल पर मुख्यातिथि होंगे।

### बेटियां मानवता की अमूल्य धरोहर : डीसी



**अनंत ज्ञान, सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि समाज में बालिकाओं की सुरक्षा, उनके सम्मानजनक जीवनयापन एवं सशक्तिकरण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है, ताकि बालिकाएं भविष्य में समाज निर्माण में अपनी भूमिका का पूर्ण निर्वहन कर सकें। मनमोहन शर्मा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति तथा मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला स्तरीय बाल सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मनमोहन शर्मा ने कहा कि बेटियां मानवता की अमूल्य धरोहर हैं। सभ्य समाज की इस सांझी विरासत को सहेज कर रखना तथा इनके विकास के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करना हम सभी का कर्तव्य है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने सामाजिक गतिविधियों एवं विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उन्हें सशक्त व सक्षम बनाने के लिए प्रभावशाली योजनाएं आरंभ की हैं। महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने तथा उन्हें आपातकालीन स्थिति में तुरंत सहायता के लिए गुड़िया हेल्पलाइन-1515 आरंभ की गई है। उन्होंने कहा कि बेटी है अनमोल योजना के तहत इस वित्त वर्ष में अभी तक उपमंडल की 1150 बेटियों को 15 लाख 21 हजार 200 रुपए वितरित किए जा चुके हैं।

### बीएमओ सेवानिवृत्त हुए डॉ. संदीप का निधन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन निवासी डॉ. संदीप शर्मा का पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार के दौरान निधन हो गया। जानकारी के अनुसार उन्हें पहले 2 स्टंट भी डले हुए थे। डॉ. संदीप शर्मा ने सराहां में बीएमओ के तौर पर अपनी सेवाएं दीं और फिर पदोन्नति होने के बाद उनका नाहन अस्पताल ट्रांसफर हो गया। इसके कुछ माह बाद ही उनकी रिटायरमेंट हो गई। डॉ. संजीव पिछले कुछ समय से सोलन में गरीब लोगों की निशुल्क उपचार कर रहे थे। उनकी उम्र 61 वर्ष थी।

# एमसी की सोलर पैनल से बिजली तैयार करने की योजना अधर में

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने सौर ऊर्जा संरक्षण के लिए कार्यालय की छत पर सोलर पैनल से प्रतिदिन 10 किलोवाट बिजली पैदा करने की योजना तो बनाई पर इसे सिरे चढ़ाने की पहल नहीं हो रही है। इसके लिए हिम ऊर्जा की मदद से करीब 5 लाख 10 हजार 300 रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है। खास बात यह है कि यह कार्य निगम बैंक की मदद से पूरा करेगा। निगम के मुताबिक स्थानीय बैंक ने इस प्रोपोजल के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की हामी भर दी है यदि यह योजना सिरे चढ़ी, तो आने वाले समय में निगम के पार्किंग भवन और विश्राम गृह में सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से बिजली तैयार की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



### प्रदेश सरकार दे रही बढ़ावा

**बिजली** की बढ़ती खपत को देखते हुए प्रदेश सरकार भी सौर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। घरेलू भवनों में सोलर पैनल लगाने को सब्सिडी भी दी जाती है। निगम पहल से यदि सोलर पैनल से बिजली तैयार होती है, तो कार्यालय में उपयोग होने वाली बिजली के हजारों रुपए के बिल को बचाया जा सकता है। इससे साल में लाखों रुपए की बचत होगी। इसके परिणाम सफल आने की स्थिति में मुख्यालय के सरकारी कार्यालय में भी पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रयोगात्मक तौर पर सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं। इससे बिजली की खासी बचत होगी। इससे इस जल विद्युत बिजली की खपत घटेगी और सौर ऊर्जा से सस्ती बिजली भी मिलनी शुरू हो जाएगी।

### सौर ऊर्जा से भविष्य में बनेंगे आय के साधन

**यदि** नगर निगम को सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन में सफलता मिलती है,तो इसके लिए निगम में बिजली के बिलों की बचत होगी। इससे भविष्य में आय के साधन भी बनेंगे। नगर निगम कि शहर में कई ऐसी प्रॉपर्टीज हैं, जहां पर सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं। इसमें पार्किंग, दुकानें, सराय भवन, चंबाघाट रोड स्थित यात्री भवन और आजीविका मिशन के तहत बने आवासीय भवन में भी सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं। इससे निगम बिजली तैयार कर आय के साधन जुटा सकता है।



**सौर** ऊर्जा को बढ़वा देने के लिए निगम ने प्रयोगात्मक तौर से कार्यालय की छत पर करीब 5 लाख रुपए की लागत से सोलर पैनल लगाकर बिजली तैयार करने का प्रस्ताव पारित किया। इस दिशा में कार्य चल रहा है। योजना सफल रहने पर निगम की अन्य प्रॉपर्टी में भी सोलर पैनल लगाए जा सकते हैं।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

# मेहनत कर भाजपा को सोलन में पहले से भी अधिक मजबूत करेंगे : रतन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

भारतीय जनता पार्टी सोलन जिले के नवनियुक्त अध्यक्ष रतन सिंह पाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपने आगामी लक्ष्यों को स्पष्ट किया है।



उन्होंने कहा कि वे कार्यकर्ताओं को एकजुट करते हुए भाजपा को जिले में और अधिक मजबूत बनाएंगे। रतन सिंह पाल ने माना कि पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन लोकसभा चुनावों में भाजपा ने जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर बड़ी बढ़त हासिल कर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी। उन्होंने इसे पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठे वादे कर सत्ता हासिल की, लेकिन अब उनकी असलियत जनता के सामने आ चुकी है। भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस के झूठे वादों को उजागर करने और जनता के बीच पार्टी की साख बढ़ाने में जुटे हैं। रतन सिंह पाल ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में सोलन की पांचों सीटों पर जीत हासिल करना उनका प्राथमिक लक्ष्य है।

इसके लिए वे पूरी ताकत और निष्ठा से काम करेंगे। दिन-रात मेहनत कर भाजपा को जिले में पहले से भी अधिक मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोड़ना है। उनके नेतृत्व में भाजपा का यह विजयी अभियान सोलन जिले को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेगा। रतन सिंह पाल ने अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोड़ने, संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच पार्टी की साख बढ़ाने पर विशेष ध्यान केंद्रित करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान भाजपा को सोलन जिले में और अधिक मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# पुराने छात्र स्कूल नालागढ़ के मैदान में होगा गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम



उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित करने के संबंध में बैठक में मौजूद अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

एसडीएम नालागढ़ प्रिया नागटा ने उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पुराना छात्र विद्यालय नालागढ़ के मैदान में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन के संबंध में पूर्ण की जाने वाली तैयारियों को समय पर पूर्ण करने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से लोगों के बैठने की व्यवस्था, समारोह स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल आदि व्यवस्था समय को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर परिषद नालागढ़ की अध्यक्ष वंदना बंसल, तहसीलदार रामशहर सतिंदर जीत, चौकी प्रभारी नालागढ़ राकेश रॉय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# धन की कमी से सड़क का निर्माण कार्य अधर में

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अकी विधानसभा क्षेत्र में बजीवन गांव एक पिछड़ा क्षेत्र है, यहां एक प्राथमिक पाठशाला के अलावा अन्य सुविधा सरकार द्वारा नहीं दी गई हैं। गांव के समाजसेवक मस्त राम शर्मा ने बताया कि ग्राम चुनाड़ से इस गांव के लिए एक सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसका काम काफी समय से धन उपलब्ध न होने के कारण अधूरा पड़ा है। पूर्व भाजपा सरकार के समय इस सड़क के दोनों किनारो से दो ठेकेदारों द्वारा इसे पक्का करवाने का कार्य शुरू कर दिया गया था। एक किलोमीटर लंबाई में नीचे से सोलिंग करवाई गई थी तथा दूसरे सिरे पर डंगे लगाकर पुलिया बनाने का कार्य शुरू होना था, लेकिन उस समय कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ जाने से मजदूरों को काम बंद करना पड़ा और उसके बाद अब तक यह कार्य बंद पड़ा है। जुलाई-2020 को स्थानीय अधिकारियों ने प्रदेश के उच्च अधिकारियों से और धन की मांग की थी। ग्रामीणों ने सरकार व विधायक संजय अवस्थी से इस सड़क को जल्द से पक्का करने की मांग की है।

# पंचायत-निकाय चुनाव की मत पेटियों में लगेंगे क्यूआर कोड

**अनंत ज्ञान, सोलन/नाहन**



हिमाचल के राज्य निर्वाचन आयुक्त अनिल कुमार खाची की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 में पंचायतीराज संस्थाओं व शहरी निकायों के आयोजित होने वाले सामान्य निर्वाचन के संबंध में बैठक आयोजित की।

अनिल खाची ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आयोग ने व्यवस्थित निर्वाचन के दृष्टिगत एक नवीन इनवेंटरी मैनेजमेंट एप्लीकेशन तैयार की है। इस एप्लीकेशन के क्यूआरकोड से स्कैन कर मतपेटियां मतदान दलों को दी जानी प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित संपूर्ण सामग्री को भी इसी एप्लीकेशन के माध्यम से वितरित किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि पुराने निर्वाचन के अभिलेखों को नियमानुसार नष्ट किया जाए और निर्वाचन भंडारण कक्ष की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दृष्टिगत वार्डबंदी, मतदाता सूचियों को अद्यतन करना और आरक्षण आदि सहित राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी नियमों की अक्षरशः अनुपालना करना जिला प्रशासन का दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि आयोग द्वारा निर्वाचन के लिए जारी किए जाने वाले कार्यक्रम के अनुसार वार्डबंदी तथा मतदाता सूचियों के संशोधन आदि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित बनाया जाए, ताकि लोगों को इसकी जानकारी समय पर मिल सके।

# सीमेंट से भरा ट्रक बेच डाला, लगाया 4 .43 लाख का चूना

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मांगल लैंड लूजर्स एवं इफैक्टिव परिवहन सहकारी सभा के अधीन ट्रक में सीमेंट ढोने का काम किया जा रहा था। इसी के तहत एक ट्रक ड्राइवर सीमेंट से भरा ट्रक लेकर गया था, लेकिन उसने ट्रक में भरे सीमेंट को बेच दिया और उसका कैश लेकर रफूचक्कर हो गया। इस पर पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया, तो उससे पता चला कि उसने मालिक की अनुमति के बिना ट्रक में भरे सीमेंट को पंजाब के गोविंदगढ़ निवासी एक व्यक्ति को बेच दिया है।

सहकारी सभा में जमा करवाई गई बिल्टी पर भी फर्जी हस्ताक्षर व मुहर का उपयोग कर उसने 4.43 लाख रुपए का चूना सभा को लगाया। सोलन के



एसपी गौरव सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर, 2024 को दी मांगल लैंड लूजर्स एवं इफैक्टिव परिवहन सहकारी सभा समिति बागा के सचिव द्वारा दी गई शिकायत में कहा गया था कि गाड़ी नंबर एचपी-11सी-2625 सहकारी सभा में पंजीकृत थी। यह गाड़ी पडयार निवासी सोनू कुमार के नाम से चल रही थी। सभा के माध्यम से गत वर्ष 19 नवंबर को बिलासपुर के बिल्ड बिल्डकोन लिमिटेड, 23 नवंबर को गल्याणा के हावर कंस्ट्रक्शन लि., 25 नवंबर को दोबारा गलयाणा की इसी कंपनी और 28 नवंबर को पवारी के पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड के लिए सीमेंट रवाना किया गया था, लेकिन उपरोक्त स्थानों पर गाड़ी के चालक ने सीमेंट नहीं पहुंचाया और कंपनी ने सभा की 4 लाख 43 हजार 728 रुपए की राशि काट दी। इस पर पुलिस थाना बागा में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू की गई। जांच के दौरान पता चला कि गाड़ी चालक द्वारा जो सीमेंट उक्त गाड़ी में दी मांगल लैंड लूजर्स एवं इफैक्टिव परिवहन सहकारी सभा के माध्यम से अपनी आईडी पर उपरोक्त स्थानों पर ले गया था, उसने उक्त सीमेंट को जम्मू-कश्मीर के रहने वाले एक अन्य चालक की आईडी का इस्तेमाल कर बेच दिया। इसके अतिरिक्त जो बिल्टी इसके द्वारा सभा में जमा करवाई गई थी, उसमें भी जाली मुहर व जाली हस्ताक्षर किए गए थे। इस पर पुलिस थाना बागा की टीम ने चालक 37 वर्षीय हेमराज बिलासपुर के खारसी निवासी को गिरफ्तार किया। एसपी के अनुसार प्रारंभिक से पूछताछ में पता चला कि उसने जो सीमेंट बेचा था, उसकी पेमेंट उसने कैश के रूप में ली थी। गिरफ्तार आरोपी ने उपरोक्त ट्रक एचपी-11 सी-2625 को गाड़ी मालिक की बिना रजामंदी के मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब में बेच दिया है। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है।

# दिल्ली विस चुनाव में बनेगी भाजपा की सरकार : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र की तर्ज पर इस बार दिल्ली में भी भाजपा सरकार बनेगी क्योंकि अब दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार से तंग आ चुकी है।



रावत ने बताया कि जिस सरकार से मुख्यमंत्री एवं मंत्री अखंड भ्रष्टाचार में डूबे हैं। ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के लिए बहुत सारे प्रदेश में गए थे, लेकिन गुजरात की महिलाओं ने उनकी मुफ्त रेवड़ियां स्वीकार नहीं की, जिसकी हवा पूरे देश में निकल गई। रावत ने बताया कि दिल्ली के लोग भी अब हरियाणा और महाराष्ट्र की तरह डबल इंजन की सरकार बनाना चाहते हैं, ताकि प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो इसलिए इस बात को ध्यान में रखते हुए दिल्ली की जनता भी भाजपा की सरकार बनाने जा रही है।

# नेशनल हाईवे पर निजी बस गाड़ी में टक्कर, लगा जाम

**अनंत ज्ञान, सोलन**



नेशनल हाईवे-5 में वाकनाघाट के पास एक निजी बस और पंजाब नंबर की गाड़ी में टक्कर हो गई। इससे जानी नुकसान तो नहीं हुआ पर दोनों गाड़ियों को खासा नुकसान हुआ है।

घटना की स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। उस समय यहां पर करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति भी देखने को मिली। फिलहाल कंडाघाट पुलिस मौके पर पहुंचकर आगामी जांच कर रही है। निजी बस शिमला से सोलन की ओर आ रही थी और सामने से एक पंजाब नंबर की गाड़ी आई, जिस कारण यह हादसा पेश आया।

### डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के लाभार्थियों से किया संवाद

# सामाजिक सुरक्षा भत्ते के रूप में दिए 43,69,372 रुपए

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत सोलन में वित्त वर्ष 2024-25 में पात्र लाभार्थियों को अभी तक 43,69,372 रुपए की राशि सामाजिक सुरक्षा भत्ते के रूप में प्रदान की गई है।



डीसी मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना से जुड़े बच्चों से संवाद स्थापित कर योजना के लाभ के बारे में जानना व उनसे फीडबैक लेना है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, इस युग में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करना आवश्यक है, ताकि भविष्य उज्ज्वल बन सके। डीसी ने कहा कि सोलन में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना से जुड़े बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए 6 केंद्र पंजीकृत किए गए हैं। इनमें सोलन के कोटलानाला स्थित आरंभ अकादमी, एसपिरेंट अकादमी, सृजन आईएएस अकादमी सोलन आदि हैं। डीसी ने बच्चों को तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर व अपनी प्रतिभा के अनुसार मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना से ऋण लेकर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने सुखाश्रय योजना से जुड़े बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा देकर अभिभावक के रूप में अपनाया है। इस योजना के तहत 101 करोड़ का मुख्यमंत्री सुखाश्रय कोष गठित किया गया है। मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत लाभार्थी बच्चों को पढ़ाई के खर्च के अलावा, जेब खर्च के लिए 4 हजार प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं।

**खनन** लोनिवि ने पुल के बचाव को लगाया टेंडर, लेकिन लाखों रुपए कमाने के लालच में गिरने की कगार पर पुल

# सरसा नदी के पुल की मरम्मत की एवज में हो रही अवैध माइनिंग

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ में अवैध माइनिंग का काम जोरों से चला हुआ है, अब सरकारी काम के टेंडर की एवज में खनन माफिया द्वारा नदियों को छलनी कर अवैध रूप से लाखों रुपए का खनिज पंजाब के क्रेशरों में बेचा जा रहा है। ताजा मामला नालागढ़-घनौली सड़क मार्ग पर बने जगातखाना पुल में सामने आया है।

यहां इन दिनों सरसा नदी पर बने जगातखाना पुल की मरम्मत का कार्य चल रहा है। इस पुल के नीचे से 100 मीटर के दायरे की मिट्टी बह जाने से पुल के तीन स्पैम खतरे की जद में आ गए हैं। इसके चलते लोक निर्माण विभाग ने इस पुल की मरम्मत के लिए ठेकेदार को 35 लाख रुपए का टेंडर जारी किया है, जिसमें नदी का रूख दूसरी तरफ बदलने व स्पैम के नीचे के एरिया में मिट्टी का भरान व कवर करना शामिल है, लेकिन ठेकेदार सरकारी टेंडर की एवज में खुदाई के दौरान निकलने वाली खनन सामग्री को उठाकर लाखों की कमाई करने में जुट गए हैं और यह काम पिछले दो माह से निरंतर चल रहा है।

इसका खुलासा सीसीटीवी फुटेज में हुआ है, जिसमें सरेआम सरसा नदी से खनिज से भरे टिप्पर ढेरोवाल मार्ग से होकर बाहर क्रेशरों पर पहुंचता नजर आ रहा है। प्रशासन, पुलिस व माइनिंग विभाग आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर पाया है। लोनिवि विभाग के अनुसार नदी का खनिज बाहर बेचने की अनुमति नहीं दी गई है। जिला माइनिंग अधिकारी हरविंद्र सिंह ने बताया कि सरसा नदी से खनिज चोरी करने का मामला संज्ञान में नहीं है, अगर सरकारी काम की एवज में खनिज चोरी कर बाहर बेचा जा रहा है, तो तुरंत प्रभाव से कार्रवाई होगी।





पुल के किनारे पड़े कई-कई फुट के गड्ढे (दाएं) टिप्पर अवैध रूप से खनिज लेकर जाते हुए का सीसीटीवी फुटेज।

### रोजाना 25 से 30 टिप्पर हो रहे सप्लाई

**सरसा** नदी के पुल की मरम्मत की एवज में हो रही अवैध माइनिंग का खेल सरेआम चल रहा है। सरसा नदी का खनिज चोरी कर क्रेशरों पर बेचा जा रहा है और रोजाना 25 से 30 बड़े टिप्पर निकालकर क्रेशरों को माल बेचा जा रहा है। इस अवैध खनन से सरकार को लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो रहा है और वहीं पर्यावरण को भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### कभी भी गिर सकता है पुल : बालकृष्ण


**हिम** परिवेश संस्था के महासचिव बालकृष्ण शर्मा का कहना है कि सरसा नदी के जगातखाना पुल के नीचे अवैध माइनिंग सरेआम की जा रही है और शिकायत के बावजूद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह से जगातखाना पुल के नीचे से अवैध माइनिंग होती रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब ये पुल आपदा की भेंट चढ़ जाएगा।

### खनिज बेचने की नहीं कोई अनुमति : एसडीओ

**लोक** निर्माण विभाग नालागढ़ के एसडीओ राज कुमार का कहना है कि लोक निर्माण विभाग ने पिछली बरसातों से पहले जगातखाना पुल की मरम्मत का टेंडर जारी किया था। आगामी मार्च माह तक इस पुल की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यहां पुल के नीचे एक ही तरफ पानी बहने से दो स्पैम की मिट्टी पूरी तरह बह गई थी। इसके बाद अब 35 लाख का टेंडर इसकी मरम्मत के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि नदी का खनिज बेचने की किसी को अनुमति नहीं दी गई है।

### मामले की होगी जांच : एसडीएम

कार्यकारी एसडीएम नालागढ़ प्रिया नागटा का कहना है कि अगर सरकारी काम की एवज में अवैध माइनिंग हो रही है, तो उसे बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच करवाई जाएगी।




# पार्टी प्रमुख के पद से सुखबीर बादल का इस्तीफा स्वीकार

**एजेंसी, चंडीगढ़**

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की कार्यसमिति ने शुक्रवार को पार्टी प्रमुख के पद से सुखबीर सिंह बादल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी। एक महीने पहले अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने बादल के त्यागपत्र को स्वीकार करने के निर्देश का हवाला देते हुए शिअद से दो दिसंबर के आदेश को जल्द से जल्द लागू करने को कहा था। पार्टी नेताओं ने बताया कि यहां पार्टी मुख्यालय में हुई कार्यसमिति की बैठक में बादल का इस्तीफा स्वीकार किया गया। नया अध्यक्ष चुने जाने तक बलविंदर सिंह भूंदर पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष बने रहेंगे।

अपना इस्तीफा स्वीकार कर लिए जाने के बाद बादल ने संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।



बादल ने पिछले साल 16 नवंबर को पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन पार्टी की कार्यसमिति ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था। कार्यसमिति ने उनसे अपने इस्तीफे पर पुनर्विचार करने की अपील करते हुए कहा था कि यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो पूरी समिति सामूहिक रूप से इस्तीफा दे देगी।

अकाल तख्त ने दो दिसंबर को 2007 से 2017 तक पंजाब में शिअद और उसकी सरकार द्वारा की गई 'गलतियों' के लिए बादल एवं अन्य नेताओं को धार्मिक सजा सुनायी थी तथा शिअद की कार्यसमिति को पार्टी प्रमुख के रूप में बादल एवं अन्य नेताओं के इस्तीफे को स्वीकार करने का भी निर्देश दिया था। पिछले साल 30 अगस्त को सिखों की सर्वोच्च धार्मिक पीठ अकाल तख्त ने बादल को 'तनखैया' (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किया था। अकाल तख्त ने उन्हे धार्मिक सजा भी सुनायी थी।

### ज्ञानी रघबीर सिंह ने लगाई थी फटकार

बता दें कि 2 दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब जी ने शिरोमणि अकाली दल कार्यसमिति को सुखबीर बादल का इस्तीफा स्वीकार करने के आदेश जारी किए थे। अब 42 दिन बाद अकाली दल ने उन आदेशों पर कार्रवाई करते हुए बैठक बुलाई और सुखबीर बादल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। पिछले दिनों सुखबीर सिंह बादल के इस्तीफे पर कोई फैसला न होने के बाद श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल के नेताओं को फटकार लगाई थी।

## सेमिनार में टैक्सेशन विभाग और सीए हुए आमने-सामने

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चार्टेड अकाउंटेंट्स (सीए) के सर्वोच्च संघ दी इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आईसीएआई) ने अपने सेक्टर 35 स्थित सीए भवन परिसर में शुक्रवार को आंकलन वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न में विदेशी संपत्तियों और विदेशी आय की रिपोर्टिंग पर अधारित एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में चंडीगढ़ ट्राईसिटी के करीब 200 सीए ने भाग लिया, जिन्होंनें टैक्सेशन विभाग से बहूमूल्य जानकारियां प्राप्त की।

टैक्सेशन डिपार्टमेंट के ऐडिशनल डायरेक्टर इनवेस्टिगेशन ललित मोहन जिंदल ने राजस्व विभाग की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विभाग का काम राजस्व एकत्र करना है, लेकिन इस तरह से कि भुगतानकर्ता पर कोई दबाव न पड़े। चंडीगढ़ स्थित फोरेन एसेट्स इनवेस्टिगेशन यूनिट में ज्वाईट डायरेक्टर आफ इंकम टेक्स (इनवेस्टिगेशन) प्रियंका आहुजा ने कहा कि यदि टेक्स पेयर अपने इरादे साबित कर सकता है तो विभाग वास्तविक मामलों में नरम रुख अपना रहा है।

# ट्रायल सफल, श्रीनगर के लिए सीधी ट्रेन सेवा होगी शुरू

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

रेल कनेक्टिविटी के हिसाब से 2025 जम्मू-कश्मीर के लिए बड़ा साल साबित होगा। पहले जम्मू रेलवे डिवीजन का तोहफे के बाद अब कश्मीर के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने जा रही है। कटड़ा-बनिहाल रेल खंड पर ट्रेन का सफल अंतिम स्पीड ट्रायल पूरा होने के बाद रेल सुरक्षा आयुक्त ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला (यूएसबीआरएल) रेल लिंक परियोजना से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की और परियोजना में कुछ छोटे बदलाव करने व जरूरी दस्तावेजों भी मांगे।

रेलवे कटड़ा-बनिहाल के बीच 111 किलोमीटर लंबे रेल खंड की चुनौती बीते आठ साल में हासिल की है। ऐसे तो इस परियोजना की शुरुआत 1995-96 में हुई थी, लेकिन इसमें मुख्य कार्य 2015-16 के बाद ही शुरू हुआ था। रेलवे ने आठ साल में इस परियोजना को पूरा किया है और अब श्रीनगर के लिए सीधी ट्रेन शुरू होगी। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने कटड़ा-बनिहाल रेल खंड का तीन दिनों तक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचे के निरीक्षण के



साथ-साथ ट्रेन के स्पीड ट्रायल भी देखा। सफल स्पीड ट्रायल के बाद वीरवार को सीआरएस ने अधिकारियों के साथ कई घंटों तक बैठक की। इसमें ट्रेन परिचालन पर चर्चा हुई। यूएसबीआरएल के सीईओ संदीप गुप्ता ने कहा कि सीआरएस ने परियोजना के तहत हुए कार्य की प्रशंसा की है। इससे जुड़े कुछ जरूरी दस्तावेज लिए और कुछ अतिरिक्त दस्तावेजों की भी मांग की है।

हमें मिले लक्ष्य को हमने पूरा किया है अब सरकार जब चाहे ट्रेन परिचालन को हरी झंडी दिखा सकती है। यूएसबीआरएल परियोजना चुनौती से कम नहीं थी। परियोजना पर कुल 43000 करोड़ की लागत हुई है, जिसमें 33,000 करोड़ सिर्फ कटड़ा- बनिहाल रेल खंड पर आया है। बनिहाल-कटड़ा खंड का निर्माण कार्य इंजीनियरिंग का एक अद्भुत नमूना है। (अनंत ज्ञान)

# पंजाब, हरियाणा में घने कोहरे के कारण दृश्यता घटी

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब और हरियाणा के कई इलाकों में शुक्रवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी घट गई। दोनों राज्यों में सर्दी का सितम जारी है। पंजाब का फाजिल्का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, घने कोहरे के कारण अमृतसर में दृश्यता शून्य रही। लुधियाना, पटियाला, चंडीगढ़, अंबाला, हिसार और करनाल में भी कोहरा छाया रहा। पंजाब के अमृतसर में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री और पटियाला में 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा। लुधियाना में यह 5.4 डिग्री,



पठानकोट में 4.2 डिग्री, बठिंडा, में 5.4 डिग्री और फरीदकोट तथा गुरदासपुर जिलों में पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में अंबाला का न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रहा। नारनौल में न्यूनतम तापमान तीन डिग्री, हिसार में चार डिग्री, करनाल तथा सिरसा में पांच डिग्री और रोहतक में 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम, 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## कृषि विपणन पर केंद्र की मसौदा नीति खारिज

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने कृषि विपणन पर केंद्र की मसौदा नीति को औपचारिक रूप से खारिज कर दिया है और कहा है कि यह किसानों के एक साल के लंबे विरोध के बाद 2021 में निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों के ''विवादास्पद'' प्रावधानों को वापस लाने का एक प्रयास है। राज्य सरकार ने कहा कि चूंकि कृषि विपणन राज्य का विषय है, इसलिए केंद्र सरकार को ऐसी कोई नीति नहीं बनानी चाहिए तथा उसे यह राज्य के विवेक पर छोड़ना चाहिए कि वह अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इस मामले में उपयुक्त नीतियां तैयार करे। केंद्र ने पिछले वर्ष कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति मसौदा राज्य सरकार के साथ साझा किया था।

# 40 हजार एकड़ में फैली कैलिफोर्निया की आग

### 10 हजार इमारतें तबाह, 30 हजार घरों को नुकसान, 10 मौतें

**एजेंसी, लॉस एंजिलिस**

अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में लॉस एंजिलिस के चारों तरफ लगी आग से हुई मौतों का आंकड़ा शुक्रवार को बढ़कर 10 हो गया। यह कैलिफोर्निया में अब तक की सबसे बड़ी आग है।

पिछले 4 दिन से लगी आग लगभग 40 हजार एकड़ में फैली हुई है। 29 हजार एकड़ का इलाका पूरी तरह जल चुका है। आग से करीब 10 हजार इमारतें तबाह हो चुकी हैं, जबकि 30 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है।

करीब 50 हजार लोगों को तुरंत घर खाली करने को कहा गया है। करीब 3 लाख लोगों को सुरक्षित



जगह जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने शनिवार तक आग के और फैलने की चेतावनी दी है। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ (जिला सीईओ के समान) रॉबर्ट लूना ने कहा कि आग देखकर ऐसा लग रहा है जैसे इन इलाकों में परमाणु बम गिराया गया हो।

## कुपवाड़ा में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के एक वन क्षेत्र से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उत्तरी कश्मीर जिले के क्रालपोरा इलाके के ती पी वनक्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया।

उन्होंने बताया कि तीन दिन तक चले व्यापक तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियारों व गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसमें एक पिस्तौल, एक मैगजीन, आठ कारतूस, पांच हथगोले और एके-47 के 270 कारतूस शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 346 खाली वेंडिंग साइट्स को आवंटित किया



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ।** चंडीगढ़ नगर निगम ने पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को खाली वेंडिंग साइट्स आवंटित करने के लिए लॉटरी का आयोजन किया। यह आयोजन चंडीगढ़ के सेक्टर 17 में एमसीसी कार्यालय परिसर में 11:30 से 3 बजे तक आयोजित किया गया। इस प्रतिख्रया में कुल 346 स्ट्रीट वेंडर्स ने हिस्सा लिया, जिन्होंने अपना बकाया चुका दिया था। लॉटरी का आयोजन एमसीसी के संयुक्त आयुक्त की देखरेख में किया गया, जिसमें पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) के सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति थी। इस प्रक्रिया के दौरान, सभी 346 खाली वेंडिंग साइट्स को पात्र वेंडर्स को सफलतापूर्वक आवंटित किया गया। यह आयोजन स्ट्रीट वेंडर्स का समर्थन करने और शहर के भीतर संगठित वेंडिंग को बढ़ावा देने के एमसीसी के प्रयासों में एक और कदम है। (अनंत ज्ञान)

### चंपावत में बाघ मृत मिला, पंजे से नाखून गायब

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में एक बाघ को मार कर शिकारी उसके पंजे के नाखून चुरा ले गए। घटना के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया और प्रदेश के सभी वन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई। कुमाऊं मंडल के मुख्य वन संरक्षक धीरज पांडे ने बताया कि घटना चंपावत जिले में हुई जहां पांच वर्ष के एक बाघ को मार कर उसके नाखून शिकारी चुरा ले गए। घटना के बाद अपर प्रमुख वन संरक्षक (वन्य जीव) विवेक पाण्डे ने एक परामर्श जारी कर उत्तराखंड के समस्त वन प्रभागों को वन क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने को कहा है।

### मोदी सरकार ने राज्यों को बांटे 1.73 लाख करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्य सरकारों को विकास की रफ्तार बढ़ाने और कल्याणकारी गतिविधियों के तेज करने के लिए शुक्रवार को 1.73 लाख करोड़ रुपए का टैक्स कलैक्शन ट्रांसफर कर दिया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और उनके विकास एवं कल्याणकारी गतिविधियों संबंधी व्यय के वित्तपोषण में सक्षम बनाने के लिए इस महीने टैक्स कलैक्शन की अधिक राशि ट्रांसफर की है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को 1,73,030 करोड़ रुपए का टैक्स ट्रांसफर जारी किया है जबकि दिसंबर, 2024 में 89,086 करोड़ रुपए का टैक्स ट्रांसफर किया गया था. वर्तमान में केंद्र द्वारा एकत्र किए गए करों का 41 प्रतिशत हिस्सा वित्त वर्ष के दौरान राज्यों के बीच कई किस्तों में ट्रांसफर किया जाता है।

### गाजा में बरामद शव 23 वर्षीय बंधक हमजा का

**एजेंसी, यरूशलम।** इजराइल की सेना ने शुक्रवार को पुष्टि की कि गाजा में इस हफ्ते की शुरुआत में बरामद शवों में से एक 23 वर्षीय बंधक हमजा अलजायदनी का था। सेना के मुताबिक, हमजा का शव उसके पिता योसेफ अलजायदनी के शव के साथ बरामद हुआ, जिन्हें हमास के आतंकवादियों ने लगभग 15 महीने पहले इजराइल में किए गए हमलों के दौरान अगवा कर लिया था। सेना ने बताया कि योसेफ के शव की तत्काल पहचान कर ली गई थी, जबकि उसके बेटे के शव को शिनाख्त के लिए भेजा गया था। इजराइल और हमास हाल के हफ्तों में संघर्ष-विराम और बंधकों की रिहाई को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर के करीब पहुंचते दिख रहे हैं। फलस्तीनी पक्ष और कैद में मारे गए बंधकों के परिजन इजराइल सरकार और विश्व नेताओं से संघर्ष-विराम समझौते पर जल्द से जल्द सहमति बनाने की अपील कर रहे हैं।

### जापान ने रूस पर लगाए नए प्रतिबंध

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान ने यूक्रेन के विरुद्ध युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ शुक्रवार को अतिरिक्त प्रतिबंधों को मंजूरी दे दी, जिनमें दर्जनों व्यक्तियों और समूहों की संपत्तियों पर रोक लगाना शामिल है। इसके साथ ही रूस एवं कई अन्य देशों के दर्जनों संगठनों को निर्यात किए जाने पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। यह प्रतिबंध रूस को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों से बचने में उसकी मदद करने वालों पर लगाए गए हैं। मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने शुक्रवार को कैबिनेट को बताया कि अतिरिक्त प्रतिबंध यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण उसके खिलाफ प्रतिबंधों को मजबूत करने के 'जी-7' के प्रयास के प्रति जापान की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। जापान ने पहले भी कई बार प्रतिबंध लगाए हैं और नवीनतम कदम प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा द्वारा दिसंबर के मध्य में 'जी-7' ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में देश की नीति की पुष्टि करने के एक महीने बाद उठाया गया है।



### कोहरे में दिल्ली हाईवे पर सात वाहनों की टक्कर

**एजेंसी, हापुड़ (उप्र)।** हापुड़ जिले के बाबूगढ़ थाना इलाके में शुक्रवार सुबह घने कोहरे के कारण दिल्ली हाईवे पर करीब सात वाहनों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, हापुड़ के बाबूगढ़ इलाके में मुरादाबाद से दिल्ली जा रही एक कार ने अपने आगे चल रही एक अन्य कार को टक्कर मार दी, जिससे कार चालक इमरान और उसकी पत्नी हिना घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तीसरे घायल व्यक्ति की पहचान फहीम के रूप में हुई है, जो अन्य लोगों के साथ एक दूसरे वाहन में यात्रा कर रहा था। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।



### द. कोरिया के राष्ट्रपति के सुरक्षा प्रमुख का इस्तीफा स्वीकार

**एजेंसी, सियोल।** दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने शुक्रवार को राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के प्रमुख पार्क जोंग-जून का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। जोंग से पुलिस इस बारे में पूछताछ कर रही है कि महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक येओल को पिछले सप्ताह हिरासत में लेने के सुरक्षा अधिकारियों के प्रयासों को उनके सुरक्षा बलों क्यों रोका। कार्यवाहक राष्ट्रपति एवं उपप्रधानमंत्री चोई सांग-मोक ने भी यून को हिरासत में लेने के प्रयासों को लेकर कानून प्रवर्तन अधिकारियों और राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के बीच झड़पों पर खेद जताया और इस संबंध में स्वतंत्र जांच शुरू करने के लिए सांसदों से एक समझौते पर पहुंचने का आह्वान किया।

# रेहड़ी-पटरी वालों ने फारूक अब्दुल्ला के आवास के बाहर किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जम्मू**

जम्मू में रेहड़ी-पटरी वालों और दुकानदारों ने शुक्रवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के आवास के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया और जम्मू नगर निगम (जेएमसी) द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान का विरोध किया।

सड़कों और गलियों पर रेहड़ी-पटरी वालों और दुकानदारों द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए अतिक्रमण के कारण जेएमसी ने पुलिस के साथ मिलकर जम्मू में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया, जिसका विक्रेताओं ने विरोध किया। अतिक्रमण के कारण बुरी तरह जाम लग गया और भीड़भाड़ की स्थिति पैदा हो गई है।

**कपड़े बेचने वाले विक्रेता अपने सामान की जब्ती से थे नाराज**

सर्दियों के कपड़े बेचने वाले विक्रेता इस अभियान और अपने सामान की जब्ती से नाराज थे। इन विक्रेताओं में अधिकतर कश्मीर घाटी के थे। वे भटिंडी में अब्दुल्ला के आवास पर एकत्र हुए और प्रशासन तथा जेएमसी के खिलाफ नारे लगाते हुए उन्होंने अभियान को तत्काल रोकने की मांग की। बाद में अब्दुल्ला ने कुछ प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की और उन्हें सलाह दी कि वे अपना कारोबार करते समय यातायात में बाधा उत्पन्न करने से बचें।

## देश-विदेश

### नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला आज आएंगी पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई मुस्लिम समुदायों में लड़कियों की शिक्षा पर होने जा रहे एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए सप्ताहांत में पाकिस्तान जाएंगी। मलाला 11-12 जनवरी को होने वाले दो दिवसीय सम्मेलन में मुख्य वक्ताओं में से एक होंगी। अक्तूबर 2012 में जीवन रक्षक उपचार के लिए ब्रिटेन जाने के बाद से मलाला की यह पाकिस्तान की तीसरी यात्रा होगी। वह अपने ऊपर हुए हमले के बाद पहली बार अक्तूबर 2022 में अपने गृहनगर जाने के लिए पाकिस्तान आई थीं।



# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5 .69 अरब डॉलर घटकर 634 .58 अरब डॉलर पर

**एजेंसी, मुंबई**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन जनवरी को समाप्त सप्ताह में 5.69 अरब डॉलर घटकर 634.58 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि इससे पिछले सप्ताह में यह 4.11 अरब अमेरिकी डॉलर घटकर 640.28 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, तीन जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.44 अरब डॉलर घटकर 545.48 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 82.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 67.09 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.8 करोड़ डॉलर घटकर 17.81 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार घटकर 4.199 अरब डॉलर हो गया।

# रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार ईडी अधिकारी को रिहा करने का आदेश

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई की एक विशेष अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी को 50,000 रुपए के निजी मुचलके पर तत्काल रिहा करने का आदेश दिया और इस संबंध में की गई कार्रवाई में कई बड़ी मौलिक खामियों को रेखांकित किया।

विशेष न्यायाधीश बीवाई फड ने ईडी की शिमला इकाई के सहायक निदेशक विशाल दीप की



'ट्रांजिट रिमांड' के अनुरोध वाली सीबीआई की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उन पर लगाए गए आरोप 'साबित नहीं किए जा सके हैं।' सीबीआई की चंडीगढ़ इकाई ने ईडी की जांच से उपजे भ्रष्टाचार के मामले में दीप को मुंबई से गिरफ्तार किया था।

# 'फर्जी' मतदाता पंजीकरण को लेकर भाजपा का 'आप' के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भाजपा की दिल्ली इकाई ने विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में उत्तर प्रदेश और बिहार से मतदाताओं के 'फर्जी' पंजीकरण के दावे के संबंध में अरविंद केजरीवाल की टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

सैकड़ों प्रदर्शनकारियों को आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाते देखा गया, जिनमें से कुछ ने केजरीवाल के आवास के पास सुरक्षा अवरोधक पार करने का प्रयास भी किया। प्रदर्शन के दौरान 'लिट्टी चोखा



खाएंगे, केजरीवाल भगाएंगे', 'छठी मैया की जय' और 'पूर्वांचल विरोधी केजरीवाल मुर्दाबाद' जैसे नारे गूंजे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, ''पूर्वांचलियों को फर्जी मतदाता कहा गया है। जब तक हम केजरीवाल को यहां से नहीं हटाएंगे, तब तक यह गुस्सा शांत नहीं होगा।'' उन्होंने हमें अपमानित किया है। अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान उन्होंने हमारा इस्तेमाल किया और हमें पुलिस की लाठियां खाने पर मजबूर किया और अब, वे हमें फर्जी मतदाता कह रहे हैं।''

प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा अवरोधक को पार करने की कोशिश की और केजरीवाल के आवास के निकट पहुंच गए। हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने और उन्हें तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बिना वैध अनुमति के प्रदर्शन करने के आरोप में 20 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया।

## बाजार

### कंपनियों के तिमाही नतीजे सुस्त, कारोबारी धारणा रही कमजोर

# सेंसेक्स 241 अंक फिसला, निफ्टी भी लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**

वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को गिरावट रही। निवेशकों के नए जोखिम से परहेज करने के कारण सेंसेक्स 241 अंक गिर गया, जबकि निफ्टी 23,500 के स्तर से नीचे आ गया।



विश्लेषकों के मुताबिक, आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंताएं बढ़ने और कंपनियों के तिमाही नतीजे सुस्त रहने के कारण कारोबारी धारणा कमजोर रही। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर सूचकांक की मजबूती के अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी ने भी इसमें योगदान दिया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 241.30 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 77,378.91 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 77,919.70 के ऊपरी और 77,099.55 के निचले स्तर तक भी गया। इस तरह दिन में 820.15 अंकों का उतार-चढ़ाव देखने को मिला। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 95 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,431.50 पर आ गया। इस तरह निफ्टी 23,500 के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे बंद हुआ।

इस बीच भारतीय बाजारों से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी का सिलसिला जारी है।

# लाल सागर में टैंकर से तेल रिसाव का खतरा टला

**एजेंसी, दुबई**

लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हमले के बाद आग पकड़ने वाले तेल टैंकर से बड़े पैमाने पर रिसाव होने का खतरा टल गया है। एक सुरक्षा कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सोनियन नामक एक जहाज जलमार्ग में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 10 लाख बैरल कच्चा तेल भरा हुआ था। इस पर यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने हमला कर दिया था और बाद में विस्फोटकों से नष्ट कर दिया था। बचावकर्मियों को जहाज को खींचने, आग बुझाने और शेष कच्चे तेल को बाहर निकालने में महीनों लग गए।

हूतियों ने 21 अगस्त को यूनानी ध्वज वाले सोनियन टैंकर पर छोटे हथियारों, 'प्रोजेक्टाइल' और एक ड्रोन बोट से हमला किया था। ऑपरेशन 'एस्पाइड्स' के तहत काम कर रहे एक फ्रांसीसी विध्वंसक जहाज ने सोनियन के चालक दल के 25 फिलिपिनी और रूसी सदस्यों के साथ-साथ चार निजी सुरक्षा कर्मियों को बचा लिया और उन्हें निकटवर्ती जिबूती ले गया। बाद में हूतियों ने एक वीडियो जारी किया जिसमें दिखाया गया कि उन्होंने सोनियन जहाज पर विस्फोटक लगाकर उसे आग के हवाले कर दिया था। हूती विद्रोही पहले भी ऐसा कर चुके हैं।

## स्पोर्ट्स विंडो

### रिया का अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए चयन

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रिया मेहता का चयन अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी चैंपियनशिप में हुआ है। यह चैंपियनशिप 18 से 21 जनवरी तक गुरु काशी विश्वविद्यालय, बठिंडा (पंजाब) में आयोजित की जाएगी। यह उपलब्धि न केवल रिया मेहता के लिए बल्कि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने कहा कि रिया मेहता ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह सफलता अर्जित की है। यह उपलब्धि अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी कि वे खेलों में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने कौशल का विकास करें। (अनंत ज्ञान)

### एमआई केपटाउन ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को 97 रनों से हराया

**गकेबरहा (दक्षिण अफ्रीका)।** डेवाल्ड ब्रेविस के आक्रामक अर्धशतक और डेलानो पोटगिएटर के ऑलराउंड खेल के दम पर एमआई केपटाउन ने दो बार के चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को अपने शुरुआती मैच में 97 रन से करारी शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार आगाज किया। ब्रेविस ने 29 गेंद पर दो चौकों और छह छक्कों की मदद से 57 रन बनाए जबकि पोटगिएटर ने 12 गेंद में नाबाद 25 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे एमआई केप टाउन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 174 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गत चैंपियन सनराइजर्स की टीम 15 ओवर में 77 रन पर आउट हो गई। पोटगिएटर ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया तथा तीन ओवर में 10 रन देकर पांच विकेट लिए।

### अमेरिकी पत्रिका : नीरज चोपड़ा 2024 के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय



खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को विश्व स्तर पर प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका 'ट्रैक एंड फील्ड न्यूज' ने 2024 में भाला फेंक में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट करार दिया है। पिछले साल ओलंपिक खेलों में पाकिस्तान के अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा ने कैलिफोर्निया स्थित पत्रिका की 2024 की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। उन्होंने ग्रेनेडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स को पीछे छोड़ा। नदीम इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं क्योंकि उन्होंने ओलंपिक के अलावा केवल एक अन्य प्रतियोगिता पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लिया था।

### जय शाह को अपनी एसजीएम में सम्मानित करेगा बीसीसीआई

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की राज्य इकाइयां बोर्ड की रविवार को यहां होने वाले विशेष आम बैठक (एसजीएम) से इतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जय शाह को सम्मानित करेंगी। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह पिछले साल अगस्त में निर्विरोध चुने जाने के बाद सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन बने।



**राजकोट वनडे** भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 93 गेंद शेष रहते 6 विकेट से दी मात

# प्रतिका-तेजल की जोड़ी ने दिलाई जीत

**एजेंसी, राजकोट**

भारतीय महिला टीम ने युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (89 रन) और तेजल हसाबनिस (नाबाद 53 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां शुरुआती महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में कम अनुभवी आयरलैंड को 93 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त देकर सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल की।

'प्लेयर ऑफ द मैच' रहीं प्रतिका ने अपने अनुभव से अधिक परिपक्व खेल दिखाया जबकि तेजल ने यादगार वापसी करते हुए पचासा जड़ा। तेजल ने अंतिम वनडे अक्तूबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था। प्रतिका और तेजल ने 84 गेंद में 116 रन की भागीदारी की जो जीत में अहम साबित हुई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए कप्तान स्मृति मंधाना (41 रन) और प्रतिका ने अच्छी शुरूआत की। प्रतिका की 10 चौके और एक छक्के जड़ित 96 गेंद की पारी और अंत में तेजल की 46 गेंद (नौ चौके) की नाबाद पारी से भारत ने 34.3 ओवर में चार विकेट पर 241 रन बनाकर आराम से जीत हासिल कर ली।




मंधाना ने वेस्टइंडीज सीरीज की शानदार फॉर्म जारी रखते हुए तेजी से रन जुटाए। इस दौरान वह वनडे में 4,000 रन पूरे करने वाली दूसरी भारतीय और कुल 15वीं खिलाड़ी बन गईं।

इससे पहले आयरलैंड ने भारतीय टीम के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए कप्तान गैबी लुईस की 92 रन की शानदार पारी और उनकी लियाह पॉल (59 रन) के साथ 117 रन की साझेदारी से सात विकेट पर 238 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड की टीम 14वें ओवर में 56 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी, लेकिन लुईस और लियाह के बीच पांचवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की मदद से टीम अच्छा स्कोर बनाने में कामयाब रही।

तीन कैच छूटने और कुछ बेकार क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए लुईस और लियाह की जोड़ी ने भारत के खिलाफ टीम की पहली शतकीय साझेदारी बनाई।

## युवराज सिंह का करियर विराट कोहली ने किया खत्म : उथप्पा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कैंसर को मात देकर टीम में वापसी करने वाले युवराज सिंह के अंतरराष्ट्रीय करियर को जल्दी समाप्त करने के लिए परोक्ष रूप से विराट कोहली को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिटनेस में कुछ रियायत देने के आग्रह को तत्कालीन भारतीय कप्तान ने नामंजूर कर दिया था।

सफेद गेंद वाले क्रिकेट में भारत के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक युवराज ने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम को टी-20 और वनडे विश्व कप में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वनडे विश्व कप 2011 की खिताबी जीत के बाद उन्हें कैंसर का पता चला, जिसका उन्होंने अमेरिका में इलाज कराया।

युवराज ने कैंसर से उबरकर भारतीय टीम में वापसी की और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे मैच में शतक भी लगाया, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में लचर प्रदर्शन करने के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया और फिर उन्होंने 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उथप्पा ने कहा, ''युवी पा (युवराज सिंह) का उदाहरण लें। उस व्यक्ति ने कैंसर को हरा दिया और वह अंतरराष्ट्र्ट्रीय टीम में वापस आने की कोशिश कर रहा था। उथप्पा ने खुलासा किया कि युवराज ने फिटनेस टेस्ट में अंक कटौती की मांग की थी, लेकिन टीम प्रबंधन ने उन्हें कोई रियायत देने से इनकार कर दिया। हालांकि इससे पहले उन्होंने टीम में शामिल होने के लिए फिटनेस टेस्ट पास किया था।

उन्होंने कहा, '' जब युवी ने दो अंक की कटौती के लिए अनुरोध किया, तो उन्हें यह नहीं मिला। वह फिटनेस टेस्ट पास करके टीम में आए थे, लेकिन एक टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें बाहर कर दिया गया और फिर उनकी तरफ कभी गौर नहीं किया गया। विराट तब कप्तान थे जो कुछ हुआ उनके अनुसार हुआ।''

उथप्पा ने कोहली की नेतृत्व शैली के बारे में कहा कि वह 'माई वे और द हाइवे' (सब कुछ उनकी मर्जी के अनुसार होना) तरह के कप्तान थे। उन्होंने कहा, ''मैं विराट की कप्तानी में बहुत अधिक नहीं खेला हूं, लेकिन एक कप्तान के रूप में वह माई वे या हाइवे तरह के कप्तान थे।

## वरुण आरोन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** चोटों से परेशान भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया, जब उनकी टीम झारखंड का विजय हजारे ट्रॉफी में अभियान समाप्त हो गया। पैंतीस वर्ष के आरोन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण 2011 में किया था। उन्होंने भारत के लिए नौ टेस्ट और नौ वनडे खेले। उन्होंने पिछले साल लाल गेंद के क्रिकेट से विदा ले ली थी।



आरोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'' पिछले 20 साल से मैं तेज गेंदबाजी को समर्पित रहा हूं। इतने साल में मैने करियर के लिए खतरा बनी अनेक चोटों से उबरने में शारीरिक और मानसिक तौर पर काफी मेहनत की, बार-बार वापसी की और इसके लिऐ मैं अपने फिजियो, ट्रेनर और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के कोचों को धन्यवाद देता हूं।''

## स्टार फुटबाल ट्रॉफी का अंबोटा में आगाज

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

रोमांच व जोश से भरपूर जिला ऊना की प्रतिष्ठित स्टार फुटबाल ट्रॉफी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोटा के खेल मैदान में विधिवत आगाज हो गया। स्टार फुटबाल ट्रॉफी को मिनी संतोष ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है। स्टार फुटबाल ट्रॉफी का यह 51वां संस्करण है, जिसमें प्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों की करीब 18 टीमें भाग ले रही हैं।



इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का विधिवत आगाज पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने किया। स्टार फुटबाल ट्रॉफी के पहले ही दिन सांसे रोक देने वाले कई रोमांचक मुकाबलों का लुत्फ उठाने का मौका दर्शकों को मिला। पहला मुकाबला वाईएफसी दौलतपुर चौक व एएफसी अंबोटा के बीच खेला गया। मैच के पहले ही हॉफ में वाईएफसी दौलतपुर चौक ने एक गोल दाग कर बढ़त बना ली, हालांकि दोनों टीमें गोल दागने के लिए मैच के अंतिम क्षण तक जोर आजमाइश करती रहीं लेकिन कोई भी टीम आखिरी समय तक गोल नहीं दाग सकी। ऐसे में वाईएफसी दौलतपुर चौक 1-0 से मैच जीतने में कामयाब रही। दूसरा मुकाबला सेवन स्ट्राइकर बी व चतेहर क्लब के बीच खेला गया। जिसमें सेवन स्ट्राइकर बी ने 3-0 से मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। वाईएफसी खड्डु व व्हाइट पंजावर में हुए रोमांचक मुकाबले में वाईएफसी खड्डु 1-0 से मैच पर कब्जा जमाकर अगले दौर में प्रवेश कर गया।

पहले दिन का सबसे बेहतरीन मुकाबला बेनको क्लब व ईसपुर क्लब के बीच देखने को मिला। बेनको क्लब ने 3-0 से मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

## खो-खो विश्वकप में देवदत्त अनुशासन समिति में नियुक्त

**अनंत ज्ञान, सोलन।** खो-खो विश्व कप के लिए अर्की के देवीदत्त तनवर को अनुशासन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया।



खो-खो के पहले विश्व कप का आयोजन 13 जनवरी से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में होगा, जिसमें 24 देशों के 800 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

खो खो-फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एम एस त्यागी ने यह जानकारी दी।

